फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 मार्च 2024
वर्ष-34, अंक 43, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा 16

रिंकू और काजोल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवे 15

एक नजर

आयोग ने स्थगित की पीसीएस प्री परीक्षा

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को होने वाली पीसीएस प्री परीक्षा को स्थगित कर दिया है। परीक्षा अब लोकसभा चुनाव के बाद होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा जुलाई माह में संभावित है। गौरतलब है कि परीक्षा का विज्ञापन एक जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इसमें 220 पदों के लिए 5,74,538 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

दिल्ली विवि के कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रामलाल आनंद कॉलेज को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद वहां दहशत फैल गई। दरअसल, कॉलेज के एक कर्मचारी के फोन पर बम होने की धमकी वाला संदेश आया था। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा कि कर्मचारियों को सुबह 9:34 बजे व्हाट्सएप पर बम होने की धमकी वाला संदेश मिला था। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के तुरंत बाद ही पुलिस की टीम एक एम्बुलेंस, बम निरोधक दस्ते और बम का पता लगाने वाले दल के साथ कॉलेज पहुंचीं और उसके बाद छात्रों और कर्मचारियों को वहां से बाहर निकाला गया। अधिकारी ने बताया कि कॉलेज में तलाश और जांच जारी है।

कार्यवाही टालने के लिए हथकंडे अपना रहे आरोपी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक स्थानीय अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी के कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले के आरोपी कार्यवाही टालने के हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी ने हिरासत की अवधि के दौरान पूछताछ की कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सहित सीसीटीवी फुटेज की एक प्रति सौंपे जाने को लेकर आरोपियों की अर्जी का विरोध करते हुए यह बात कही।

केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढोतरी करने का गुरुवार को निर्णय लिया जिसका लाभ करीब 50 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई भत्ता पहले से 46 प्रतिशत है और अब इस बढ़ोत्तरी से यह 50 प्रतिशत हो गया है। इसके मद्देनजर अब आवास भत्ते के साथ ही ग्रेच्युटी आदि में भी बढ़ोत्तरी होगी। अब आवास भत्ता नौ प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत, 18 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत और 27 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाएगा। इसके साथ ही ग्रेच्युटी की ऊपरी सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी से सरकार पर 12868.72 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

कैबिनेट के फैसले

- इस बढ़ोत्तरी के बाद 50 प्रतिशत मिलेगा भत्ता
- 50 लाख कर्मियों 67.95 लाख पेंशनरों को लाभ

उज्ज्वला योजना पर जारी रहेगी 300 रु.सब्सिडी

सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 300 रुपए की सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। योजना के तहत लाभार्थियों को हर साल 12 रिफिल तक प्रदान की जाने वाली 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी गई है।

छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फांसी की सजा

सोना खरीदने वाले सर्राफ को उम्रकैद, सुरेश शर्मा नगर में 10 साल पहले हुई थी घटना

विधि संवाददाता, बरेली

- आयकर इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान कर दी गई थी भाई-भाभी व मां की हत्या
- चार मार्च को ही अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार देकर भेज दिया था जेल
- शाहजहांपुर के चौक मोहल्ले का है सर्राफ, पांच लाख रुपये का जुर्माना भी डाला

अमृत विचार : सुरेश शर्मा नगर में आयकर विभाग के इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान उनके भाई-भाभी और मां की हत्या कर देने वाले छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई।

इनमें दो महिलाएं हैं। लूटा गया सोना खरीदने वाले शाहजहांपुर के सुनार राजू वर्मा को उम्रकैद के साथ पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा दी गई है। अदालत ने इन सभी को चार मार्च को दोषसिद्ध होने के बाद जेल भेज दिया था। शहर को दहला देने वाली यह वारदात सन् 2014 में 22/23 अप्रैल की रात आयकर इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा के घर में हुई थी जिनकी तैनाती पीलीभीत में थी। पुलिस की विवेचना में सामने आए तथ्यों के मुताबिक छैमार गैंग के लोग पड़ोस के निर्माणाधीन मकान से होते हुए रविकांत के घर की छत पर चढ़े थे। सब्बल के जरिए खिड़की की ग्रिल निकालने बाद घर में दाखिल हुए। सबसे पहले उन्होंने सिर पर ईंट मारकर रविकांत की बुजुर्ग मां की हत्या की। इसके बाद भाई-भाभी को भी ईंट से सिर कुचलकर मार दिया। रविकांत मिश्रा की ओर से थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया था कि सुरेश शर्मा नगर स्थित घर से वह 21 अप्रैल 2014 सुबह नौ बजे ड्यूटी पर पीलीभीत गए थे। 23 अप्रैल की सुबह उन्होंने अपने परिजनों को फोन किया तो संपर्क नहीं हो पाया। पड़ोसियों से मेनगेट अंदर से बंद होने की बात पता चलने पर अनहोनी की आशंका हुई तो वह घर आए।

इन्हें फांसी की सजा...: बिथरी चैनपुर के गांव डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, जुल्फाम और फहीम, शेरगढ़ के गांव कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद और संभल के गांव बुकनाला निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस।

बंदिशों के खत्म होने के बाद खुली हवा में सांस ले रहा कश्मीर : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा-अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस ने देश को किया गुमराह

- करोड़ों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में थे। इस दौरान उन्होंने 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह आज खुलकर सांस ले रहा है। जम्मू-कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद की बेड़ियां तोड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू-कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू-कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है।

भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। करीब 5,000 करोड़ रुपये का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं।

कश्मीरी युवा के साथ ली सेल्फी और दोस्त कहा

श्रीनगर। कश्मीरी युवा नाजिम नजीर के लिए गुरुवार को यह सपने सच होने जैसा पल था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल उनके साथ एक सेल्फी ली बल्कि उन्हें अपना 'दोस्त' भी कहा। नजीर ने एक सफल मधुमक्खी पालन इकाई स्थापित की हुई है। वह उन युवाओं में से एक थे जिन्हें बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक रैली के बाद मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला था। प्रधानमंत्री ने बाद में नजीर के साथ ली गई सेल्फी को पोस्ट करते हुए एक ट्वीट भी किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त नजीर के साथ एक यादगार सेल्फी। मैं उनके अच्छे काम से बेहद खुश हूं। जनसभा के बाद उन्होंने एक सेल्फी का अनुरोध किया और मुझे उनसे मिलकर खुशी हुई।

सपा विधायक इरफान सोलंकी के घर समेत छह ठिकानों पर ईडी का छापा

भाई-पिता के अलावा सपा नेत्री नूरी शौकत, हाजी वसी के घर भी छानबीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विधायक के घर से मिले 26 लाख नकद, आय बिना 282 प्रतिशत संपत्ति बढ़ने के साक्ष्य
- टीम इरफान के घर ले गई थी फोटो कॉपी और कटर मशीन तिजोरी, लॉकर काटे गए

अमृत विचार : सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर गुरुवार सुबह 5.30 बजे लखनऊ से आई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की। इरफान के भाई रिजवान सोलंकी, साथी और जमीनों के कारोबार में साझीदार बिल्डर हाजी वसी और सपा नेत्री नूरी शौकत के घरों समेत कुल छह ठिकानों पर छापेमारी की गई। इरफान की आय में बढ़ोत्तरी हुए बिना संपत्ति में 282 प्रतिशत वृद्धि के साक्ष्य मिले हैं। विधायक के घर से 26 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। जबकि बैंक अकाउंट से साढ़े 12 करोड़ रुपये का ब्योरा मिला है। आयकर रिटर्न में उन्होंने छह लाख रुपये की औसत आय दिखाई थी। वसूली, सरकारी और निजी संपत्तियों समेत नजूल की जमीनों पर कब्जा, अवैध निर्माण के साथ ही मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत जांच शुरू की गई है।

सपा विधायक इरफान सोलंकी डिफेंस कालोनी निवासी नजीर फातिमा के प्लॉट पर तोड़फोड़ और आगजनी, फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने, बांग्लादेशी डॉ रिजवान को भारतीय नागरिकता देने समेत कई अन्य मामलों में पिछले एक वर्ष से महराजगंज जेल में बंद हैं। विधायक पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई थी। गुरुवार सुबह एक साथ 40 से ज्यादा गाड़ियों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें शहर पहुंचीं। उनके साथ सीआरपीएफ के जवान थे। आठ से ज्यादा गाड़ियों से ईडी अधिकारी जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित इरफान सोलंकी के घर पहुंचे और दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया। किसी को अंदर-बाहर आने-जाने नहीं दिया गया।

छापेमारी के दौरान आई घर की नौकरानी और दूध वाले को वापस कर दिया गया। आवास पर विधायक के परिजन मौजूद नहीं थे। घर में सिर्फ नौकर थे, जिनसे टीम ने पूछताछ कर छानबीन शुरू की। आवास के सीसीटीवी कनेक्शन काट दिए गए। नौकरों के फोन ले लिए गए। ईडी के सदस्य आवास के भीतर फोटो कॉपी मशीन और कटर मशीन ले गए। कटर मशीन से तिजोरी और लॉकर काटने की चर्चा रही। इरफान सोलंकी के पुराने मकान पेंचबाग में भी छापा मारा गया। ईडी की दूसरी टीम इरफान के पिता स्व. हाजी मुश्ताक सोलंकी और भाई रिजवान सोलंकी के घर पहुंची।

ईडी के सदस्यों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों की तलाशी के साथ ही घर की नापजोख की। इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय की दो अलग-अलग टीमों ने ग्वालटोली स्थित सपा नेत्री नूरी शौकत और नई सड़क दंगे के मास्टरमाइंड हाजी वसी के घर छापेमारी की। हाजी वसी हमराज कंस्ट्रक्शन के निदेशक हैं जिसमें इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी डॉयरेक्टर थीं। इस कंपनी के जरिये करोड़ों का हेरफेर किए जाने का आरोप है। देर शाम तक छह स्थानों पर ईडी की पूछताछ और कार्रवाई जारी थी।

मानव तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में की जा रही थी भारतीयों की तस्करी, 35 मामले आए सामने
- कई राज्यों में 13 स्थानों पर छापेमारी, वीजा कंसल्टेंसी कंपनियों और एजेंटों पर एफआईआर

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक बड़े मानव तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जो विदेश में नौकरी दिलाने की आड़ में भारतीयों को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में ले जाता था। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ऐसे 35 मामले एजेंसी के सामने आए हैं, जिनमें सोशल मीडिया चैनलों, स्थानीय परिचितों और एजेंटों के माध्यम से उच्च वेतन वाली नौकरियों के झूठे वादे का लालच देकर युवाओं को रूस ले जाया गया था। अधिकारियों ने कहा कि पीड़ितों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि तस्करी किए गए भारतीय नागरिकों को युद्ध से संबंधित कामों में प्रशिक्षित किया गया और उनकी इच्छा के विरुद्ध युद्ध क्षेत्र में अग्रिम मोर्चों पर तैनात किया। संघीय एजेंसी ने कुछ वीजा कंसल्टेंसी कंपनियों और एजेंटों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की, जिसके बाद दिल्ली, तिरुवनंतपुरम, मुंबई, अंबाला, चंडीगढ़, मदुरै और चेन्नई में 13 स्थानों पर छापे मारे गए।

प्रवक्ता ने कहा कि इन एजेंट का मानव तस्करी नेटवर्क देश भर के कई राज्यों में फैला हुआ है और वे संगठित तरीके से काम कर रहे हैं। सीबीआई ने दिल्ली में 24x7 आरएएस ओवरसीज फाउंडेशन व इसके निदेशक सुयश मुकुट, मुंबई में ओएसडी ब्रॉस ट्रैवल्स एंड वीजा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड व इसके निदेशक राकेश पांडे, चंडीगढ़ में एडवेंचर वीजा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड व इसके निदेशक मंजीत सिंह और दुबई में स्थित बाबा व्लॉग्स ओवरसीज रिक्रूटमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और इसके निदेशक फैसल अब्दुल मुतालिब खान उर्फ बाबा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

लश्कर सदस्य कासिम को घोषित किया आतंकवादी

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई कई आतंकी हमलों में रहा शामिल

केंद्र. सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गुरुवार को आतंकवादी घोषित कर दिया। सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी गुज्जर कई आतंकी हमलों और भारत के खिलाफ युद्ध की साजिश में संलिप्त रहा है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश की एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से कठोरता से निपटा जाएगा।

एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान कई तरह की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहा है, जिसमें सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक उपकरण और नकदी गिराने के लिए ड्रोन के समन्वय, आपूर्ति, स्थानों की पहचान करना शामिल है।

रिटायर्ड आईएएस राज प्रताप सिंह बने राज्य निर्वाचन आयुक्त

लखनऊ। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राज प्रताप सिंह को नया राज्य निर्वाचन आयुक्त पंचायती राज व स्थानीय निकाय बनाया गया है। राज्य सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छह साल के लिए नियुक्ति की है। शासन की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के बाद आरपी सिंह ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर अभी मनोज कुमार तैनात थे। उनका कार्यकाल 17 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया था।

पूर्व डीजीपी राजकुमार बने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 10 नए सूचना आयुक्तों की भी नियुक्ति

अमृत विचार : रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी व पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा नए राज्य मुख्य सूचना आयुक्त बनाए गए हैं। इसके अलावा 10 नए राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है।

शासन द्वारा गुरुवार को जारी किए गए आदेश के अनुसार नए सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण द्विवेदी, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेंद्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। राज कुमार विश्वकर्मा 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। डीएस चैहान के बाद उन्हें कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक बनाया गया था। मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले विश्वकर्मा सपा सरकार में आईजी कानून-व्यवस्था, पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के महानिदेशक और चेयरमैन का पद भी संभाल चुके हैं। सूचना आयुक्तों का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए है।

यूको बैंक घोटाला मामले में सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजस्थान-महाराष्ट्र के 7 शहरों में 67 जगहों पर कार्रवाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूको बैंक में 820 करोड़ रुपये के आईएमपीएस घोटाले के संबंध में राजस्थान और महाराष्ट्र के सात शहरों में 67 स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह मामला 8,53,049 से अधिक आईएमपीएस (तत्काल भुगतान प्रणाली) लेन-देन से संबंधित है जो पिछले साल 10 नवंबर से 13 नवंबर के बीच बैंक में हुए थे। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि सात निजी बैंकों के लगभग 14,600 खाताधारकों से शुरू किए गए आईएमपीएस आवक लेन-देन को यूको बैंक के 41,000 से अधिक खाताधारकों के खातों में गलत तरीके से पोस्ट किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 820 करोड़ रुपये मूल बैंकों से वास्तविक डेबिट किए बिना यूको बैंक खातों में जमा किए गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को राजस्थान और महाराष्ट्र में तलाशी उन लोगों पर केंद्रित थी, जिन्होंने पैसे प्राप्त किए और बैंक को वापस करने के बजाय इसे निकाल लिया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष — व्यापारिक कर्ज में डूबे ससुराल को मुसीबत से बाहर निकाला, लंदन तक भेजा उत्पाद

कभी घर-घर जाकर लेती थीं ऑर्डर, आज दो फैक्ट्रियों की एमडी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

अमृत विचार : जमीन से आसमान तक का सफर मुसीबतों के बीच तय करके मुकाम बनाना हर किसी के बस में नहीं होता। महिला उद्यमी ममता शुक्ला की कहानी एक ऐसी ही संघर्ष गाथा है। एक वक्त था जब वे एक अदद ऑर्डर के लिए दरवाजे-दरवाजे दस्तक देती थीं, आज शहर में दो बड़ी फैक्ट्रियों की मालिक हैं। उन्होंने ससुराल पर चढ़ा व्यापारिक कर्ज तो उतारा ही समाज के तानों की परवाह न करते हुए खुद को साबित भी किया।

संघर्ष की मिसाल

- महिला होने के नाते लोग मारते थे ताने आज दे रहीं 150 लोगों को रोजगार

उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि कारोबार संभालने में कभी रुचि नहीं थी। वे पर्दे वाली बहू थीं, जिसका दायरा काफी सीमित था। 1988 में पति डॉ. प्रदीप शुक्ला ने 'पारुल होम्योलैब' नाम से फर्म शुरू की। दो साल बाद इस फर्म की वजह से कर्ज हो गया। बैंक में मकान तक गिरवी हो गया। 1991 आते-आते कारोबार भी ठप हो गया। परिवार की हालत देखकर उन्होंने अपनी सास से कारोबार दोबारा शुरू करने की इच्छा जताई। सास विंदेश्वरी शुक्ला ने उनका हौसला बढ़ाया। इस पर उन्होंने दोबारा कारोबार शुरू करने की ठानी। होम्योपैथिक दवाइयां और उसमें इस्तेमाल होने वाली स्वीट पिल्स 'सफेद छोटी गोलियां' का कारोबार दोबारा शुरू किया।

90 के दशक में घर की बेटियों और बहुओं का कामकाज करना समाज में कम ही था। ऐसे में उन्होंने शहर से बाहर जाकर ऑर्डर लाने का निर्णय लिया। शुरुआत प्रयागराज से की। वहां पर होम्योपैथिक डॉक्टरों के घर-घर जाकर ऑर्डर लिए। वह पैदल और ऑटो से पूरा शहर घूमती थीं। उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि उस वक्त मार्केटिंग में महिलाएं बहुत कम थीं। बाजार में कई बार लोग ताने मारते थे। लोगों को भरोसा नहीं होता था इसलिए उधार कच्चा माल कोई व्यापारी नहीं देता था। बमुश्किल इलाहाबाद से ऑर्डर मिले जिससे आत्मविश्वास बढ़ा। ऑर्डर मिलने के बाद उत्पाद की पैकिंग खुद अपने हाथों से करती थीं। बच्चे छोटे थे तो उनकी देखभाल और घर की भी जिम्मेदारी भी थी।

बाजार में कुछ समय गुजारने के बाद उन्होंने पाया कि कम रेट में बेहतर क्वालिटी से उनका उत्पाद लोगों और डॉक्टर के बीच चर्चित हो रहा है। इसी मंत्र को वे आज तक कायम रखे हैं। धीरे-धीरे कारोबार बढ़ा और बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम सहित अन्य राज्यों में उनके उत्पाद जाने लगे। अब वे उत्पाद पनकी की दो फैक्ट्री में बनवाती हैं। एक में 'स्वीट पिल्स' और दूसरी में होम्योपैथिक दवाइयां बनाई जाती हैं।

वर्ष 1999 में उन्होंने उत्पादों को लंदन तक भेजा। दो साल तक विदेश में कारोबार करने के बाद उन्होंने भारतीय बाजार की ओर रुख किया। अब दोबारा निर्यात की योजना बना रहीं हैं। महिला उद्यमी ने बताया कि उनके संघर्ष में बड़े बेटे की अहम भूमिका रही। बड़ा बेटा अमित शुक्ला 14 वर्ष की उम्र में उनके साथ सड़क पर घूमता था। उन्हें दुख है कि इस वजह से वह सेना में जाने का सपना पूरा नहीं कर पाया। मेधावी होने के बाद भी सिर्फ बीकॉम तक ही पढ़ाई कर सका।

एक नजर

डीजीपी से मिले एसएसबी के डीजी दलजीत चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : एसएसबी के डीजी दलजीत चौधरी गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी प्रशांत कुमार से शिष्टाचार मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान डीजीपी को प्रतीक चिन्ह भी दिया। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नेपाल की सीमा पर सुरक्षा को लेकर भी दोनों अफ़सरों के बीच हुई चर्चा हुई। इस दौरान उप्र पुलिस एवं एसएसबी के बीच समन्वय बनाने की बात हुई। इसके तहत भारत-नेपाल सीमा पर प्रभावी गस्त, चेकिंग एवं पेट्रोलिंग के संबंध में साझा रणनीति भी बनी।

महाशिवरात्रि को लेकर दीं शुभकामनाएं

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने महाशिवरात्रि पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने गुरुवार को शुभकामना संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि पर्व शिव और शक्ति की उपासना का पर्व है। शिवरात्रि पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है। लोकमंगल के लिए जीवन और मृत्यु पर विजय के संदेश से महाशिवरात्रि पर्व हमें जीवन के वास्तविक अर्थों से जोड़ता है।

रामलला आ गए और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया

सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बोले योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : हमारा अन्नदाता किसान जब आपस में मिलता है तो राम-राम कहता है। आज अयोध्या में रामलला भी आ गए हैं और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया है। उत्तर प्रदेश में सभी कार्य राम का नाम लेकर चल रहा है, इसलिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कृषकों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में 'संकल्प की सिद्धि' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने यहां प्रदेशभर से आए किसानों और किसान यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां प्रदेश के वित्तमंत्री, कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, मुख्य सचिव, बिजली विभाग के अधिकारी, किसान यूनियन के नेता सभी मौजूद हैं। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद का माला पहनाकर स्वागत करते कार्यकर्ता।

- बोले मुख्यमंत्री, राम का नाम लेकर उप्र. में हो रहे सभी काम
- संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम को भी किया संबोधित

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर किसानों से पीएम कुसुम योजना के साथ जुड़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत ट्यूबवेल पर सौलर पैनल लगाकर किसान बिजली पैदा कर सकेंगे। अपने उपयोग के बाद बची हुई बिजली सरकार को भी बेच सकेंगे। इससे न केवल किसानों को अतिरिक्त आमदनी होगी बल्कि उनके बिजली की आवश्यकता की भी पूर्ति होगी।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विद्युत मंत्री एके शर्मा, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव विद्युत विभाग महेश कुमार गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में आए प्रदेशभर के अन्नदाता एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

सीबीजी प्लांट का आज लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

अमृत विचार, लखनऊ : महा शिवरात्रि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर के धुरियापार में बने इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट का लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर वह बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत भी करेंगे।

मुख्यमंत्री 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। पहले चरण में यहां सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) और दूसरे चरण में एथेनाल का उत्पादन होना है। इंडियन ऑयल ने सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) प्लांट का निर्माण धुरियापार चीनी मिल परिसर में 18 एकड़ भूमि पर 165 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से किया है।

9 हजार से अधिक कुशल श्रमिक जाएंगे इजरायल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दूसरे चरण में 4,121 श्रमिकों का हुआ चयन

अमृत विचार: इजरायल में नवनिर्माण कार्य के लिए उप्र. के श्रमिकों को चयनित कर भेजे जाने की कवायद जारी है। प्रथम चरण में 5087 और दूसरे चरण में 4121 श्रमिकों को इजरायल में सेवायोजित किए जाने के लिए चयनित किया गया है। इस तरह कुल 9208 कुशल श्रमिक इजराइल में 01 लाख 37 हजार प्रतिमाह वेतन पर सेवायोजित किए जाएंगे।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि केन्द्र सरकार एवं इजरायल सरकार के बीच एमओयू किया गया है जिसके अंतर्गत व्यवसाय मेसन प्लास्टरिंग वर्क, मेसन सेरेमिक टाइलिंग, मेसन बिल्डिंग फ्रेमवर्क और मेसन आयरन वेन्डिंग के क्षेत्र में इजराइल में भारतीय श्रमिको को सेवायोजित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

28 फरवरी से 07 मार्च तक राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में कुशल श्रमिकों के द्वितीय चरण का स्किल टेस्ट इजरायल की टीम के द्वारा लिया गया, जिसमें 4121 कुशल श्रमिकों को चयनित किया गया है। इस तरह कुल 9208 कुशल श्रमिकों को इजराइल की टीम के द्वारा चयनित किया गया है।

सीबीआई ने घूसखोरी में दो को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि को निपटाने के लिए मांगी गई थी रिश्वत

अमृत विचार : सीबीआई ने पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटाने के लिए 18 हजार रिश्वत लेने के आरोप में अलीगढ़ स्थिति ग्रामीण बैंक के फील्ड अधिकारी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने एक शिकायत पर मोहित अग्रवाल, फील्ड ऑफिसर, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, पाली रजापुर शाखा, जिला-अलीगढ़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता के पिता के पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटान करने के लिए आरोपी द्वारा घूस मांगी गई थी। उस केसीसी ऋण खाते को एनपीए घोषित कर दिया गया था और कथित तौर पर बैंक ने उक्त खाते में 10,03,232 रुपये (लगभग) की बकाया राशि की गलत गणना की थी।

यह भी आरोप लगाया गया कि फील्ड ऑफिसर ने उस बकाया केसीसी ऋण राशि का निपटान करने के उद्देश्य से, शिकायतकर्ता के पिता के नाम पर दो नए केसीसी ऋण खाते खोले और पुराने केसीसी ऋण खाते में 8 लाख रुपये और 1.5 लाख रुपये हस्तांतरित किए। आरोपी फील्ड ऑफिसर ने समय सीमा बढ़ाने के लिए शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये रिश्वत मांगी।

सभी पोलिंग बूथों पर 9 व 10 को पढ़कर सुनाई जाएगी मतदाता सूची

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारी सभी पोलिंग बूथों पर 9 व 10 मार्च को लोगों को मतदाता सूची पढ़कर सुनाएंगे। इस सिलसिले में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव की ओर से जारी निर्देश में जिला निर्वाचन अधिकारियों से निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। कैलेंडर के अनुसार, 9 व 10 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह दो बजे के बीच प्रत्येक बूथ (ग्राम पंचायत स्तर व वार्ड स्तर) पर मतदाताओं की जागरूकता के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाए, जिससे जिन अर्ह व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना ससमय पंजीकरण करा लें।

प्रदेश में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुटी एटीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे कृपाशंकर से एटीएस कर रही पूछताछ
- पूर्वांचल और बिहार से सटे उप्र के जिलों में नक्सली नेटवर्क पर टिकी हैं निगाहें

अमृत विचार : नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन की प्रयागराज से गिरफ्तारी के बाद एटीएफ उप्र में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुट गई है। इस बाबत अदालत से सात दिन रिमांड पर लिए गए कृपाशंकर सिंह से पूछताछ कर नक्सलियों की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

एटीएस सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के पूर्वांचल में पनाह लेने और सक्रिय होने के संदर्भ में भी पूछताछ कर रही है। दरअसल, कृपाशंकर सिंह कुशीनगर का मूल निवासी है, जबकि उसकी पत्नी छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के यहां सक्रिय होने का अंदेशा हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हुए नक्सली हमले के बाद उप्र में नक्सल प्रभावित जिलों- चंदौली, गाजीपुर, सोनभद्र और मिर्जापुर में अलर्ट जारी किया गया था, लेकिन उप्र के इंटेलिजेंस महकमें ने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बलिया, मऊ और आजमगढ़ में भी नक्सलियों को लेकर पुलिस को सतर्कता बरतने को कहा था।

2009 में ही देवरिया के 26 गांवो में और कुशीनगर के एक गाँव में नक्सली गतिविधियों की बाद सामने आयी थी। पूर्वांचल में नक्सली सक्रियता की पुष्टि 2010 में गोरखपुर में महिला नक्सली हिरामन की गिरफ्तारी से भी हुई थी। सूत्रों के मुताबकि एटीएस अपनी पूछताछ में इस बिन्दुओं को भी शामिल किया है।

एमएलसी चुनाव में भी क्रॉस वोटिंग की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 13 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव के लिए 21 को डाले जाएंगे वोट

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जल्द जारी होने की संभावनाओं के बीच राजनीतिक दलों में सरगर्मी तेज है। इस बीच नेताओं का पाला बदलने का भी सिलसिला हैं। वहीं, लोस चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में विधान परिषद के चुनाव होने जा रहे है। 13 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव के लिए 21 मार्च को वोट डाले जाएंगे।

राज्यसभा चुनाव की तरह एमएलसी चुनाव में भी क्रॉस वोटिंग का डर सताने लगा है। खासकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव अंतरात्मा की आवाज पर वोटिंग करने वाले सपा विधायकों से निपटने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। दरअसल, राज्यसभा चुनाव में सपा के कई विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करके अखिलेश को झटका दिया था।

विधान परिषद की 13 सीटें रिक्त के लिए 21 मार्च को होने जा रहे मतदान से पहले 4 मार्च से शुरु हुई नामांकन प्रक्रिया 11 मार्च तक चलेगी। इस चुनाव में भी सत्तासीन दल भाजपा और सपा आमने-सामने है। संख्या बलों के आधार पर इस चुनाव में भाजपा 10 और सपा तीन सीट आसानी से जीत सकती है। लेकिन अगर राज्यसभा की तर्ज पर भाजपा 11वां उम्मीदवार ऐन वक्त पर उतार देती है तो मुकाबला कांटे का हो सकता है। ऐसे में क्रॉस वोटिंग की आशंका भी स्वाभाविक है।

मंत्री बनने के बाद बदले ओपी राजभर के तेवर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा, थाने पर सफेद नहीं, पीला गमछा पहन कर जाएं

अमृत विचार : हमेशा अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर के तेवर बदल गये हैं। मंत्री बनने के बाद गुरुवार को मऊ में आयोजित जनसभा में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने पर जायं तो सफेद नहीं, पीला गमछा पहनकर जाएं।

उन्होंने कहा कि अगर पीला गमछा पहन कर जाएंगे, तो दरोगा को कार्यकर्ताओं की शक्ल में वे नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि वे थाने पर बताएं कि उन्होंने उन्हें भेजा है। दरोगा से लेकर डीजीपी तक किसी के पास यह पावर नहीं है कि वे पूछें कि उन्हें उन्होंने भेजा है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह 'पावर' होती है।

डॉ. अरविंद राजभर घोसी सीट से प्रत्याशी घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने घोसी लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने अपने बेटे डॉ. अरविंद राजभर को प्रत्याशी बनाया है। मालूम हो कि ओम प्रकाश राजभर ने मंगलवार को मंत्री पद की शपथ ली थी। बताया जा रहा है कि एनडीए में राजभर को दो सीटें मिल सकती हैं।

गुरुवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजिल अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

देश के महान सपूत थे गोविंद बल्लभ पंत

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजिल अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उप्र. के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री रहे गोविंद बल्लभ पंत को याद करते हुए कहा कि वह भारत माता के महान सपूत थे। साथ ही योगी ने उनकी स्मृतियों को भी नमन किया। मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा देश की आजादी के लिए समय- समय पर चलाए गए आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभायी। उन्होंने 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन पर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की व्यवस्था को सुचारू रूप से आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

9 को पांच जिलों में जाएंगे एयर ट्रैफिक कंट्रोलर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विमान सेवा 10 या 11 मार्च से हो सकती है शुरू
- रक्षा मंत्री 10 को तीसरे टर्मिनल व 11 को आउटर रिंग रोड की करेंगे शुरुआत

अमृत विचार : पांच जिलों के लिए फ्लाईबिग 10 या 11 मार्च से उड़ान सेवा शुरू कर सकती है। पांच जिलों में नौ मार्च को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एयर ट्रैफिक कंट्रोलर भेज दिए जाएंगे। दूसरे दिन 10 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एयरपोर्ट पर बने तीसरे टर्मिनल की शुरुआत करेंगे।

बता दें कि पांच जिलों के लिए फ्लाईबिग की ओर से विमान सेवाएं शुरू होनी है। विमान सेवा चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए शुरू होगी। इसका शेड्यूल पूर्व में जारी किया गया था और 2 मार्च से विमान सेवाएं शुरू होनी थीं। हालांकि 2 मार्च से उड़ान सेवा शुरू नहीं हो सकी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट कंट्रोलर को प्रशिक्षण दिया गया है। कंट्रोलर नौ मार्च को पांच जिलों के लिए भेजे जाएंगे। 10 या 11 को उड़ान सेवा की शुरुआत हो सकती है। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री के वर्चुअल जुड़ने की संभावना है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर बने तीसरे नए टर्मिनल का शुभारंभ 10 मार्च को करेंगे। टर्मिनल पर कस्टम और इमीग्रेशन काउंटर का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। रक्षा मंत्री आउटर रिंग रोड का शुभारंभ 11 मार्च को करेंगे।

महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस मुख्यालय से भेजी गई 230 कंपनी पीएसी, तीन कंपनी एसडीआरएफ व आठ कंपनी सीएपीएफ

अमनृत विचार : महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराने को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। स्थानीय सुरक्षा बलों के अलावा पुलिस मुख्यालय से 230 कंपनी पीएसी, 3 कंपनी एसडीआरएफ एवं 8 कंपनी सीएपीएफ भेजी गई हैं।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि वाराणसी, बाराबंकी तथा बागपत में बड़े आयोजन तथा श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस मुख्यालय स्तर से पुलिस अफसरों-पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। इसमें, दो अपर पुलिस अधीक्षक, पांच डिप्टी एसपी, 85 दरोगा, 8 महिला दरोगा, 275 सिपाही, 50 महिला सिपाही, 5 यातायात निरीक्षक, 6 यातायात सिपाही, 3 बीडीडीएस टीम के अलावा एंटी माइन्स टीम, एएस चेक टीम तथा एटीएस की कमांडो टीमों को भी उपकरण एवं संसाधनों के साथ तैनात किया गया है। वहीं सादे वेश में महिला एवं पुलिस कर्मियों की टीमों को बॉडी वार्न कैमरे, वाइना कूलर, ड्रैगन लाइट और वारलेस सेट आदि के साथ लगाया गया है।

महत्वपूर्ण शिवालयों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे तथा हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जा रही है। यूपी-112 के तकरीबन पांच हजार दो पहिया और चार पहिया वाहनों से पेट्रोलिंग भी की जा रही है।

स्कूलों की एनओसी पर नहीं हो सकी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत शैक्षिक सत्र 2023-24 में गरीब बच्चों के प्रवेश न लेने वाले विद्यालयों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जबकि इस संबंध में तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार की ओर से करीब 24 निजी विद्यालयों की सूची जेडी माध्यमिक कार्यालय को भेजी गई थी। सूची भेजे जाने के बाद जेडी कार्यालय की ओर से मनमानी करने वाले विद्यालयों को नोटिस तक नहीं जारी हो सकी है।

बता दें कि पिछली बार आरटीई के चारों चरण में चयनित बच्चों का बड़े निजी स्कूलों ने प्रवेश लेने से इनकार कर दिया था, ये सभी विद्यालय केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। आरटीई अधिनियम लागू होने के बाद कई ऐसे विद्यालय हैं जिनका रिकार्ड है कि वह हर बार चयनित बच्चों को प्रवेश देने से इनकार कर देते है। इस बार पहली लॉटरी में कई बच्चे चयनित हुए हैं, इसमें बड़े स्कूल कितने बच्चों को प्रवेश देंगे ये देखने वाली बात होगी।

लंबित मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव करते शिक्षक अभ्यर्थी, साथ ही मौके पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

शिक्षक अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री का आवास घेरा

अमृत विचार, लखनऊ : 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर गुरुवार को शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास का घेराव किया।

सुरक्षा के लिए मंत्री आवास पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री से न्याय की मांग की।

अभ्यर्थियों का कहना है कि शिक्षा मंत्री ने मीटिंग में जो वादे किए थे उसके मुताबिक सरकार के वकील कोर्ट में पक्ष नहीं रख रहे हैं बल्कि आरक्षित के अभ्यर्थियों का विरोध कर रहे हैं। इसी बात से नाराज अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया।

आश्रम पद्धति विद्यालयों में फार्मासिस्ट के 90 फीसदी पद खाली

103 पदों के सापेक्ष सिर्फ 14 तैनात हैं, विभाग ने 89 फार्मासिस्ट की नियुक्ति के लिए अध्याचन भेजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य राम भरोसे
- नियमावली बनाकर शासन को भेजी, पत्रावली कार्मिक विभाग के पास

अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की देखभाल भगवान भरोसे है। वजह, उनकी सेहत की प्राथमिक स्तर पर देखभाल की जिम्मेदारी उठाने वाले फार्मासिस्टों की संख्या न के बराबर है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित इन विद्यालयों में फार्मासिस्टों के 90 प्रतिशत पद खाली हैं।

यूपी में समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन्हें सर्वोदय विद्यालय के नाम से जाना जाता है। इसी तरह विभाग की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए आठ कोचिंग सेंटर संचालित हैं। समाज कल्याण विभाग ने इन संस्थानों में छात्र-छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा देने के लिए फार्मासिस्ट के 103 पद सृजित हैं। लेकिन, वर्तमान में इन सृजित पदों के सापेक्ष विभाग में महज 14 फार्मासिस्ट ही तैनात हैं।

> फार्मासिस्टों के पदोन्नति की नियमावली बनाकर शासन को भेज दी है। नियमावली की पत्रकावली कार्मिक विभाग के पास है। जबकि 89 फार्मासिस्ट के पदों पर नियुक्त के लिए अध्याचन आयोग को भेजा गया है। प्रयास किया जाएगा कि जल्द नियुक्ति हो जाए।
>
> -कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

पदोन्नति के लिए नहीं है कोई नियम

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग में तैनात फार्मासिस्टों की पदोन्नति का कोई नियम नहीं है। समाज कल्याण फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से सरकार और विभाग से सेवा नियमावली बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। सेवा नियमावली बनने से पदोन्नति के रास्ते खुलेंगे। उनके प्रमोशन के रास्ते खुलेंगे।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

शहर में आज

- लखनऊ पुस्तक मेले में साहित्य सरोज पत्रिका और गोपाल राम गहमरी संस्था की ओर से कहानी पाठ - 11.00 बजे।
- दयानंद बाल सदन मोती नगर से शोभा यात्रा की शुरुआत - 12.30 बजे।
- गोमतीनगर के गोमतेश्वर महादेव मंदिर में शिव शक्ति थीम पर भजन-कीर्तन व महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम - 12.30 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आलमबाग गुरुद्वारा में महिला लेखिकाओं का सम्मान कार्यक्रम - 4.00 बजे।
- आर्नेट बैंक्वेट, गोमतीनगर में फैशन फीवर के तहत रैम्प वाक और कामेडी शो - 6.00 बजे।

प्रगति जननी सुरक्षा में नहीं हुआ भुगतान, मंडलायुक्त नाराज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रगति जननी सुरक्षा योजना में 62,624 लाभार्थियों को भुगतान न होने पर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नाराजगी जताई और तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की भौतिक और वित्तीय समीक्षा की। मंडलायुक्त को बताया गया कि मंडल में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 24,0950 लाभार्थियों का भुगतान किया गया है। 62,624 लाभार्थियों का भुगतान लंबित है। जबकि लखनऊ में 33,824 लाभार्थियों का भुगतान किया गया है 11,779 लाभार्थियों का भुगतान लंबित है। मंडलायुक्त ने आशा बहू के लंबित वेतन का भुगतान अविलंब करने को कहा। मंडलायुक्त ने कहा कि जिन अधिकारियों के स्तर पर भुगतान प्रकरण लंबित है, उन अधिकारियों और संबंधित बाबू का वेतन रोकने के साथ ही संबंधित को प्रतिकूल प्रविष्टि दें।

बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि टीकाकरण का काम नियमित रूप से हो। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 14 के सापेक्ष 13 जांचें उपलब्ध हैं। मंडलायुक्त को बताया गया कि तीन नवीन पीएससी और एक सीएससी को चालू कर दिया गया है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सीआरएस पोर्टल पर जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। लखनऊ में आयुष्मान कार्ड लक्ष्य 1602508 के सापेक्ष 784415 कार्ड बन चुके हैं। नेत्र ज्योति अभियान के तहत मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मों का वितरण लखनऊ में 6897 के सापेक्ष 2937 चश्में वितरित हुए हैं। बैठक में अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनील भारती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

- 62,624 लाभार्थियों को तत्काल भुगतान कराने के दिए निर्देश
- भुगतान लंबित रखने वाले अधिकारियों और संबंधित बाबू का वेतन रोकें, दें प्रतिकूल प्रविष्टि
- मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने स्वास्थ्य विभाग की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा की

प्रशिक्षण बंद, पोर्टल और भौतिक हाजिरी में अंतर

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण में केंद्रों की मनमानी जारी है। जिले में संचालित एक केंद्र के निरीक्षण में प्रशिक्षण बंद मिला। जबकि पोर्टल पर दर्शाई गई हाजिरी और मौके पर जांच में काफी अंतर निकला। जिला समन्वयक ने कार्रवाई के लिए मिशन निदेशक को लिखा है। जिले में सूचीबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता कौशल विकास मिशन की छवि धूमिल कर रहे हैं। प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र तो खोल दिए, लेकिन प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है। जिला समन्वयक ने एक केंद्र का निरीक्षण किया तो प्रशिक्षण कार्य बंद मिला। जो प्रशिक्षणार्थी दर्शाये गए उनकी पोर्टल पर हाजिरी कुछ दर्शाई गई, जबकि मौके पर काफी अंतर पाया। केंद्र पर प्रशिक्षण के रिकार्ड के लिए सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाए गए। प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा न ही प्रशिक्षण और योजना की ब्रांडिंग की गई। कार्यक्रम को गंभीरता से न लेने पर प्रशिक्षण प्रदाता के खिलाफ कार्रवाई के लिए मिशन निदेशक को लिखा गया है।

एक नजर

अवकाश के दिन भी खुलेंगे नगर निगम के कैश काउंटर

अमृत विचार, लखनऊ : वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने में अभी कुछ दिन शेष हैं। इस अवधि में भवन स्वामियों से अधिक से अधिक गृहकर जमा कराने और उनकी सुविधा के लिए नगर निगम सार्वजनिक अवकाश के दिन 8, 9 और 10 मार्च को भी समस्त जोनल कार्यालय में कैश काउंटर खुले रहेंगे। यह जानकारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने दी। उन्होंने गृहकरदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सुविधा का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक संख्या में गृहकर जमा करायें।

आज से 18 तक बंद रहेगा 1090 से बालू अड्डा मार्ग

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के 1090 चौराहे से पीएनटी बालू अड्डा के बीच निर्माण कार्य शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इसे देखते हुए डीसीपी यातायात ने 18 मार्च तक रूट डायवर्जन लागू किया है। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कि यह व्यवस्था 8 से 18 मार्च तक लागू किया गया है। इस दौरान इस मार्ग से जाने वाले वाहन समता मूलक चौराहे से पीएनटी बालू अड्डा या गोल्फ क्लब होते हुए जा सकेंगे।

अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, दो की मौत, एक गंभीर

निज संवाददाता, काकोरी

अमृत विचार : काकोरी थानाक्षेत्र में आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस लाइन पर एक बाइक पर सवार तीन युवकों को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई और तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया।

काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक जिला उन्नाव की ओर से एक बाइक पर जितेन्द्र रावत (28) निवासी भोगलामऊ थाना रहिमाबाद, करन (20) निवासी हसनगंज उन्नाव व एक अज्ञात सवार होकर तेज रफ्तार में जा रहे थे। बाइक सवार आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस लाइन से काकोरी के बड़ागांव होते हुए जीरो प्वाइंट की ओर चल रहे थे। तभी रास्ते में आउटर रिंग रोड के किनारे बने मैरिज हॉल के समीप पीछे से आये अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाए और घायल को एंबुलेंस से ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

- आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस लेन पर हुआ हादसा

अकबर नगर : सात विस्थापितों ने आवास के लिए कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उच्च न्यायालय द्वारा अकबर नगर के विस्थापितों को आवास उपलब्ध कराने के निर्देश पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को पंजीकरण शिविर का आयोजन किया। अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय में एलडीए ने तीन कैम्प लगाए हैं।

पहले दिन सात विस्थापितों ने समस्त दस्तावेजों के साथ 1,000 रुपये जमा करके आवास के लिए पंजीकरण कराया। इनमें अकबर नगर प्रथम के अनूप कुमार रावत, राजकुमारी, अस्मां, रूख्साना एवं मुश्ताक और अकबर नगर द्वितीय के हासिम एवं अतीक अली शामिल हैं। यह जानकारी प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण विस्थापितों को आवास उपलब्ध कराने के लिए 21 मार्च तक शिविर लगाएगा। एलडीए पंजीकरण कराने वाले विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित करेगा।

अकबर नगर में कुकरैल बंधे और नदी पर बने लगभग 1,200 मकानों, दुकानों, शोरूम और कॉम्प्लेक्स अवैध बने हैं। इन्हें ध्वस्त किया जाना है। हाईकोर्ट ने 74 याचिकाओं पर सुनवाई के बाद बुधवार को आदेश जारी करते हुए 31 मार्च तक मकान खाली करने को कहा है। एलडीए को सभी विस्थापितों के पुनर्वास के निर्देश दिए हैं। 1 अप्रैल से एलडीए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर देगा। एलडीए अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय में 20 मार्च तक एक-एक शिविर लगाकर पंजीकरण कराएगा।

गुरुवार को अकबर नगर में पंजीकरण कराने के लिए पहुंचे क्षेत्रीय निवासी। अमृत विचार

- एलडीए 21 तक लगाएगा शिविर 31 तक खाली करने हैं मकान

अनाउंसमेंट करके पंजीकरण कराने के लिए किया जागरूक

लखनऊ विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों ने गुरुवार को अकबरनगर में अनाउंसमेंट करके विस्थापितों को पंजीकरण कराने के लिए जागरूक किया। इसके अलावा कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय के आदेश से संबंधित ब्राउसर भी लोगों को बांटे।

कुकरैल नदी का किया जाएगा सौंदर्यीकरण

मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत कुकरैल नदी को पुराने स्वरूप में लाने के लिए इसका सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। गोमती नदी से पिकनिक स्पॉट तक नदी के दोनों ओर रिवर फ्रंट बनाया जाएगा। पेड़-पौधे लगाकर हरियाली विकसित की जाएगी। अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय में सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से बनाये गए लगभग 1,200 मकानों, दुकानों, शोरूम और कॉम्प्लेक्स इसकी जद में आ रहे हैं।

निवेश का झांसा देकर 200 करोड़ हड़पने का आरोप, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमतीनगर विस्तार इलाके में फर्जी कंपनी खोल क्रिप्टो करंसी व डॉलर में निवेश के नाम पर लोगों से ठगी करने वाली कंपनी के सीएमडी समेत 15 लोगों द्वारा सैकड़ों लोगों से करीब 200 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गोमतीनगर विस्तार थाने में महाराष्ट्र रायगढ़ निवासी ज्ञान शंकर ब्रह्म प्रसाद गुप्ता और चित्रकूट के मुस्तकिल निवासी राम गोपाल गुप्ता की तहरीर पर 15 लोगों पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने केंद्र सरकार से मान्यता के फर्जी प्रमाणपत्र दिखाकर संजेपॉवर्स टेक्नोलॉजीज नामक कंपनी में सैकड़ों लोगों से निवेश कराकर करीब 200 सौ करोड़ रुपये ठग लिए। ज्ञान शंकर ने बताया मुख्य आरोपी आशीष कुमार सिंह सिसोदिया व उसके सहयोगियों ने क्रिप्टो करंसी व डॉलर में निवेश पर एक वर्ष में कई गुना फायदा देने का लालच दिया था। झांसे में आकर उसने करीब 30 लाख निवेश कर दिये। वहीं रमेश पुजारी ने पांच लाख, दिनेश मौर्या ने 10 लाख व ज्योति यादव ने 1.5 लाख रुपये कपनी में निवेश किया था। कुछ समय बाद आरोपियों ने वेबसाइट बदल दी और कहा कि निवेश की रकम वापस नहीं मिल पाएगी। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि दोनों मामलों में आशीष सहित 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए नहीं खरीदे बर्तन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए महज 75 प्रतिशत बर्तनों की खरीद होने पर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने नाराजगी जताई। साथ ही खंड विकास अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

जिलाधिकारी ने गुरुवार को विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों-सीएम डैश बोर्ड में सम्मलित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए एक सप्ताह के भीतर शत प्रतिशत बर्तन खरीदने के निर्देश दिए। 20 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण का काम शुरू न होने पर जिलाधिकारी ने मातहतों को फटकार लगाई। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में हुए विलंब करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें।

बीसी सखी एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज में सीएम डैश बोर्ड पर खराब प्रदर्शन को लेकर भी जिलाधिकारी नाराज हुए। बीसी सखी को प्रशिक्षण न दिलाए जाने पर मातहतों से सवाल-जवाब किया। साथ ही, उपायुक्त को तीन दिनों में प्रगति रिपोर्ट में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अजय जैन, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, उपायुक्त मनरेगा आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने बैठक में जताई नाराजगी, बोले- शत-प्रतिशत खरीद करें
- 20 आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू नहीं हो सका भवन निर्माण का कार्य अधिकारियों को लगाई फटकार

ये निर्देश भी दिए

- बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग समस्याओं की एक सूची बनाकर प्रत्येक माह की 2 तारीख को अनिवार्य रूप से अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में दें।
- विकास कार्यक्रमों/सीएम डैश बोर्ड के कार्यक्रमों की सीडीओ समीक्षा कर अगली बैठक में उन्हीं बिंदुओं को रखें, जिसमें प्रगति खराब है। जिससे जिले की समग्र रैंक/प्रगति प्रभावित हो रही है।
- सभी विभाग संबंधित कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी नामित करें। कार्यक्रमों की समीक्षा कर प्रगति में सुधार लाएं। जिससे जिले की समग्र रैंकिग में सुधार हो सके।

वरिष्ठ नागरिकों का दूर होगा अकेलापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अपनों से उपेक्षित वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं जानने और उनका अकेलापन दूर करने के लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से 11 मार्च को संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें बुजुर्गों को प्रेरित करने के लिए वक्ताओं को भी बुलाया गया है।

विभाग सोमवार को संवाद का आयोजन करेगा। संवाद तीन सत्रों में होगा और इसकी शुरुआत सुबह 11 बजे से होगी। संवाद कार्यक्रम की शुरुआत समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण करेंगे। पहले सत्र निराश्रित एवं निर्धन वरिष्ठ नागरिक, दूसरे सत्र में मध्यम आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिक और तीसरे सत्र में समृद्ध वरिष्ठ नागरिक होंगे। संवाद में ऐसे वक्ता होंगे जो जीवन के सकारात्मक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालकर बुजुर्गों को प्रेरित करने के साथ ही उनके मनोबल को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। संवाद कार्यक्रम के दौरान इस बात पर भी विचार हो सकता है, ऐसे बुजुर्गों के लिए कोई डे केयर सेंटर बनाया जाए। जहां आकर बुजुर्ग आपस में बात कर सकें। इंडोर खेल के साथ ही अन्य गतिविधियों में भाग लें। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव समाज कल्याण आदि मौजूद रहेंगे।

- वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं सुनने और उसके निदान के लिए 11 को होगा संवाद
- समाज कल्याण निदेशालय में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

बुरा हाल | यूपी मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष बोले, ऑनलाइन बैठक में पारिश्रमिक सहित अन्य प्रस्ताव पारित

सदस्य शामिल नहीं हुए और पास हो गए प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड की बैठक एक बार फिर सुर्खियों में है। ऑनलाइन बैठक को आधार बनाते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने कई प्रस्ताव पारित किए जाने की बात कही है। बोर्ड रजिस्ट्रार का कहना है कि बैठक में कोई भी सदस्य सम्मलित नहीं हुआ। उधर, बोर्ड सदस्य कहते हैं कि बैठक में उनके शामिल हुए बगैर कोई भी प्रस्ताव पारित नहीं हो सकता।

यूपी मदरसा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद द्वारा बुलाई गई ऑनलाइन बैठक बीते कुछ दिनों से विवादों से घिरी हुई है। इसको लेकर बोर्ड सदस्य कमर अली सहित अन्य सदस्यों ने अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ की अपर मुख्य सचिव मोनिका गर्ग से शिकायत की थी कि पिछली बार की तरह इस बार भी मूल्यांकन केन्द्र बनाए गए हैं। ऐसे में परीक्षा को लेकर गड़बड़ी का अंदेशा है। किसी भी प्रस्ताव को लेकर ऑनलाइन बैठक का क्या औचित्य। इन्हीं दावों के बीच गुरुवार को ऑनलाइन बैठक आयोजित हुई। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद कहते हैं कि बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए हैं। जिनमें पारिश्रमिक सहित कई अन्य विषय शामिल हैं।

6 मार्च को अमृत विचार में प्रकाशित खबर

- रजिस्ट्रार बोलीं, कोई भी सदस्य नहीं हुआ शामिल, सदस्य बोले- व्यवस्थाओं का विरोध बरकरार

प्रयागराज के मदरसे की मान्यता समाप्त

बोर्ड अध्यक्ष का कहना है कि प्रयागराज स्थित एक मदरसे की शिकायत लंबे समय से की जा रही थी। जांच के बाद तथ्य स्पष्ट होने पर मदरसे की मान्यता समाप्त कर दी गई है।

"ऑनलाइन बोर्ड बैठक में कोई भी सदस्य सम्मलित नहीं हुआ है, ऐसे में बोर्ड बैठक स्थगित कर दी गई है।
-डॉ. प्रियंका अवस्थी, रजिस्ट्रार, यूपी मदरसा बोर्ड

"जिस तरह से घालमेल किया जा रहा है, उसका विरोध जारी रहेगा, बैठक में प्रस्ताव पारित करने से पहले सदस्यों की सहमति और उपस्थिति दोनों होना अनिवार्य है।
-कमर अली, सदस्य उप्र मदरसा बोर्ड

31 चिकित्साधिकारियों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के निदेशक ग्रेड के नवपदोन्नत चिकित्साधिकारी डॉ. पवन कुमार अरुण को लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल का नया निदेशक तैनात किया गया है। अभी तक वह अयोध्या मंडल के अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के पद पर कार्यरत रहे। वहीं, श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल, लखनऊ के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. एनबी सिंह को बलरामपुर अस्पताल का नया मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) बनाया गया है।

गुरुवार को चिकित्साधिकारियों के तबादलों के इस क्रम में संयुक्त निदेशक ग्रेड के 31 चिकित्साधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। तबादला संबंधी अलग-अलग आदेश गुरुवार को शासन के विशेष सचिव शिवसहाय अवस्थी ने जारी किए। डॉ. किरन मलिक को स्वास्थ्य महानिदेशालय में ही अपर निदेशक, डॉ. रेखा रानी को मुरादाबाद मंडल के संयुक्त निदेशक से महानिदेशालय में अपर निदेशक (प्रशिक्षण), डॉ. सरोज कुमार को रायबरेली से वरिष्ठ परामर्शदाता बलरामपुर चिकित्सालय, डॉ. सुशील प्रकाश को यूएचएम कानपुर को अयोध्या मंडल का नया अपर निदेशक बनाया गया है। वहीं, डॉ. रश्मि गुप्ता को सिविल अस्पताल में ही मुख्य परामर्शदाता, डॉ. संजू अग्रवाल को सीएमएस जिला महिला चिकित्सालय उन्नाव से कानपुर मंडल का एडी, डॉ. अभिलाषा मिश्रा सीएमएस रामपुर को महानिदेशालय में अपर निदेशक, डॉ. रेखा रानी को ललितपुर से एडी चित्रकूट मंडल, डॉ. साधना अग्रवाल को प्रधानाचार्य आरएचएफडब्ल्यू टीसी बरेली से बरेली के मानसिक चिकित्सालय का प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया है। तबादलों की ही कड़ी में आगरा की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. शोभना दुबे को सीएमएस जौनपुर से एडी मिर्जापुर मंडल डॉ. रचना गुप्ता को जेडी कानपुर मंडल से जिला महिला चिकित्सालय, डॉ. विनीता राय वर्मा को जेडी कानपुर मंडल सेएडी बस्ती मंडल, डॉ. शारदा चौधरी को टीबी सप्रू प्रयागराज के सीएमएस से एडी परिवार कल्याण महानिदेशालय, डॉ. सुदेश कुमारी को जिला कुष्ठ रोग अधिकारी रायबरेली से जिला चिकित्सालय मेरठ के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. रेनू चौधरी को सीएमएस रायबरेली से महानिदेशालय में एडी, डॉ. शैली सिंह को सीएमएस हाथरस से महानिदेशालय में एडी, डॉ. रीतू कात्याल को सीएमएस मथुरा से एडी मुरादाबाद मंडल, डॉ. नीता कुलश्रेष्ठ को सीएमएस मलखान सिंह अस्पताल अलीगढ़ से महानिदेशालय में अपर निदेशक (पैरामेडिकल) के पद पर तैनाती दी गई है। डॉ. अशोक कुमार राय को एसीएमओ मिर्जापुर से प्रभारी निदेशक मानसिक चिकित्सालय वाराणसी, डॉ. अशोक वाराणसी मानसिक अस्पताल के प्रभारी निदेशक डॉ. सीमा अग्रवाल को जेडी मुरादाबाद मंडल से एडी मेरठ मंडल, डॉ. सुमन को सीएमएस झांसी से झांसी मंडल का एडी, डॉ. कामिनी दत्त को हरदोई से महानिदेशालय में एडी, डॉ. सईद अहमद को एसीएमओ अयोध्या को महानिदेशालय में एडी, डॉ. राकेश शर्मा को सीएमएस अयोध्या से एडी प्रयागराज मंडल, डॉ. गिरीश चंद्र नौगाई को रामपुर से एडी सहारनपुर मंडल, डॉ. अजय सिंह गौतम को सीएमएस चंदौली से परिवार कल्याण महानिदेशालय में एडी, डॉ. राजेंद्र कुमार को कासगंज से जिला अस्पताल आगरा का प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. गंगा प्रसाद को लोकबंधु लखनऊ से सिविल अस्पताल, डॉ. नरेंद्र प्रसाद गुप्ता को अयोध्या से एडी गोरखपुर मंडल और डॉ. शैलेंद्र भटनागर को महानिदेशालय से महानिदेशालय में ही एडी बनाया और डॉ. विवेक गुप्ता को वीरांगना अवंतीबाई से बलरामपुर अस्पताल भेजा गया है।

- डॉ. पवन बने बलरामपुर अस्पताल के नए निदेशक

अलंकार योजना का एडेड कॉलेजों को कैसे मिलेगा लाभ

अधिकांश कॉलेजों में छात्र संख्या 300 से कम, कई प्रबंधक चाहते, नहीं सुधरे कॉलेज

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा विभाग की मान्यता पर संचालित राजधानी के कई एडेड इंटर कॉलेजों को प्रदेश सरकार की अलंकार प्रोजेक्ट योजना का लाभ मिलना आसान नहीं होगा। इसकी वजह ये है कि ये कॉलेज योजना के मानक में ही फिट नहीं बैठते हैं। शहर में करीब 99 कॉलेजों का संचालन हो रहा है। लेकिन अभी इस योजना के लिए 28 कॉलेजों के प्रधानाचार्यों ने आवेदन किया है। वहीं 71 कॉलेजों के प्रधानाचार्यों ने अपना भेद खुल जाने के डर से आवेदन ही नहीं किया है। इसके साथ ही योजना का लाभ लेने के लिए 300 बच्चों का कॉलेज में होना आवश्यक है।

बता दें कि अलंकार योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वाले 10 कॉलेजों का प्रस्ताव डीआईओएस की ओर से भेजा गया है। इसमें चार कॉलेजों के बजट की स्वीकृति भी हो गई है। इसके अलावा 17 कॉलेज परीक्षण प्रक्रिया में हैं। वहीं कई ऐसे भी एडेड कॉलेज प्रबंधन हैं जो अपना कॉलेज चलाना ही नहीं चाहते हैं क्योंकि उनको कॉलेज की कीमती जमीन ज्यादा समझ आ रही है। ऐसे में विद्यालय सुधर जायेगा तो उनकी जमीन नहीं खाली हो पायेगी। जिन कॉलेजों में नामकंन संख्या कम है वहां शिक्षा की गुणवत्ता भी नहीं है।

अधिकांश कॉलेजों में शिक्षकों की उपस्थित भी देर से : कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी बच्चों से दूर है। इसकी वजह ये है कि शिक्षक समय से पहुंचते नहीं है, पहुंचते भी हैं तो वह बच्चों को पढ़ाते नहीं है। इस बारे में कई बार डीआईओएस की ओर से चेतावनी जारी होती रहती है लेकिन सुधार की कोई गुजांइश भी नहीं है।

अलंकार योजना के तहत अभी तक 28 कॉलेजों की ओर से आवेदन आये इसमें चार कॉलेजों का बजट भी मिल गया है। बाकी परीक्षण चल रहा है। यूपी बोर्ड परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सख्ती आवेदन न करने वाले कॉलेजों की स्थिति देखी जायेगी।

–राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक

75 प्रतिशत बजट देकर स्कूल सवांरने का लक्ष्य

राज्य सरकार का लक्ष्य है कि राजधानी सहित प्रदेश भर के माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित एडेड कॉलेजों की सूरत को सुधार जाये। इसी को ध्यान में रखते हुए अलंकार प्रोजेक्ट योजना की शुरूआत की गई है। लेकिन इसके लिए मानक भी निर्धारित किए गये हैं। मानकों के अनुसार सबसे पहले कॉलेज 75 वर्ष पुराना होना चाहिए। हालांकि इससे कम है तो माध्यमकि शिक्षा निदेशक को विशेषाधिकार प्रदान किया गया है। लेकिन बच्चों की संख्या इसमें 300 होनी ही चाहिए।

25 प्रतिशत बजट की जिम्मेदारी कॉलेजों की

वहीं अलंकार योजना के तहत 25 प्रतिशत राशि विद्यालय मद से खर्च करनी होगी। यानि 75 प्रतिशत प्रदेश सरकार और 25 प्रतिशत कॉलेजों के बजट से स्कूलों की सूरत बदली जानी है। लेकिन कई ऐसे कॉलेज शहर में हैं जिनके प्रबंधक अपनी 25 प्रतिशत राशि भी नहीं खर्च करना चाहते हैं। भले ही कॉलेज को सरकारी लाभ न मिले। वहीं इस योजना के लिए विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक भी प्रबधंक पर दबाव नहीं बनाते हैं।

क्या कहती हैं माध्यमिक शिक्षा मंत्री

अभी बीते 3 मार्च को माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने स्पष्ट कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत एडेड कॉलेजों को राज्य सरकार ने स्कूलों को सुधारने का लक्ष्य तय किया है। यही कारण है कि 75 प्रतिशत बजट दिया जा रहा है। लेकिन जरूरत शिक्षकों को भी सुधरने की है। उन्होंने माना कि काफी संख्या में शिक्षक ऐसे भी हैं जो शिक्षण कार्य का समय विद्यायल आने और जाने में बर्बाद करते हैं वह अपनी ओर से समय देना ही नहीं चाहते हैं। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि मैं ये बात इसलिए कह रहीं हूं कि क्योंकि मैने सारी व्यवस्था को करीब से देखा है।

कॉलेजों में अभी तक बायोमीट्रिक अटेन्डेंस सिस्टम भी लागू नहीं हो पाया है।

शिक्षा का बदलता परिवेश लाया बदलाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शिक्षा का बदलता परिवेश निश्चित रूप से दूरगामी परिवर्तन लाया है। ऐसे में महिलाएं न सिर्फ शिक्षित हुई हैं बल्कि उन्होंने अलग - अलग क्षेत्रों में पहुंचकर सामाजिक परिवर्तन लाने में अग्रणी भूमिका भी निभाई है।

भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी कहती हैं कि बीते कुछ वर्षों में देखिए, महिला वैज्ञानिकों के नेतृत्व में चांद ही नहीं मंगल गृह पर पहुंचने में सफलता मिली। इससे देश और दुनिया में महिलाओं का कुछ कर गुजरने को लेकर प्रोत्साहन बढ़ा। बैंक प्रबंधक सैय्यदा उजबा अफसर का कहना है कि आज की महिलाएं सभी क्षेत्रों में कंधे से कंधा मिलाकर आर्थिक और सामाजिक व्यवस्थाओं को मजबूत कर रही हैं। स्वयंसेवी संस्था की संचालनकर्ता डॉ. आरती श्रीवास्तव का मानना है कि हम पढ़ेंगे तभी बढ़ेंगे, इस ध्येय को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में तमाम से योजनाएं दी हैं।



डॉ. रुचिता सुजय



सैय्यदा उजबा

मैनेजमेंट के छात्र पढ़ाई के साथ कौशल भी निखारें : अपर्णा मिश्रा

कार्यायल संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स की ओर से में विश्वविद्यालय कैंपस में एमबीए के छात्रों के लिए प्रथम ज्ञान आधारित व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान की मुख्य अतिथि वूमेन साइन की संस्थापक संपादक एवं रणनीतिज्ञ अपर्णा मिश्रा ने इस अवसर पर मैनेजमेंट के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ मैनेजमेंट की पढ़ाई कर लेने से उद्यमिता की समझ विकसित नहीं हो पाती, उसके लिए बेहतर है कि कुछ साल उद्योग जगत के साथ काम करें और व्यवस्थाओं को समझें। इस अवसर पर प्रोफेसर आशुतोष बाजपेई, प्रोफेसर अलका सिंह, डॉ. मुनीश तिवारी, डॉ आशा श्रीवास्तव, डॉ आसिफ मेहंदी, अदिति मिश्रा उपस्थित रहे।

एक नजर

विषम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हो गया है। घोषित परिणामों में एमए, बीए(योगा), एमए, एमएससी, पीजी डिप्लोमा शामिल है। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि परीक्षाफल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग से तीन छात्रों का चयन किया गया। विभाग के विषय प्रभारी ई. कौशलेश शाह ने बताया कि चयनित होने वाले तीनों अंतिम वर्ष के छात्र हैं, जिनमें मोहित यादव, मनीष सिंह और प्रिंस मौर्या शामिल हैं।

डॉ. अमित सिंह बने प्रदेश सचिव

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मॉडल ग्रुप ऑफ कॉलेज के सह–संस्थापक डॉ. अमित सिंह पटेल को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का प्रदेश सचिव बनाया गया है। ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मनोनयन पत्र जारी किया है। पदाधिकारी बनाए जाने पर अमित सिंह पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल व अनीस राजा का आभार व्यक्त किया।

प्रोफेसर को मिली एक्सीलेंस रिसर्च ग्रांट

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि की डॉ. आकांक्षा शर्मा को एस ई आर बी द्वारा वूमेन एक्सीलेंस रिसर्च ग्रांट प्रदान की गई है। डॉ. शर्मा विवि के प्राणि विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। ये ग्रांट आई एन एस ए (इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी) के युवा वैज्ञानिक पदक धारियों को प्रदान की जाती है।

सार-संक्षेप

सीएमएस में बेटियों को प्रवेश में छूट

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मॉन्टेशरी स्कूल के संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी की स्मृति व अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सीएमएस प्रबंधन ने बेटियों के एडमिशन में छूट देने का निर्णय लिया है। ये छूट 8 मार्च से 16 मार्च तक मिलेगी। यह घोषणा सीएमएस संस्थापिका–निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित एक विशेष समारोह में की।

मेधावी छात्रों को राष्ट्रपति ने किया पुरस्कृत

अमृत विचार, लखनऊ : केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली में आयोजित प्रथम दीक्षांत समारोह में विवि लखनऊ के छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा की गई। इस दौरान लखनऊ विवि के 150 छात्र शामिल हुए। स्वर्ण पदक पाने वालों में सिद्धांत, विनय कुमार मिश्रा, धनंजय पाण्डे, विभा मिश्रा, सोनम उपाध्याय, काजल सहित अन्य सम्मलित हुए।

जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान में मनाया गया महिला दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट निशातगंज में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उप शिक्षा निदेशक व डायट प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में सभी डीएलएड संस्थानों की महिला शिक्षकों और प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। समारोह में 100 से अधिक महिला शिक्षक व प्रशिक्षु शामिल हुए।

छात्राओं ने किया रचित कविताओं का प्रस्तुतिकरण

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि के समाज कार्य विभाग में छात्र–छात्राओं ने रचित कविताओं का सभी शिक्षकों के मध्य प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयं विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा हवा में गुब्बारे छोड़कर महिलाओं के प्रति सभी भेदभाव को समाप्त करने का संदेश दिया गया।

हर्ष मिस्टर व शीबा बनीं मिस फ्रेशर

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में एमकॉम द्वितीय वर्ष के छात्रों ने फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में रैम्प वॉक और परिचय, द्वितीय में अपना कौशल प्रदर्शन तथा तृतीय चरण में कुछ सामाजिक, राजनीति प्रश्न निर्णायकों द्वारा पूछे गये। मिस फ्रेशर में शीबा सिद्दीकी और रनरअप सूफिया रहे। मिस्टर फ्रेशर हर्ष रावत और रनरअप शारीक बने। स्टार ऑफ द डे मिनाज रहीं। इस मौके पर कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला, आफरीन फातिमा, जुहैर जैदी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

रंगकर्मी ने विवि को दी व्हील चेयर और स्ट्रेचर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के बॉयोकेमिस्ट्री डिपार्ट के एल्युमिनाई एसोसिएशन अध्यक्ष और वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी ने विवि को दो व्हील चेयर और दो स्ट्रेचर दान किए। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित अन्य उपस्थित रहे। बता दें कि डॉ. रस्तोगी को बीते दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

ऑप्टिक्स और फोटोनिक्स पर होगी संगोष्ठी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का भौतिकी विभाग ऑप्टिक्स और फोटोनिक्स पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित करने जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएसआईआर–सीएसआईओ चंडीगढ़ के पूर्व निदेशक आईआईटी कानपुर के प्रो. एस. अनंत रामकृष्ण द्वारा दिए गए उद्घाटन व्याख्यान से होगा।

जागरूकता कैंप से गांव में दिखे बदलाव

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव रहोड़ा पुरवा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जफरुन नकी ने कहा कि विशेष शिविर में भाग लेने वाले स्वयं सेवकों के जीवन में एक सकारात्मक बदलाव आता है। डॉ. नलिनी मिश्रा ने कहा कि इस शिविर में सीखे गए पाठ को अपने जीवन में उतारना आवश्यक है। अभियान के तहत गांव के लोगों को बीमारियों से बचाव की जानकारी दी।

छात्रा को मिली विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीपीएड की छात्रा आकांक्षा भदोरिया को शारीरिक शिक्षा विभाग में विभागाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला को संबोधित किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका जैन द्वारा छात्र एवं छात्राओं से इस रोग के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. रुपेश कुमार, डॉ. मोहम्मद तारिक, डॉ. शशी कनौजिया, डॉ. संजय श्रीवास्तव सहित छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

ग्रैविटास में समस्याओं के निकले हल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में ग्रैविटास कार्यक्रम के दौरान सम्मिलित प्रतिभागियों की समस्याओं का समाधान हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों का मूल्यांकन समस्या की पहचान, समाधान की विशिष्टता और प्रस्तुत करने की क्षमता जैसी विशेषताओं को आधार बनाया गया, जिसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समय की कमी के तहत छात्रों के संचार और रचनात्मकता में सुधार करना था। विवि समुदाय ने ग्रेविटास 3 पर चर्चा की गई। इस दौरान कौशल, विशिष्टता और बौद्धिक ऊर्जा का प्रदर्शन भी किया गया।

10वीं में सामाजिक विज्ञान सरल 12वीं में रसायन का पेपर कठिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा के क्रम में गुरुवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान एवं इण्टरमीडिएट-ट्रेड विषयों की परीक्षा सम्पन्न हुई। सामाजिक विज्ञान की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर सरल था इसलिए समय से पहले हल कर लिया। परीक्षार्थी रणविजय वर्मा ने बताया प्रश्नपत्र सरल था निर्धारित समय से करीब 15 मिनट पहले पूरा पेपर हल कर लिया।

वहीं अंशिका जौहरी ने बताया कि प्रश्नपत्र के एक दो सवाल छोड़कर बाकी सभी सरल थे। वहीं परीक्षा की दूसरी पाली में हाईस्कूल सिलाई एवं इण्टरमीडिएट रसायन विज्ञान एंव समाज शास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित हुई। इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान का प्रश्नपत्र कठिन रहा। परीक्षार्थी अंकित वर्मा, अनुज त्रिपाठी ने बताया कि रसायन विज्ञान के प्रश्न कठिन थे अगर समय थोड़ा और मिल जाता तो पेपर बेहतर होता।

4489 ने छोड़ी परीक्षा : जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार बताया कि प्रातः पाली में पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या 57088 है। इसमें उपस्थिति 54151 परीक्षार्थियों की रही। जबकि 2937 परीक्षार्थियों ने परीक्षा ही छोड़ दी है। डीआईओएस ने बताया कि सुबह की पाली में 32 परीक्षा केन्द्रों निरीक्षण किया गया निरीक्षण में दो केन्द्रों पर कक्षनिरीक्षक अपना परिचय पत्र जेब में रखे थे इसके लिए चतावनी दी गई है। डीआईओएस ने बताया कि द्वितीय पाली में कुल 27 परीक्षा केन्द्रों का गहनता से निरीक्षण किया गया। सभी केन्द्रों पर व्यवस्था ठीक पाई गई। डीआईओएस ने बताया कि दूसरी पाली में 34344 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें 32800 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 1552 अनुपस्थित रहे।

परीक्षा समाप्ति के बाद भी रखनी होगी रिकॉर्डिंग

जिला विद्यालय निरीक्षक ने गुरुवार को सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा 9 मार्च को भले ही समाप्त हो रही है। लेकिन केन्द्रों की वडियो रिकार्डिंग सुरक्षित रखनी होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में वीडियो रिकाडिंग नष्ट न होने पाये नहीं तो इसके लिए केन्द्र व्यवस्थापकों की लापरवाही मानी जायेगी और कठोर कार्रवाई की जायेगी।

कॉपियों के मूल्यांकन के लिए शिक्षकों की सूची तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड दसवीं और 12वीं उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से शुरू हो रहा है। विभाग ने उससे पहले ही अपनी तैयारियां भी पूरी कर ली है। गुरूवार को तैयारियों की समीक्षा करते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि कॉपियों के मूल्यांकन में लगने वाले शिक्षकों की सूची तैयार हो चुकी है। सभी शिक्षकों को जनपदवार सूची अगले तीन दिनों भेज दी जायेगी। सचिव ने बताया कि मूल्यांकन में शिक्षकों की भूमिका अहम होगी ऐसे में अपेक्षा की गई है कि वह ड्यूटी लगते ही केन्द्र पर समय से पहुचे और मूल्यांकन में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि मूल्याकंन में लगने वाले शिक्षकों के भी परिचय पत्र जारी किए जायेंगे।

वहीं राजधानी में डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि शहर के पांच केंद्रों पर मूल्यांकन शुरू होगा। इसकी तैयारियां उनकी ओर से पूरी कर ली गई हैं। सभी उत्तर पुस्तिकायें सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में रखी जायेंगी। बता दें कि बोर्ड की ओर से मूल्यांकन की तिथि पहले ही जारी की जा चुकी है। लेकिन विभागीय तैयारियां भी पूरी की जानी थी। परिषद सचिव के मुताबिक इस बार 1.54 लाख शिक्षक मूल्यांकन कार्य करेंगे। वहीं परीक्षक 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों की कॉपियों का मूल्यांकन 13 दिनों में पूरा करेंगे।

बकाया पारिश्रमिक शुल्क समय पर दिया जाना जरूरी

वहीं दूसरी ओर जिन शिक्षकों को अभी तक पारिश्रमिक शुल्क नहीं मिला है वह शिक्षक अपना बकाया शुल्क देने की मांग कर रहे हैं। इस बारे में माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रवक्ता व प्रादेशीय मंत्री डॉ आरपी मिश्रा ने कई बार डिमांड के बाद काफी शिक्षको का बकाया शुल्क मिल गया है। लेकिन अभी भी 2022 के मूल्यांकन का पैसा कई शिक्षकों को नहीं मिला है। इस संबंध में हमने मांग की है कि बकाया शुल्क इस बार मूल्यांकन से पहले दिया जाना चाहिए।

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.

TENDER NOTICE

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (E. Z.-1) invites online percentage rate bids in two bid system for-
NIT No-186/ APM(E)/UNIT-18/KGMU/RNNN/24 Dated 05-03-2024 e-tender Upgradation of Fire Fighting System in various building at KGMU Lucknow, upto 4:00 PM on Dated 16-03-2024, all other details on:- website: www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मेरा नाम प्रेमलता आधार कार्ड व पैन कार्ड में दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र सुनील कुमार के नौकरी के अभिलेखों में मेरा नाम प्रेमलता देवी दर्ज हो गया है। प्रेमलता व प्रेमलता देवी दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे इन दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **नाम– प्रेमलता पता– निवासी ग्राम तेजीपुर पोस्ट मल्लावां तहसील बिलग्राम जनपद– हरदोई पिन कोड 241303 जिला– हरदोई, उत्तर प्रदेश।**

आवश्यकता है
यूबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार, सम्पर्क – प्रबंधक मो.: 9454716161**

पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध– डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)
आवश्यकता है
संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की– **प्रवक्ता बी.ए.** – हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। **प्रवक्ता एम.ए.–** शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02–02 पद। **प्रवक्ता बी. एड.–** 04 पद। **योग्यता–** यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। **वेतन–** राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक– डॉ. श्रीमती गीता पांडेय मो0– 8004232988

सूचना
मेरा नाम रामसागर आधार कार्ड व पैन कार्ड में दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र सुनील कुमार के नौकरी के अभिलेखों में मेरा नाम रामसागर तिवारी दर्ज हो गया है। रामसागर व राम सागर तिवारी दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे इन दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **नाम– रामसागर पता– निवासी ग्राम तेजीपुर पोस्ट मल्लावां तहसील बिलग्राम, जनपद– हरदोई पिन कोड 241303, जिला– हरदोई, उत्तर प्रदेश।**

लखनऊ नगर निगम, लखनऊ
लालबाग, टी0एन0रोड, लखनऊ–226001 (उ0प्र0)
टेली–फैक्सः 0522–2622440, ई–मेल– nnlko@up.nic.in

पत्र सं.: 392/मु.अ./23–24 दिनांक : 06.03.2024

ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अति–अल्पकालिक निविदा सूचना (पुनः आमंत्रण)

ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा वायुगुणवत्ता सुधार के दृष्टिगत 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत दिनांक 11.03.2024 को 01 कार्य हेतु ई–निविदायें, ई–निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लागिन करके जमा किया जायेगा। ई–निविदा दिनांक 11.03.2024 को अपराह्न 15.00 बजे तक ई–निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें दिनांक 11.03.2024 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई–निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाताओं के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। **मुख्य अभियन्ता**

लखनऊ नगर निगम, लखनऊ
लालबाग, टी0एन0रोड, लखनऊ–226001 (उ0प्र0)
टेली–फैक्सः 0522–2622440, ई–मेल– nnlko@up.nic.in

पत्र सं.: 387/मु.अ./23–24 **अति–अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 04.03.2024

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 12.03.2024 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 11.03.2024 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय के कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 4 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू. में	धरोहर धनराशि रू. में	कार्यपूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18 प्रतिशत जी.एस.टी.	कुल निविदा मुल्य जी0 एस0टी0 सहित
1.	राजेन्द्र नगर वार्ड के अन्तर्गत राजेश टिम्बर से सिंघल भवन तक पेवर द्वारा सड़क सुधार कार्य।	846160	84616	1 माह	846	152	998
2.	राजेन्द्र नगर वार्ड के अन्तर्गत अमूल कार्नर से केशव कल्याण मण्डप मुख्य मार्ग तक पेवर द्वारा सड़क का सुधार व म0न0 38 के सामने इण्टरलाकिंग मरम्मत का कार्य।	419266	41927	1 माह	419	75	495
3.	राजेन्द्र नगर वार्ड के अन्तर्गत म0न0 156 सातवां मार्ग पर एनीमल कैचर व टेबलटॉप बनाने का कार्य।	125395	12540	1 माह	125	23	148

शर्तें :– निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। शासनादेश संख्या–6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 तक प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। शासनादेश संख्या–962/नौ–9–2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। **मुख्य अभियन्ता**

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।
एडमिन यूनिट/जोन : लखनऊ–पू.उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/पू.उ.रे., **नीलामी सूची सं./लॉट सं. : LJN-MISC-08-24, नीलामी सूची प्रकाशन तिथि** : 04.03.2024 समय 17:28 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)** : 20.03.2024 समय 13:00 बजे, **नीलामी बंद करने की तिथि व समय** : 20.03.2024 समय 13:40 बजे, **नीलामी का प्रकार** : Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है** : E-Auction Module of www.ireps.gov.in
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, मुजाधि/वाणिज्य-290 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm | DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए– 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे0 वी0 फार्मा, मो0: 9452245400, के0 एस0 फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांकः– 967/ई0ई0–6/एल0जे0एस0 2023–24 दिनांकः 07/03/2024

अतिअल्प कालीन निविदा–सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि0 12/03/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 12/03/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन–6 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Repairing of 1.50 HP submersible pump 06 Nos at different places of Acharya Narendra Dev Ward, Lko	3100.00	Rs. 200	05 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।
अधिशासी अभियन्ता, जोन–6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता (ओ एंड एफ) उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर मुहरबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना संख्या	182-Mech-CW-ERW-BSB-22
कार्य का नाम	एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट फार इन्सटालेशन ऑफ मशीन्स, कमिशनिंग आपरेशन एण्ड मैनेजमेंट आफ मैटेरियल रिकबरी फैसिलिटी (एमआरएफ) फार ड्राई वेस्ट ट्रीटमेन्ट एण्ड कम्पोस्टिंग प्लान्ट फार वेट वेस्ट ट्रीटमेन्ट ऐट वाराणसी कैन्ट रेलवे स्टेशन फार थ्री इयर्स (एक्सटेन्डेबल अपटू टेन इयर्स)
निविदा मूल्य	रु. 0.00
रेलवे द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले बुनियादी ढांचे की अनुमानित लागत	रु. 2,35,42,911.03
धरोहर राशि बुनियादी ढांचे की लागत का 1% (वापसी योग्य)	रु. 2,35,429.00 (सीनियर डिवीजनल फायनेंस मैनेजर, नार्दन रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के पक्ष में)
परफारमेन्स सिक्योरिटी @ 3% आफ इन्फ्रास्ट्रक्चर कास्ट	रु. 7,06,288.00
कार्य की समापन अवधि	3 वर्ष
निविदा बाक्स का स्थान	टेण्डर बॉक्स संख्या 8 जो कि आर0पी0एफ0 पोस्ट/गेट नं.–1 मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, लखनऊ में स्थित है।
कार्यालय का पता तथा निविदा प्रपत्र उपलब्धता की तिथि एवं समय	वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता (ओ एंड एफ), मंडल कार्यालय, उ0रे0, हजरतगंज, लखनऊ में दिनांक 07.03.2024 से 26.03.2024 तक 10.00 बजे से 15.00 बजे तक तथा दिनांक 27.03.2024 को 10.00 बजे से 12.00 बजे तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख/समय	निविदा जमा करने की अंतिम तारीख/समय दिनांक 27.03.2024 को 15.00 बजे तक। निविदा खुलने की तारीख/समय दिनांक 27.03.2024 को 15.30 बजे। यह निविदा टेन्डर रूम में जो कि मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ में स्थित सिक्योरिटी कंट्रोल रूम के बगल में मुख्य द्वार के पास स्थित है में खुलेगी।
उत्तर रेलवे वेबसाइट	www.nr.indianrailways.gov.in
निविदा प्रपत्र का मूल्य कैश/डाक द्वारा सीनियर डिवीजनल फायनेंस मैनेजर, नार्दन रेलवे, लखनऊ के पक्ष में कैश/डाक बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत करके प्राप्त किये जा सकते है।	रु. 500/– एवं डाक द्वारा मॉगे जाने पर रु.550/– (सीनियर डिवीजनल फायनेंस मैनेजर, नार्दन रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के पक्ष में)

अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में देखे जा सकेगे। टेण्डर फार्म हस्तानांतरित नही किया जायेगा और बिके हुए निविदा फार्म की कीमत वापस नहीं की जायेगी। निविदा के साथ धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र के मूल्य को पूर्ण न करने की स्थिति में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
729/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

महिला दिवस

विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मिला रानी लक्ष्मीबाई सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : श्रेया फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को एक होटल में सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत फाउंडेशन के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय, संगीता राय, श्रेया राय, फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली और फिल्म अभिनेत्री जरीना वहाब ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। यहां म्यूजिक एल्बम भारत की बेटियां बम बम भोले तथा साढ़े साती को लांच किया गया। कंपनी के अध्यक्ष और क्रिएटिव हेड हेमंत कुमार राय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर के अच्छे निर्णय लिए हैं, इसी क्रम में हमारी फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर रही है। प्रोड्यूसर शालिनी मिश्रा ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर देश की बेटियां नमक एल्बम राष्ट्र को समर्पित किया है तथा निरंतर उत्तर प्रदेश के नए कलाकारों को प्रोत्साहित कर उनको विभिन्न प्लेटफार्म पर लाकर उन्हें रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।फिल्म अभिनेता आदित्य पंचोली ने कहा कि श्रेया फाउंडेशन ने भारत की बेटियां एल्बम लॉन्च कर उत्तर प्रदेश की महिलाओं को मोटिवेशनल संदेश दिया है। फिल्म अभिनेत्री जरीना वहाब ने कहा की किसी की भी राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं का भी 50 फीसदी योगदान होता है। इस मौके पर डॉ. अनीता सहगल (कला), रूमाना सिद्दीकी (समाज सेवा), फिजा हुसैन (फैशन), बिंदिया सलिल (गायिका), पायल मित्र, सुप्रिया तिवारी, प्रेमा देवी, डी पद्मावती, शालिनी मिश्रा, संजना मिश्रा, आस्था पांडे, शालिनी त्रिपाठी, सरिता यादव, रेखा सिंह, गजाला फातिमा, रेखा यादव, डॉ. सत्या सिंह (उत्तर प्रदेश पुलिस), प्रमिला मिश्रा (अधिवक्ता), रजिया नवाज (सामाजिक कार्यकर्ता), रीता सिंह, सीमा अग्रवाल (शिक्षा), यशिका सिंह (खेल), शाहाना सिद्दीकी (सामाजिक कार्यकर्ता), परवीन आजाद, समीना सिद्दीकी, इशिका अरोड़ा, प्रभाती पांडे, काजल इसरानी, मंजू श्रीवास्तव, उजमा बेग, डॉ. विनीत द्विवेदी, सदफ तसनीम, सैयद जरीन, डॉ. अनुराधा शर्मा, राधिका, डॉ. दुआ नकवी, शिल्पी त्रिपाठी और डॉ. अलमास किदवई को रानी लक्ष्मीबाई सम्मान- 2024 से सम्मानित किया गया।

जनता के बीच पहचान बनाएं महिला पार्षद

रबर स्टाम्प की तरह न करें काम, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष सदन में आधी आबादी के मुद्दों को लेकर दिया गया जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : घरों से निकलकर महिलाएं अब हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। राजनीति, शिक्षा, विज्ञान, सेना, व्यापार हो या समाजसेवा पुरुष से कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। वहीं, कई ऐसी महिला पार्षद भी हैं, जो अभी भी रबर स्टाम्प की तरह काम कर रही हैं।

नाम की पार्षद हैं, लेकिन काम पार्षद पति देखते हैं। इस परम्परा को बदलने की जरूरत है। पार्षद पति का तमगा हटाकर उन्हें भी घर से बाहर निकलकर खुद जनता से मिलना चाहिए। उनकी समस्या जानकर समाधान करने का प्रयास करना चाहिए। गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर त्रिलोकनाथ हॉल में बुलाए गए नगर निगम के विशेष सदन में निवर्तमान एवं पूर्व महिला पार्षदों ने आधी आबादी के मुद्दों को धार दी। विशेष सदन की तीन घंटे तक चली बैठक में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर सभी पार्षद मुखर नजर आयीं।

विशेष सदन की बैठक में पूर्व महिला पार्षदों ने मौजूदा महिला पार्षदों से अनुभव साझा किये। कैसे पूर्व महिला पार्षदों को वार्ड में विकास के दौरान किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा। किस तरह चुनौतियों से बाहर आकर भी पूर्व महिला पार्षद अपने वार्ड में लोकप्रियता हासिल कर रही हैं। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट सहित अन्य महिला अधिकारी एवं पार्षद उपस्थित रहीं।

महिला दिवस पर आयोजित नगर निगम के विशेष सदन में पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया और मेयर सुषमा खर्कवाल के साथ ग्रुप फोटो खिंचवातीं पूर्व व वर्तमान महिला पार्षद। अमृत विचार

महिलाओं के लिए वार्ड में रखी जाएगी शिकायत पेटी

विशेष बैठक में महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि वार्ड और मुख्य बाजार में महिलाओं की समस्या के निस्तारण के लिए शिकायत पेटी रखी जाएगी। इसमें कोई भी महिला अपनी शिकायत लिखकर दे सकती है। उसकी पहचान गुप्त रखते हुए संबंधित विभाग से समस्या का निदान करवाने का प्रयास होगा। शिकायत पेटी की मॉनिटरिंग जोन के जोनल अधिकारी की होगी।

अपर नगर आयुक्त की जमकर लगाई क्लास

विशेष सदन की बैठक में बदइंतजामी देखकर मेयर सुषमा खर्कवाल ने संबंधित को मौके पर तलब कर लिया। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए अपर नगर आयुक्त से बदइंतजामी को लेकर जवाब मांगा है। साथ ही लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी पर कार्रवाई की बात कही है। मेयर के नाराजगी की वजह यह रही कि सदन के संचालन के लिए उन्हें गाउन से लेकर पटल पर गदा तक नहीं रखा गया। सदन की कार्यवाही को नोट करने वाला तक मौके पर मौजूद नहीं थे।

मौजूदा पार्षद बोलीं

महिला पार्षदों को आगे की पंक्ति में बैठने का स्थान दिया जाए। महिलाओं को अक्सर कमजोर समझा जाता है, लेकिन हर क्षेत्र में महिलाएं अपना दमखम दिखा रही हैं। वार्ड में भी हर मुद्दे को लेकर जनता के साथ रहती हूं।

–रानी कनौजिया, दौलतगंज वार्ड

पिछड़े क्षेत्र से ज्यादातर महिला पार्षद ही जीतकर आई हैं। इसके बाद भी वार्डों में काफी पिछड़ापन है। नए वार्डों के लिए अलग से विकास निधि रखी जाए, जिससे महिला पार्षदों को प्रोत्साहन मिले।

–ममता रावत, भरवारा मल्हौर वार्ड

महिला पार्षद अब अपने अधिकारों को लेकर सीधे नगर निगम अफसरों से वार्ता कर रही हैं। पहले की प्रथा अब नहीं रह गई कि पार्षद पति वार्ड की समस्या के लिए अफसरों से वार्ता करेंगे। वार्ड में सभी कार्यक्रम में शामिल होती हूं।

–गौरी सांवरिया, कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड

अपर नगर आयुक्त ने पूर्व मेयर को जाकर दिया न्योता

लखनऊ की प्रथम महिला व पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया को नगर निगम के अधिकारी विशेष बैठक के लिए आमंत्रण देना भूल गए थे। गुरुवार को अपर नगर आयुक्त ललित कुमार खुद पूर्व मेयर को निमंत्रण देने पहुंचे, जिसके बाद वह सदन की बैठक में शामिल होने पहुंचीं। उनका मौजूदा मेयर सुषमा खर्कवाल सहित सभी महिला जनप्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया ने सदन की बैठक में कहा कि महिला दिवस की विशेष बैठक की शुरुआत उनके ही कार्यकाल में हुआ था। उन्होंने कहा कि महिला सदन का अनुसरण करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने भी 1 दिन के लिए महिला सदन चलाया था।

इन पर भी हुआ फैसला

- वैज्ञानिक रितु करिधाल (राकेट वूमेन) के नाम से किसी एक सड़क या पार्क का नामकरण होगा।
- महापौर, नगर आयुक्त और सभी अपर नगर आयुक्त लाटरी के जरिए एक-एक महिला वार्ड को गोद लेंगे।
- महिलाओं के लिए अलग से पार्किंग व महिला बाजार बनाया जाएगा।
- महिला सफाई कर्मियों की ड्यूटी सुबह 6 के बजाए 8 बजे से होगी।
- अगले 5 साल अब महिला सदन का आयोजन किये जाने का ऐलान किया।

अव्वल छात्रों को नगर निगम बनाएगा ब्रांड एंबेसडर

महापौर ने कहा कि यूपी बोर्ड के 10वीं व 12वीं कक्षा में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नगर निगम का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा। एक महिला हर किसी के जीवन का अभिन्न अंग है, वो मां भी है, बेटी और बहन भी है, इसलिए महिलाओं को हर मौके पर प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

सेंटर बनाएगा नगर निगम : महिलाएं नवजात शिशु को लेकर घर से बाहर निकलती हैं। इस दौरान उन्हें अपने बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग कराना हो तो काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। महिलाओं की इस समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम अब जल्द मुख्य बाजार, मुख्य मार्ग पर ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर का निर्माण करेगा। जहां कोई भी महिला अपने बच्चे को लेकर जा सकती है। यह पूरी तरह से सुरक्षित भी होगा, जहां महिला सुरक्षाकर्मी भी तैनात की जाएंगी।

इस सेंटर पर महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड भी उपलब्ध होगा। जल्द इस योजना को लागू करने के लिए महिला केंद्रीत बजट बनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नगर निगम में महिला पार्षदों के लिए आयोजित विशेष बैठक में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने इसका ऐलान किया। सदन में मौजूद सभी महिलाओं ने ताली बजाकर इस कदम का स्वागत किया।

पूर्व पार्षदों ने साझा किये अनुभव

दो बार पार्षद बनीं उस वक्त बच्चे काफी छोटे थे। तब भी वार्ड के विकास में पूरा समय दिया। अब पार्षदी खत्म होने पर मेरे द्वारा विकसित की लाइब्रेरी और योगा पार्क को बंद कर दिया गया। **–सुनीता सिंघल, नजरबाग यदुनाथ सान्याल वार्ड**

कोरोना के वक्त हर पीड़ित के साथ मदद के लिए मौजूद रहती थी। उनकी समस्या को नजदीक से समझने का मौका मिला। घरवालों ने भी राजनीति में सक्रिय होकर काम करने से नहीं रोका। **–रेखा रौशनी सिंह, मनकामेश्वर वार्ड**

पार्षदी खत्म होने के बाद भी वार्ड में जनसेवा करते रहना चाहिए। अक्सर लोग पार्षदी किसी दूसरे के पास जाने के बाद पांच साल जनता से संवाद छोड़ देते हैं। इसलिए हर वक्त जनसेवा के कार्य में जुटी रहती हूं। **–रुपाली गुप्ता, भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड**

पूर्व होने के बाद नगर निगम के अधिकारी वार्ड की समस्या नहीं सुनते हैं। वार्ड में चूना गिराने के लिए कहकर थक गई, लेकिन अधिकारियों ने अनसुना कर दिया। दूसरी समस्याओं का भी निदान नहीं होता है। **–कुमकुम राजपूत, अयोध्या दास वार्ड**

पूर्व महिला पार्षदों के लिए इस तरह के विशेष सदन का आयोजन होने से वार्ड के विकास को रफ्तार मिलती है। पूर्व और मौजूदा पार्षदों को एक-दूसरे से अनुभव साझा करने का मौका मिलता है। **–मिथिलेश चौहान, लोहिया नगर वार्ड**

कोई भी महिला पार्षद अपने लैटर पैड पर बिना देखे समझे हस्ताक्षर न करें। कई बार लोग गलत दस्तावेज पर पार्षद का हस्ताक्षर करवा लेते हैं। फर्जीवाड़े का खुलासा होने पर कानूनी अड़चनों का सामना करना पड़ता है। **–साधना वर्मा, शीतला देवी**

दो महीने का बच्चा लेकर सदन में पहली बार शामिल होने आई थीं। वार्ड में जनसेवा करते हुए बच्चा कब बड़ा हो गया इसका पता ही नहीं चला। अब भी पूर्व होने के बाद भी क्षेत्र की जनता की सेवा में तत्पर रहती हूं। **–नेहा सौरभ सिंह, हिंद नगर वार्ड**

चिनहट क्षेत्र में कोई महिला मार्केट नहीं है। अपने कार्यकाल में काफी प्रयास किया गया, लेकिन योजना पर मोहर नहीं लग पाई। इसके साथ नगर निगम के स्कूलों के अध्यापकों का वेतन बढ़ाना स्वागत योग्य है। **–स्नेहलता राय, चिनहट प्रथम**

दो बार वार्ड से पार्षद रहीं। पार्षद का मतलब कुर्सी पर बैठना नहीं होता है। अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए क्षेत्र की जनता के साथ पूर्व होने के बाद भी मिलते-जुलते रहना चाहिए। **–शशि गुप्ता, बशीरतगंज गणेशगंज वार्ड**

बच्चों के साथ वार्ड की जनता का भी ख्याल रखा। पति के साथ लोगों से हर दिन समस्या का निस्तारण करते हैं। महिला पार्षद ही वार्ड की महिलाओं की समस्या समझ सकती हैं। **–दीपांजलि सिंह, पेपर मिल वार्ड**

महिलाओं को हर क्षेत्र में अवसर मिलना ही सशक्तिकरण : डॉ. अनिल कुमार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हर क्षेत्र में महिलाओं को अवसर मिलना ही सही मायने में महिला सशक्तिकरण है। यह वह मार्ग है जिस पर हम चलकर विकसित व आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर सकते हैं। ये बातें गुरुवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) के निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने कहीं।

मुख्यालय पर महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलेभर से लाभार्थी महिलाएं कार्यक्रम में शामिल हुईं और केक काटकर खुशियां मनाईं। महिलाओं ने अपने संघर्ष की कहानी बयां की। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डॉ. अनिल ने की और महिलाओं को संबोधित किया। कहा, योजनाओं से महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है। महिला सशक्तिकरण का सही अर्थ समाज के प्रत्येक वर्ग की महिला को समान अवसर मिले, चाहे शिक्षा की बात हो या फिर रोजगार की। समाज में महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार के लिए लगातार मिशन मोड में काम किया जा रहा है। चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) हो या फिर डे-एनयूएलएम। स्वयं सहायता समूह योजनाओं का केंद्र भी महिलाएं ही हैं। इन योजनाओं से महिलाओं को पक्के घर मिल रहे हैं तो रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। वहीं, अपर निदेशक आनंद कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना व डे-एनयूएलएम योजना ने महिलाओं को सहारा दिया है। कार्यक्रम में उप निदेशक कीर्ति प्रकाश भारती, सहायक निदेशक मोनिका वर्मा व परियोजना अधिकारी विजया तिवारी रहीं।

सूडा मुख्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में निदेशक डॉ. अनिल कुमार व साथ में सम्मानित लाभार्थी महिलाएं। अमृत विचार

सम्मान और प्रशस्ति पत्र पाकर खिले चेहरे

निदेशक ने कार्यक्रम के दौरान दुर्गा स्वयं सहायता समूह की अंजू राय, वेनेसा स्वयं सहायता समूह की कुसुम शिब्ली, प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की मेहरू निशा व कलावती एसएलएफ की संगीता पाल, जानकी सिंह, जीनत व सुनीता श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की लाभार्थी नन्ही देवी व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की लाभार्थी आकांक्षा कुमावत व शशी पांडेय को भी सम्मानित किया। साथ ही 50 से अधिक महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र दिए और योजनाओं के बैग बांटे। इससे महिलाओं के चेहरे खिल उठे।

- **अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सूडा में हुआ महिलाओं का सम्मान**
- **निदेशक ने महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर, गिनाईं विभाग की उपलब्धियां**

बेटियों के खेल से खिलवाड़ कर रहा खेल विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **केडी सिंह बाबू स्टेडियम में महिला छात्रावास के खिलाड़ी बिना इंफ्रास्ट्रक्चर के अभ्यास करने को हैं मजबूर**

अमृत विचार : महिला भारतीय हॉकी टीम की शान रही वंदना कटारिया हो या पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट पद्मश्री सुधा सिंह, दोनों ने ही केडी सिंह बाबू स्टेडियम के छात्रावास में रहते हुए खेलों का ककहरा सीखा।

इन खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय फिर राष्ट्रीय स्तर के खेलों में दमदार प्रदर्शन किया। दोनों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ का नाम रोशन किया। ऐसे तमाम खिलाड़ी है, जिन्होंने यहां से प्रशिक्षण लेकर कामयाबी का सफर तय किया। इन खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तक खेल विभाग उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। खेल जगत के दिग्गजों के अनुसार, यदि बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर मिल जाए तो खिलाड़ी अधिक पदक जीत सकेंगे। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में महिला खेलों के चार छात्रावास मौजूद हैं। इनमें हॉकी, एथलेटिक्स, वॉलीबाल और तैराकी शामिल हैं। इन खेलों में अभ्यास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तक उपलब्ध नहीं है। ये खिलाड़ी स्टेडियम के घसियाले मैदान पर ही अभ्यास को मजबूर हैं।

- हॉकी के लिए नहीं है टर्फ
- एथलेटिक्स के लिए नहीं है सिंथेटिक ट्रैक
- तैराकी के अभ्यास के लिए नहीं है तरणताल
- वॉलीबाल के लिए नहीं है इंडोर हाल

खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर हो तो खिलाड़ियों को अभ्यास में मदद मिलती है। अभ्यास मैदान में और प्रतियोगिता सिंथेटिक ट्रैक पर होने से खिलाड़ियों को परेशानी होती है। खिलाड़ियों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर बेहद जरूरी हैं।

–पद्मश्री सुधा सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट

राजधानी में शानदार वॉलीबाल कोर्ट तैयार किया जा रहा है। एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए 600 मीटर का ट्रैक बनाए जाने की तैयारी है। हॉकी में लड़कियों के लिए विजयंत खंड में छात्रावास अगले साल तैयार किए जाने का खाका तैयार किया गया है। तैराकी के लिए ऑलवेदर पूल बनाया जा रहा है।

–अजय सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, लखनऊ खेल विभाग

खिलाड़ी बने अधिकारी फिर भी इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेलों का यह हाल तब है जब यहां पर तैनात अधिकारी अपने समय के जाने-माने खिलाड़ी रहे हैं। खेल विभाग के मुखिया और क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ दोनों ही तमाम खेल प्रतियोगिताओं को जीतने के बाद यहां तक पहुंचे। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह हॉकी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे। खेल निदेशक से पहले वह लखनऊ में क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी भी रहे। खेल विभाग में तैनात तीन उपनिदेशक भी विभिन्न खेलों से जुड़े रहे हैं। मौजूदा क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय सेठी जिम्नास्टिक के खिलाड़ी रहे।

खेलना है तो खेलो, वरना लौट जाओ: छात्रावास में दाखिले के लिए प्रदेश भर की लड़कियों को पहले जिला स्तरीय ट्रायल पास करना पड़ता है। फिर प्रदेश स्तर पर शानदार प्रदर्शन करना होता है। तमाम चयन प्रक्रिया को पार करते हुए खिलाड़ी छात्रावास पहुंचते हैं। उन्हें विश्वास होता है कि खेल विभाग उन्हें बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराएगा और वे देश के लिए पदक जीत सकेंगी, लेकिन छात्रावासों में दाखिले के बाद भी वह उसी तरह से अभ्यास को मजबूर हैं। विभागीय अधिकारियों से जब बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग की गई तो उन्हें टका सा जवाब दिया जाता है। खेलना है खेलों, नहीं तो लौट जाओ, कॅरियर तुम्हें बनाना है, हमें नहीं।

महिला उद्यमियों का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व दिवस पर आदर्श व्यापार मंडल ने आयोजित की गोष्ठी**

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व दिवस पर आत्मनिर्भर एवं आधुनिक भारत के निर्माण में महिला व्यापारियों की भूमिका विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें व्यापार और व्यापारियों के हितों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाली छह महिला व्यापारियों का सम्मान किया गया।

संगठन प्रमुख संजय गुप्ता ने उन्हें विशिष्ट महिला सम्मान से नवाजा।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या में 30 गुना वृद्धि हुई है। व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में महिलाओं के लिए असीमित संभावनाएं हैं। नगर अध्यक्ष अनिला अग्रवाल ने कहा आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़कर काम कर रही हैं। बिंदु जैन ने कहा कि नारी किसी से कम नहीं है। एक नारी के उत्थान से पूरे परिवार का कल्याण होगा। गोष्ठी में वर्तिका शुक्ला, अंजलि मौर्य, रितु सिंह ठाकुर, आरती कपूर, रेणु अग्रवाल, रीमा अग्रवाल को विशिष्ट महिला सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान अंजलि मौर्या, सुनीता राय, शिखा मिश्रा, मनोरमा मिश्रा, रेनू सिंह, रेनू अग्रवाल, ज्योति मेहरोत्रा कंचन यादव, रितु सिंह, मीनू सक्सेना, मीनू श्रीवास्तव, प्रीति गुप्ता, वीणा, सोनी, शिखा, आरती कपूर, प्राची, डॉ. इंदु सुभाष कादंबरी देवी मंजू मिश्रा, नीतू रस्तोगी आदि महिला व्यापारी उपस्थित रहीं। आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, ट्रांसगोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, राजीव शुक्ला, मोहित कपूर भी मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

बुरा हाल 55 समितियां जर्जर, 11 में कभी भी हो सकता है हादसा, जिम्मेदार अंजान

गिरने की कगार पर समितियां, कायाकल्प का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिले में 1980 के आसपास से संचालित 55 साधन सहकारी समितियां (बीपैक्स) जर्जर हैं। मरम्मत के अभाव में 11 समितियां कभी भी गिर सकती हैं। यहां सचिव और कर्मचारी काम करने से कतराते हैं तो किसान भी जान जोखिम में डालकर आते हैं।

सहकारिता विभाग के पास समितियों का जीर्णोद्धार के लिए बजट नहीं है। इसलिए कहीं प्लास्टर उखड़ रहा तो कहीं छत गिर रही है। बारिश में और खतरा है। पिछले वर्ष ज्यादा जर्जर 11 समितियों का क्षेत्र पंचायत से कायाकल्प कराने की योजना बनी थी। स्थिति और खर्च अधिक देखकर जिम्मेदार पीछे हट गए। तब से जर्जर समितियां कायाकल्प का इंतजार कर रही है और विभाग पत्राचार में उलझा है।

...तो कैसे उड़ान भरेंगे समितियां : जीर्णोद्धार होने पर समितियों का नए तरह से संचालन करना है। यहां गोदाम, जनसेवा केंद्र, बैंकों की तरह काम, जन औषधीय केंद्र आदि बनाए जाने हैं। सहकारिता मंत्रालय की योजना के तहत ये सभी कार्य अधर में हैं। यहां तक की कई समितियों में काम बंद हो गए हैं या फिर परिसर के बाहर होते हैं।

जर्जर सहकारी समिति का यह है हाल। अमृत विचार

- **क्षेत्र पंचायत की बैठक में तय हुआ था कायाकल्प कराना**

कायाकल्प के लिए ये समितियां चिह्नित

- **मोहनलालगंज :** कांटा करौंदी, समेसी, गौतम खेड़, फत्तेखेड़ा, भौंदरी
- **सरोजनी नगर :** मौदा, सहजनपुर
- **माल :** अमलौली, जमोलिया
- **बीकेटी :** नवी कोटनंदना, मदारीपुर

समितियों का कायाकल्प क्षेत्र पंचायत की बैठक में तय हुआ था। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी को पत्र भेजा है। जल्द समितियों का कायाकल्प कराया जाएगा।

–अजीत कुमार, जिला विकास अधिकारी, लखनऊ

विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मां गायत्री जनसेवा संस्थान और नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय परिसर में नारी शक्ति महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें समाज सेवा, चिकित्सा, शिक्षा, साहित्य, कला, अभिनय, संगीत, वकालत, राजनीति, पत्रकारिता व घरेलू क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली विभूतियों में अर्चना सिंह, डॉ. सत्या सिंह, नेहा सिंह, डॉ. अजिता दुबे, पूजा कौर भल्ला, दिव्या वर्मा, डॉ. अर्चना कनौजिया, डॉ. निशा सिद्दीकी, सुषमा रस्तोगी, रीता सिंह, चांदनी धवन, सुनीता पांडे, श्रद्धा दुबे, माया यादव, डॉ. आस्था अग्रवाल, शारदा चौधरी, शिवांगी वाजपेयी, स्वाति पांडे, डॉ. सीमा यादव, प्रियंका सिंह, हेमा पांडे, पूनम गुप्ता, स्वाति चटर्जी, सुमिता श्रीवास्तव, रूपाली श्रीवास्तव, सरिता सिंह, सोनी वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, रोली सिंह, रागिनी श्रीवास्तव, मंजूलिका अस्थाना, संगीता शाक्य, गिरीश कुमारी और रिया यादव का नाम शामिल है। कार्यक्रम के आयोजक और मां गायत्री जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा अध्यक्ष नीशू वेलफेयर फाउंडेशन, ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से चयन कर 76 महिलाओं का सम्मान किया गया।

एक नजर

आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में तीन पर रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : गुडंबा इलाके में रहने वाली नर्सिंग की छात्रा के फंदा लगाने के मामले में पिता ने तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बाराबंकी निवासी पिता ने बताया उनकी बेटी जानकीपुरम सेक्टर एच में किराये पर रहकर नर्सिंग की पढ़ाई करती थी। आरोप है कि सीतापुर के बड़ागांव झरेखापुर निवासी प्रशांत सिंह ने बेटी को शादी का झांसा देकर शोषण किया। बेटी ने जब शादी का दबाव बनाया तो प्रशांत उसकी मां बीनू सिंह व पिता बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि 27 फरवरी को शाम 4 बजे प्रशांत और उसके माता पिता बेटी के कमरे में पहुंचे थे।

घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, दुष्कर्म की धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार निवासी युवती ने परिचित पर घर में घुस कर छेड़छाड़ व दुष्कर्म की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि गोमतीनगर के विकास खंड निवासी प्रॉपर्टी डीलर आशीष सिंह को दो साल से जानती हैं। आरोप है कि मंगलवार को वह घर में अकेली थीं। रात करीब 11 बजे घर की घंटी बजी। उन्होंने गेट खोला तभी आशीष उन्हें धक्का देकर अंदर घुस छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर दुष्कर्म की धमकी दी। चीखने पर आरोपी ने उन्हें बेल्ट से पीटा। पुलिस ने बताया आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

कांवड़िया गश खाकर गिरा, मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर में बुधवार रात पैदल जा रहा कांवड़िया अचानक गश खाकर गिर गया। उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कानपुर नगर निवासी कमलेश कुमार (49) बुधवार रात पैदल कांवड़ लेकर जा रहा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

प्रदर्शन ने रोकी शहर की रफ्तार, हर तरफ लगा जाम

शिक्षकों के प्रदर्शन की वजह से राहगीरों को हुईं काफी दिक्कतें, रेंगते रहे वाहन

- हुसैनगंज से लेकर हजरतगंज इलाके में खासी दिक्कत हुई
- रॉयल होटल चौराहे पर बैरिकेडिंग लगाकर विधान भवन के सामने का मार्ग बंद कर दिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में गुरुवार को शिक्षकों के प्रदर्शन की वजह से रफ्तार पर लगाम लग गया। जिसकी वजह से गाड़ियां रेंगती रहीं। लोग घंटों जाम में फंसे रहे। प्रदर्शन की वजह से हुसैनगंज से लेकर हजरतगंज इलाके में खासी दिक्कत हुई। यहां गाड़ियों के पहिए थम गए थे। वहीं, पुलिस ने सहकारिता भवन के पास रॉयल होटल चौराहे पर बैरिकेडिंग लगाकर विधान भवन के सामने का मार्ग बंद कर दिया। इसके कारण लोगों को और दिक्कतें हुईं।

गुरुवार को हजरतगंज क्षेत्र में लगा लंबा जाम। अमृत विचार

गुरुवार को सुबह 9.30 बजे से ही हुसैनगंज, बर्लिंगटन, रॉयल होटल चौराहा, हजरतगंज चौराहे पर भीषण जाम लग गया। इसके कारण सरकारी व निजी कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को काफी परेशानी हुई।

प्रतिभा सिनेमा हॉल, जीपीओ, बसपा कार्यालय, नावेल्टी चौराहा, मेफेयर चौराहा, लीला सिनेमा, राजभवन तिराहा, शास्त्री भवन के सामने, वीवीआईपी गेस्ट हाउस के पास, सप्रू मार्ग पर भीषण जाम लग गया था। राजधानी के मुख्य मार्ग पर जाम लगा था। जबकि यातायात पुलिस चौराहों पर ड्यूटी पर मौजूद जरूर थी। पर, जाम से राहत दिलाने के लिए कोई पहल नहीं कर रही थी।

कानपुर रोड की दोनों पटरियों पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

डेढ़ किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार, राहगीर परेशान

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा में कानपुर रोड की एक पटरी पर हनुमान मंदिर की तरफ और दूसरी पटरी पर मंदिर के सामने ही डबल पब्लिक स्कूल के पास काफी बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आने जाने का रास्ता संकरा है। इसकी वजह से यहां आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। गुरुवार को भी यहां पूरे दिन दोनों पटरियों पर जाम के भीषण हालात बने रहे। लखनऊ से कानपुर की ओर जाने वाली पटरी पर डबल पब्लिक स्कूल से दरोगा खेड़ा की ओर करीब एक -डेढ़ किलोमीटर दूर तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। इसी तरह कानपुर से लखनऊ आने वाली पटरी पर हनुमान मंदिर से बंथरा बाजार तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। वाहनों को रेंग रेंग कर निकलना पड़ा। बताते चलें कि कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण को लेकर पीएनसी कंपनी द्वारा सड़क के डिवाइडर पर दोनों और लोहे की चादर युक्त बैरिकेडिंग लगाकर रोड को संकरा कर दिया गया है। जबकि सड़क के बाहरी किनारे पर यहां हनुमान मंदिर के पास दोनों तरफ काफी बड़े गड्ढे होने के साथ ही उनमें जल भराव बना हुआ है। इससे रास्ता काफी संकरा हो गया है। यहां एक-एक गाड़ी ही निकल पाती है। इसके कारण आए दिन जाम के हालात बने रहते हैं। गुरुवार को इन जलभराव युक्त गड्ढों के कारण ही यहां जाम के हालात बने रहे। लेकिन सड़क निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी इन गड्ढों में मलबा नहीं भरवा रही है।

बाइक से सड़क पार कर रहे दम्पत्ति पर चढ़ा ट्रक, महिला की मौत

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- पति गंभीर रूप से घायल, चालक की तलाश में जुटी पुलिस
- लखनऊ-सीतापुर हाइवे पर अस्ती मोड़ की घटना, कस्बे से खरीदारी कर लौट रहे थे घर

अमृत विचार : बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत लखनऊ सीतापुर हाइवे स्थित अस्ती क्रासिंग के सामने मोटरसाइकिल से हाइवे पार कर अस्ती गांव जा रहे दम्पत्ति को सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला गिरकर ट्रक के नीचे आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अस्ती गांव निवासी बैजनाथ लोधी अपनी पत्नी बिटान (41) के साथ गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे मोटरसाइकिल से बख्शी का तालाब कस्बे में खरीददारी कर वापस घर लौट रहे थे।बैजनाथ लोधी ने बताया कि वह अस्ती कट के पास ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के द्वारा सिग्नल मिलने पर हाइवे पार कर अस्ती रोड की तरफ बढ़े तो अस्ती की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिर गए और उनकी पत्नी ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि बैजनाथ गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला वहीं पुलिस ने ट्रक को इंदौराबाग मोड़ से बरामद कर लिया है जबकि चालक फरार है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। वहीं चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही चालक को पकड़कर उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

चालक को झपकी आने से बैरिकेडिंग में घुसी बेकाबू कार, चार घायल

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके में चालक को नींद आने से बेकाबू कार बैरिकेडिंग में घुस गई। हादसे में चालक सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। लखीमपुर खीरी के निघासन निवासी अमरनाथ ने बताया वह रिश्तेदार रामदेव और मिट्ठू तिवारी के साथ कार बुक करा कर लखीमपुर से बागेश्वर धाम जा रहे थे। गुरुवार तड़के करीब 4 :15 बजे बंथरा थाने से करीब 200 मीटर पहले पहुंचे, तभी कार चालक को झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी लोहे की चादर युक्त बैरिकेडिंग में जा घुसी। चीख पुकार सुन राहगीरों ने सभी को कार से बाहर निकाल कर सूचना एंबुलेंस को दी। सभी को निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घर चले गये।

नगर निगम ने अभियान चला हटाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अतिक्रमण के नाम से गुलजार रहने वाले चारबाग क्षेत्र में गुरुवार को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। सड़क किनारे वर्षों से अतिक्रमण कर रहने वाले रेहड़ी पटरी दुकानदारों ने इसका विरोध किया। लेकिन भारी संख्या में मौजूद नगर निगम की टीम और पुलिस बल के आगे उनकी एक न चली। नगर निगम की टीम ने दुकानदारों और अवैध अतिक्रमण कर रहे लोगों को वहां से हटा दिया।

नगर-निगम जोन-2 की टीम के जोनल ऑफिसर दिव्यांशु पांडेय, एसीपी कैसरबाग और इंस्पेक्टर नाका ने अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए मेट्रो के नीचे, रेलवे रिजर्वेशन कार्यालय लेकर नत्था तिराहे तक फुटपाथ पर काबिज ठेलेवाले, रेहड़ी, पटरी दुकानदारों को पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया गया।

चारबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे अतिक्रमण मुक्त सड़क। अमृत विचार

स्टेशन के बाहर दोनों तरफ लगता है भीषण जाम-चारबाग रेलवे स्टेशन के बाहर सड़क के दोनों तरफ भारी अतिक्रमण की वजह से पूरे दिन-रात लोगों को जाम से परेशान होना पड़ता है। पटरी दुकानदार पटरी की बजाय आधी सड़क पर अपनी दुकानें फैलाकर व्यापार करते है जिसे देखकर पुलिस भी अनजान बनी रहती है। वहीं बसों की वजह से भी जाम लगता रहता है। रोड पर लंबी दूरी तक जाम में लोग घंटो परेशान रहते है।

मानकों के विपरीत हर घर जल कार्य, पटरी क्षतिग्रस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ग्रामीण इलाकों में हर घर जल योजना से लोग परेशान
- पीडब्ल्यूडी की तीन सड़कों पर गलत डाली गई लाइन

अमृत विचार : हर घर जल योजना से स्थानीय लोगों के साथ अन्य विभाग भी परेशान हैं। ग्रामीण इलाकों में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गईं तीन सड़कें मानक के विरुद्ध खोदाई और पाइप लाइन डालने से क्षतिग्रस्त हो गईं। लोगों की परेशानी को देखते हुए संबंधित विभाग ने पुर्ननिर्माण की मांग की है।

हाल में पीडब्ल्यूडी ने पीएमजीएसवाई के तहत लालपुर मार्ग, माल भरावन से बंसतपुर वीरपुर रायपुर एवं भवानीखेड़ा मार्ग पर चौड़ीकरण का कार्य कराया गया था। इन मार्गों पर जल जीवन मिशन अंतर्गत के अनाधिकृत रूप से मानकों के विपरीत रोड कटिंग की गई। इससे पटरी क्षतिग्रस्त हो गई। तीनों मार्गों की पाइप लाइन की ट्रेंच बैठ गई।

निर्देश के बाद भी पीडब्ल्यूडी के अधिकारी और ठेकेदारों की मौजूदगी में काम नहीं कराया गया। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-3 ने यातायात में बाधा और लोकसभा चुनाव में लोगों को परेशानी का हवाला देते हुए जल निगम को पटरी पुर्ननिर्माण कराने को पत्र लिखा है।

नए शोध के बीच तकनीकियों पर जोर

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में फ्लो साइटोमेट्री, क्यूआरटी-पीसीआर, वेस्टर्न ब्लॉटिंग और फार्मास्युटिकल अनुसंधान में इसके अनुप्रयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं पूर्व ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया डॉ. ज्ञानेंद्र नाथ सिंह उपस्थित रहे। स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के डीन प्रो. गौरव कैथवास ने कार्यशाला के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों शोध एवं अनुसंधान के प्रति जागरूकता पैदा करना एवं नयी तकनीकों की जानकारी प्रदान करना होता है, जिसका सकारात्मक परिणाम उनके शोधकार्यों में देखने को मिलता है।

गन्ना संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के घर समेत छह जगह चोरी

संवाददाता, लखनऊ/ बीकेटी

- आलमबाग, महानगर, बीबीडी और बीकेटी थाना क्षेत्र में हुईं वारदातें
- पीड़ितों ने संबंधित थानों में दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार: राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में चोरों ने गन्ना संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के मकान समेत चोरों ने छह जगहों पर चोरी की वारदात अंजाम दी। पीड़ितों ने संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अर्जुनगंज निवासी विनोद कुमार मिश्रा रिश्तेदार सरोज कुमार अपनी पत्नी के साथ कैंट स्थित गन्ना संस्थान परिसर में इक्क्षुपुरी कॉलोनी में रहते हैं। सरोज की पत्नी नेहानाथ 21 फरवरी को असम गईं थी। मंगलवार को चोर लाखों के गहने और नकदी चुरा ले गए।

इंस्पेक्टर आलमबाग एसएस महादेवन ने बताया मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उधर, महानगर के विवेकानंदपुरी निवासी पुलकित मोहन ने बताया वह बेंगलुरु में नौकरी करते हैं। 5 मार्च की रात विवेकानंदपुरी स्थित घर से चोरों ने नगदी व गहने पार कर दिये। वहीं, बीबीडी इलाके के जगपाल खेड़ा निवासी भूपेंद्र सिंह ने बताया 6 मार्च को दिन में पत्नी मायके गयी थी।शाम को वापस आए तो घर के अंदर रखी चेन, कान के झाला, अंगूठी और पायल चोरी हो गए थे। उधर, बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत चंद्रिका देवी रोड स्थित पकरिया के पास की देशी शराब की दुकान व पान मसाला की गुमटी से चोरों ने नकदी व सामान पार कर दिया। वहीं, हरधौरपुर गांव निवासी दीपू की पान गुमटी तोड़कर सामान चुरा ले गये। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करेगी।

सार-संक्षेप

प्लाट बिक्री के नाम पर 22.50 लाख हड़पे

अमृत विचार, सरोजनीनगर : आशियाना के शारदा नगर योजना स्थित रतन खंड निवासी सुरेश बहादुर सिंह ने एलडीए कॉलोनी निवासी आलोक गुप्ता व उसके भाई अनुराग पर धोखाधड़ी कर रकम हड़पने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुरेश बहादुर का कहना है कि आरोपियों से जमीन का सौदा तय हुआ था। 20 अक्टूबर 2021 को जमीन का बैनामा कराया था। बाद में पता चला उक्त भूमि खलिहान के रूप में दर्ज है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों को 22 .50 लाख रुपये दिये थे। दबाव बनाने पर आरोपियों ने दूसरी जमीन का बैनामा कराया, तो वह भी फर्जी निकला। पुलिस मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

खुद को सीबीआई अधिकारी बता 11 लाख ठगे

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर अपराधी द्वारा खुद को सीबीआई अधिकारी बता फोन कर 11 लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया है। कृष्णानगर निवासी नीरज पंत ने बताया कि फोनकर्ता ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया था। पीड़ित रिटायर्ड नीरज पंत ने बताया कि 5 मार्च को उनके मोबाइल पर फोन आया। कॉलर ने खुद का परिचय मुंबई सीबीआई अधिकारी के रूप में दिया। धमकी दी कि नरेश गोयल के केस में आप जुड़े हैं। किसी को यह बात न बताए नहीं तो दो साल की जेल की सजा हो जायेगी। इसके साथ ही 5 लाख का जुर्माना भरना पड़ेगा। भयभीत होकर उन्होंने आरोपी के बताये अकाउंट में 1123861 रुपये ट्रांसफर करा लिये। कुछ देर बाद ठगी का एहसास होने पर स्थानीय पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

वृद्ध महिला से नौकर ने की गंदी हरकत

अमृत विचार, लखनऊ : विभूतिखंड थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित बेटी ने बताया बुजुर्ग मां करीब सात वर्ष से बीमार हैं। वह बोलने व चलने में असमर्थ हैं। वह अपने भाई के साथ दिल्ली में पढ़ाई करती है। मां की देखभाल के लिये नौकर रखा था। हालत गंभीर होने पर मां की सेवा करने वह दिल्ली से लखनऊ आईं थी। मां की देख रेख करने वाले नौकर सियाराम उर्फ कल्लू निवासी बकम देवलहा खर्गीपुर जनपद गोंडा को उसने 6 मार्च की शाम करीब 4 .30 बजे मां के कपड़े उतार कर गंदी हरकत करते देखा। उसे आया देख आरोपी ने मां को धक्का देकर उस पर जानलेवा हमला कर फरार हो गया। पीड़िता ने बताया पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला सेवानिवृत्त बैंककर्मी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में सिटी बस में सफर कर रही छात्रा से रिटायर बैंक कर्मी द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। केरल निवासी छात्रा निजी संस्थान से मॉस कम्यूनिकेशन कर रही है। मंगलवार को छात्रा कमता तिराहे से सिटी बस से कमरे पर जा रही थी। उसके पास वाली सीट पर वृद्ध आकर बैठ गया। रिटायर्ड बैंककर्मी ने छात्रा से मोबाइल नम्बर मांगा तो उसने शोर मचाया। शोर सुनकर ड्राइवर ने बस रोक दी। इस बीच सहयात्रियों ने युवती से मामला पूछा। उसकी पिटाई शुरू कर दी। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि आशियाना निवासी राज करन बैंक से रिटायर कर्मचारी है। रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

संदिग्ध हालात में महिला का फंदे से लटका मिला शव

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी कस्बा के मोहल्ला हाता गुलाम सफदर में राधा (24) का संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से शव लटका मिला। मायके वालों ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी है। भाई जीतेन्द्र ने बताया बहन राधा की शादी तीन वर्ष पूर्व रंजीत कुमार से की थी। शादी के कुछ महीने बाद रंजीत समेत अन्य परिजन दहेज की मांग कर बहन को प्रताड़ित करने लगे। आरोपी दहेज में एक लाख रुपये नकदी व बाइक आदि की मांग पूरी नहीं होने पर बहन को मारते-पीटते थे। गुरुवार को बहन ने फंदा लगा लिया है। परिजन ने घटना स्थल पर पहुंच पुलिस को सूचना दी। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच की जा रही है।

जज के ड्राइवर ने कार चालक पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : जालौन में उरई स्थित पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के ड्राइवर राहुल कुमार उपाध्याय ने कार (यूपी 32 एनएम 6152) के अज्ञात चालक के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल ने बताया राजधानी स्थित उच्च न्यायालय से लौटते समय बुधवार रात करीब 9 :20 बजे वह सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा में जेएस ट्रेनिंग कंपनी के पास गाड़ी खड़ी कर पार्किंग लाइट जलाकर वह और पीठासीन अधिकारी चाय पी रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार चालक ने खड़ी गाड़ी में टक्कर मार दी। आरोप है कि चालक नशे में धुत था।

आज भंवरेश्वर पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे लाखों शिवभक्त

अमृत विचार, निगोहां : महाशिवरात्रि पर्व पर भंवरेश्वर धाम पहुंचकर आज लाखों शिवभक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। निगोहां से महज 6 किमी दूरी पर स्थित भंवरेश्वर महादेव धाम पर महाशिवरात्रि पर्व पर लाखों शिव भक्त जलाभिषेक करने पहुचते हैं। उक्त मार्ग से दिनभर भारी वाहनों का भी आना जाना लगा रहता है। पूर्व में जलाभिषेक करने जा रहे कई शिवभक्तों की जान भी जा चुकी है। इस मार्ग की दोनों पटरियों पर जगह-जगह गड्ढे होने के बाद भी लाखों शिवभक्त जोखिम उठाते हुये पौराणिक भंवरेश्वर धाम पहुंचकर बाबा का जलाभिषेक करेंगे। फिलहाल शिव भक्तों को कोई कष्ट न हो इसके लिए निगोहां पुलिस वाहनों व भीड़ को काबू रखने के लिए पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी।

दहेज उत्पीड़न का आरोप, रिपोर्ट दर्ज कराई

अमृत विचार, गोसाईगंज : गोसाईगंज क्षेत्र के मलौली गांव निवासी युवक के खिलाफ पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। ग्राम बन्नावा थाना बछरांवा, रायबरेली निवासी रामदीन की पुत्री केतकी का आरोप है कि मलौली निवासी पति आशीष कुमार शराब का लती है। शादी के बाद से ही वह दहेज की मांग करने लगा। मांग पूरी नहीं होने पर केतकी घर से भगा दिया। घर आने पर तेजाब डालकर जिंदा जलाने की धमकी भी दे रहा है। पत्नी ने पति के खिलाऊ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्जकराया है। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की बात कही है।

34 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 1973 से अब तक दर्ज हैं 18 मुकदमे, फरवरी में किया ट्रिपल मर्डर

अमृत विचार : लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने मलिहाबाद में दो फरवरी को दिन दहाड़े घर में घुसकर ट्रिपल मर्डर करने वाले गैंगस्टर सिराज अहमद खां उर्फ लल्लन और उसके बेटे फराज अहमद की करीब 34 करोड़ कीमत की जमीन और सामान कुर्क करने का आदेश जारी किया है। जिसके बाद पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की।

मलिहाबाद पुलिस ने दोनों आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद यह गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार के मुताबिक लल्लन परिवार के साथ दुबग्गा कानपुर बाईपास के पास रह रहा था। थाना पुलिस के मुताबिक अपराध से जोड़ी गई लल्लन की करीब 10.87 करोड़ रुपये कीमत की जमीन व समान कुर्क करने के आदेश जारी हुए हैं। जिसकी बजार में कीमत कमीत 29 करोड़ रुपये के आसपास है।

वहीं उसके एक बेटे फराज अहमद की करीब 88लाख रुपये का सामान कुर्की कर लिया गया। जिसकी बाजार में कीमत 4.16 करोड़ रुपये है।

पुलिस रिकार्ड के मुताबिक लल्लन के खिलाफ 1973 से लेकर अब तक 18 मुकदमे लखनऊ के थाना चौक, मलिहाबाद, वजीरगंज व काकोरी के साथ हरदोई के थाना गोकुल बेहटा में दर्ज हैं।

कुर्क होने वाली प्रॉपर्टी

ग्राम मोहम्मद नगर रहमत नगर स्थित 3 .0779 हेक्टयर जमीन, ग्राम बेगरिया मोहल्ला अदनान पल्ली टीवी टावर के पास दुबग्गा थाना दुबग्गा, लखनऊ स्थित एक 5500 वर्ग फीट का मकान और 17000 वर्गग्राम बेगरिया मोहल्ला अदनान पल्ली टीवी टावर के पास दुबग्गा थाना दुबग्गा, लखनऊ स्थित एक 5500 वर्ग फीट का मकान और 17000 वर्ग फीट कवर्ड एरिया। ग्राम मोहम्मद नगर रहमत नगर, हमीरापुर और मीठेनगर स्थित 3 .5032 हेक्टेयर जमीन, महिंद्रा थार (UP 54 AC 9393), एक कार (UP 32 KX 6396), मोटर साइकिल (UP 32 MY 2437)

वैन में टक्कर लगने पर सफारी चालक पर हमला, मरणासन्न कर बाग में फेंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निगोहां के नयाखेड़ा गांव में हुई घटना, तीन नामजद समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : निगोहां थाना क्षेत्र में सफारी कार की टक्कर पीछे खड़ी वैन में लग गई। हादसे से गुस्साए वैन सवारों ने सफारी चालक को पीटकर मराणासन्न कर वैन से अगवा कर लिया। उसका मोबाइल लूट कर बाग में फेंककर भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बिंदौवा निवासी रविंद्र बुधवार रात नयाखेड़ा गांव में शादी में शामिल होने गए थे। जहां सफारी बैक करते समय पीछे खड़ी वैन से टकरा गई। रविंद्र ने बताया कि वैन सवार भोलाखेड़ा निवासी प्रमोद, नउवा खेड़ा के संजू, धर्मेंद्र के अलावा तीन अन्य ने उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर गांव वाले दौड़े तो हमलावर उसे वैन में डालकर उसकी पिटाई करते रहे। मरणासन्न हाल में चंदीखेड़ा गांव की बाग में फेंककर भाग गए। सुबह बाग की तरफ पहुंचे किसान ने रविंद्र को बेहोश देख पानी की छींटे मार होश में किया। इसके बाद पुलिस और परिजन को सूचना दी। रविंद्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश में आने पर रविंद्र ने घटना की जानकारी दी।

समस्या | क्षेत्रीय नागरिकों का आरोप, निगम से मिलीभगत का नतीजा है अतिक्रमण

कमता चौराहे पर नहीं शुरू हो सका ऑटो-टेंपो ठहराव स्थल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कमता तिराहे पर अवध बस स्टेशन के पास ठहराव स्थल बनाया गया है जिससे कि आने-जाने वाले आगन्तुकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। लेकिन ठहराव स्थल पर ठेले-खोमचे वालों की वजह से ठहराव स्थल अभी तक शुरू नहीं हो सका है।

नगर निगम ने शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए शहर में पांच चारबाग, दुबग्गा, अवध, कमता और पॉलिटेक्निक चौराहों पर ठहराव स्थल चिन्हित किए थे। लेकिन अतिक्रमण के कारण अभी तक केवल चारबाग, दुबग्गा और अवध चौराहे पर ही ठहराव स्थल शुरू हो पाया है। वहीं क्षेत्रीय नागिरकों का आरोप है कि अतिक्रमणकारियों की नगर निगम कर्मियों से मिलीभगत है, इसीलिए इन लोगों पर कार्रवाई नहीं की जाती। जिसके चलते समस्या बनी हुई है।

कमता चौराहे के पास ठहराव स्थल पर व्याप्त अतिक्रमण। अमृत विचार

- अतिक्रमण बना बाधा, यात्रियों को उठानी पड़ती है परेशानी
- समस्या को देखकर भी नगर निगम नहीं कर रहा कार्रवाई

ठेले-खोमचे वालों ने कर रखा है अतिक्रमण

कमता तिराहे पर बस स्टेशन के पास बनाये गए ठहराव स्थल पर ठेले वालों ने कब्जा कर रखा है और अपनी दुकानें लगा रखी है। जिसकी वजह से ऑटो-टैंपो और ई रिक्शा चालक अपने वाहन को ठहराव स्थल पर खड़ा नहीं कर पा रहे है। ऑटो-टैंपो और ई रिक्शा चालकों को ठहराव स्थल न मिलने से वह अपने वाहनों को कहीं भी खड़ा कर दे रहे है जिससे जाम की स्थिति बन जाती है और इसका खामियाजा राहगीरों के साथ ही स्थानीय लोगों को उठाना पड़ता है।

> कमता के ठहराव स्थल को लेकर लगातार नगर निगम से बात हो रही है और मण्डलायुक्त से भी बात हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही कमता तिराहे के पास ठहराव स्थल पर अतिक्रमण को हटाया जाएगा, जिससे जल्द ठहराव स्थल शुरू हो सके और शहर वासियों को जाम से निजात मिले।
>
> – पंकज दीक्षित, अध्यक्ष ऑटो-टैंपो संयुक्त मोर्चा

शारदा नहर में मिला घर से लापता युवक का शव

अमृत विचार, काकोरी : पारा थाना क्षेत्र में गुरुवार को युवक का शव तिकुनिया शारदा नहर में मिला। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने बताया 4 मार्च को हंसखेड़ा नई कांशीराम कॉलोनी निवासी ऊषा सिंह ने बेटे ऋषभ सिंह (23) की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बताया था कि 3 मार्च को ऋषभ बाइक लेकर घर से निकला था। इसके बाद से लापता है। उसकी बाइक, मोबाइल व चप्पलें कुल्हरकट्टा पुलिया के पास मिलीं थी। गुरुवार दोपहर को शारदा नहर में युवक का शव पड़ा होने की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने शव निकाला तो उसकी शिनाख्त ऋषभ के रूप में हुई। परिजन से पूछताछ के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शक्ति तेरे अनेक रूप...

नारी... दो अक्षरों से बना ये शब्द न केवल शक्ति का प्रमाण है, बल्कि संघर्ष की वो गाथा भी कहता है जिसे आम जीवन में हम सभी ने अपनी आंखों के सामने से गुजरते देखा है। कभी मां, कभी बहन, कभी बेटी तो कभी पत्नी के रूप में अपने कर्तव्यों से घिरी नारी यूं ही जीवन भर संघर्ष करती नजर आती है। आधुनिकता के युग में पुरूष प्रधान समाज के सामने आज महिलाएं कंधे से कंधा मिलकर हर क्षेत्र में आगे जा रही हैं, ...पर कुछ संघर्ष की कहानियां ऐसी भी हैं जहां इन महिलाओं ने न केवल अपने कर्तव्यों को निभाया, साथ ही पूरे समाज को हार न मनाने का पाठ भी पढ़ाया और जीवन को ऐसे सफल बनाया कि आज वे प्रेरणा हैं। आइए आपकों मिलवाते हैं शक्ति के उस रूप से जो जीवन से लड़ी और योद्धा बनकर मुश्किलों को पराजय का स्वाद चखाया...।

संस्कार और मर्यादा संग संघर्ष की कहानी, वैष्णवी की जुबानी

- रात-दिन एक कर सीखी तेलगू, शूटिंग के दौरान पीठ में पड़ गए छाले
- अयोध्या की वैष्णवी का तेलुगु फिल्मों में धमाल

अयोध्या ● राजेंद्र कुमार पांडेय

अमृत विचार : प्रतिभा और संघर्ष का जज्बा हो। धैर्य और सोच हो तो व्यक्ति अपना मुकाम प्राप्त कर ही लेता है। संस्कार और मर्यादा को साध आगे बढ़ना आसान नहीं है। खासतौर से इस दौर में। यह तपस्या से कम नहीं है। खासतौर से फिल्मों में, लेकिन अयोध्या की वैष्णवी ने जीवन मूल्यों को साधा। आगे बढ़ीं। आजकल तेलुगू फिल्मों में धमाल मचा रही हैं।

वैष्णवी अयोध्या की है। राजसदन परिसर में रहती है। माता प्रधानाध्यापिका है। पिता लाल मनीष प्रताप सिंह जाने-पहचाने चेंहरों में हैं। पढ़ाई-लिखाई अयोध्या के अलग-अलग स्कूलों में हुई। वैष्णवी के संघर्ष की कहानी में कई उतार-चढ़ाव आए। कहती हैं कि माता-पिता डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन मुझे बचपन से एक्टिंग का शौक था। पुडुचेरी के एक कॉलेज में दाखिला कराया, लेकिन जूनून कला का था। खून और इंजेक्शन से तनाव हुआ। संवेदनाएं सतह पर आ गईं, फिर गायकी में भाग्य

आजमाया। अचानक नया मोड़ आ गया। चर्चित वेबसीरिज आश्रम की शूटिंग होने वाली थी। डायरेक्टर ने काम करने का ऑफर दे दिया, काम किया। आगे बढ़ने से पहले ही कोरोना का दौर शुरू हो गया।

वैष्णवी कहती हैं कि यह उनके लिए संघर्ष के कहानी की शुरूआत थी लेकिन कोरोना कॅरीअर के लिए वरदान भी था। उन दिनों फिल्मों के लिए आडीशन ऑनलाइन हो रहे थे। भाग्य आजमाना शुरू किया, लेकिन अयोध्या की मर्यादा और घर के संस्कार राह रोक रहे थे। माता-पिता अकेले कहीं जाने नहीं देना चाहते थे। मां और भाई के साथ मुंबई गई लेकिन लौटना पड़ा। मुंबईया फिल्मों के संस्कार पसंद नहीं आ रहे थे। दक्षिण की फिल्मों के लिए ऑनलाइन आडीशन दिया। कहती हैं कि श्री राम जी पर विश्वास और उनकी कृपा। फिल्म महिषा में नायिका के रूप में चयन हो गया। फिल्मों में साउथ की परंपरा पसंद आई। लगा कि पहनावा और संस्कार जिंदा है। हामी भर दी। मां और भाई के साथ पहुंची लेकिन मन में तरह-तरह की आशंकाएं थी। कैसे लोग होंगे, कैसी सभ्यता होगी। फिल्मों में अपनी शर्त मानी जाएगी या नहीं। कुछ दिन में शंकाए निर्मूल हुईं। लगा कि यहां अभी मर्यादा और संस्कार के साथ काम किया जा सकता है।

मुंबईया फिल्मों की सभ्यता पर सवाल उठाती है। संघर्ष यहीं समाप्त नहीं होता। उत्तर की वैष्णवी को दक्षिण की तेलगू बोलने का संकट। तीन चार महीने अभ्यास किया। रात दिन एक कर दिया। तेलगू बोलने पर पकड़ बनी। रात-दिन शूटिंग की। खानपान और मौसम बदला तो बीमार पड़ गईं। शूटिंग के दौरान पीठ में छाले तक पड़ गए। दक्षिण के चर्चित कलाकारों के साथ काम किया। ज्यादातर फिल्मों में लीड रोल किया, फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

केजी श्री के लिए मिला बेस्ट डांसर अवॉर्ड

वैष्णवी बताती हैं कि महिषा के साथ श्रीरंगापुरम, क्रेजी तीन, वार्ड नंबर-54, मधुरम जैसी आधा दर्जन फिल्में कीं। दक्षिण की फिल्म इंडस्ट्री गुरुटुकोस्थुनायी में काम कर रही है। मधुरम फिल्म प्रमोशन में है। जल्द ही रुपहले पर्दे पर आ जाएगी। वेबसीरिज नादान परिंदे और कशमकश मुंबई में भी की। केजी श्री में बेस्ट डांसर का अवॉर्ड मिला। तीन फिल्में हाथ में हैं। आजकल हैदराबाद में रहकर शूटिंग करती हैं। कुछ रिलीज, कुछ फिल्मों के रिलीज होने का इंतजार है। इन दिनों राम लला की शरण में आई हैं।

सायरा ने तीन तलाक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लड़ी जंग अब मुस्लिम महिलाओं को कर रहीं जागरूक

सायरा ने तीन तलाक को ही दे दिया 'तलाक'

अर्शी खान, काशीपुर

अमृत विचार : तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई आसान नहीं थी। जब तीन तलाक के खिलाफ कानूनी जंग की ठानी तो कुछ परिचितों और कौम के कथित ठेकेदारों से ही ठन गई। फिर भी हिम्मत नहीं हारी और देश भर की मुस्लिम महिलाओं की आवाज बनकर सर्वोच्च अदालत में तीन तलाक के खिलाफ याचिका दायर की। एक साल तक लड़ी जंग के बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इंसाफ दिया। बाद में यह जंग रंग लाई और तीन तलाक के खिलाफ कानून भी बना। रूढ़िवादी सोच, कट्टरता के खिलाफ इस जंग की नायक कोई सरकार, संगठन नहीं बल्कि एक महिला सायरा बानो है।

काशीपुर में पांडे कॉलोनी निकट हेमपुर डिपो की रहने वाली सायरा बानो का निकाह वर्ष 2002 में इलाहाबाद निवासी एक प्रापर्टी डीलर से हुआ था। वह बताती हैं कि निकाह के बाद से ही उन्हें हर दिन किसी-न किसी बात पर प्रताड़ित किया जाता था। मामूली बातों पर शौहर झगड़ा और मारपीट करता था। वह इस उत्पीड़न से तंग आकर मायके आ गईं। फिर एक दिन उन्हें स्पीड पोस्ट मिला, जिसमें शौहर ने तीन तलाक देकर तलाकनामा भेजा था। जब उन्होंने इसके बारे में उलेमाओं, मौलानाओं से बात की तो उन्होंने भी जायज ठहराया। इस पर उन्होंने इस तीन तलाक के खात्मे की ठान ली। साल 2016 में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ जनहित याचिका दायर की।

लगभग एक साल तक सुप्रीम कोर्ट में तीन तलाक के खिलाफ लड़ाई लड़ी। फिर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और उन्हें इंसाफ मिला। वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2018 बनाया। मगर सायरा की तीन तलाक के खिलाफ जंग अभी समाप्त नहीं हुई। अब वह मुस्लिम महिलाओं को रूढ़िवादी बेड़ियों को तोड़कर जागरूक कर रही हैं।

सायरा बानो कहती हैं कि पूर्व में मुस्लिम पुरुष शरीयत की आड़ लेकर तीन तलाक का नाजायज फायदा उठा रहे थे। उन्हें किसी का भी खौफ नहीं था लेकिन अब कानून बनने से ऐसे पुरुषों को सजा मिलेगी। कानून के डर से बेबस महिलाओं का आसानी से शोषण नहीं कर पाएंगे। यह कानून भावी पीढ़ी की महिलाओं के हितों का भी संरक्षण करेगा। कोई भी ई-मेल, व्हाट्सअप, मोबाइल, मैसेज या चिट्ठी से तलाक नहीं दे सकेगा। जो उनके साथ हुआ है किसी के साथ नहीं होगा।

2020 में बनीं उत्तराखंड महिला आयोग की उपाध्यक्ष

उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने सायरा बानो की इस हिम्मत की हौसला अफजाई की। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने वर्ष 2020 में सायरा बानो को उत्तराखंड महिला आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। अब वह महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ जंग लड़कर उन्हें न्याय दिलाने का काम कर रही हैं। उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है लेकिन वह अब भी सभी धर्मों व वर्गों की महिलाओं के साथ मिलकर शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद रही है। गांव-गांव जाकर शिविर लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुन रही हैं। वह अब तक 8 जोड़ों को तीन तलाक से बचाकर आपसी सुलह करा दी है।

रुखसाना और सलोनी ने गरीबी में भी खोज ली खुशी

- रुखसाना ने बेटी को मुकाम दिलाने के लिए छोड़ दिया सबको

अयोध्या ● विवेक सक्सेना

अमृत विचार: गरीबी कई बार ऐसे इम्तिहान लेती है कि इंसान टूट ही जाए, लेकिन रुखसाना ने हार नहीं मानी और अपने सपने को बेटी का सपना बनाया। शादी के एक साल के अंदर ही जब वह मां बनने की खुशियां मना रही थी तभी पति ने तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। माता-पिता ने संभाला। ड्राइवर पिता का निधन मां-बेटी के लिए बज्र पात से कम नहीं था, क्योंकि वही एक कमाने वाले थे। ऐसे में नन्ही बेटी को संभालना, मां का ख्याल रखना,घर का खर्च समेत कई परेशानियां एक साथ ही आ गईं। इस पर भी रुखसाना ने हिम्मत नहीं हारी।

घर खर्च के लिए उसने ट्यूशन पढ़ाना शुरू किया। धीरे-धीरे कुछ मदद होने लगी। बड़ी होती बेटी को शहर के अच्छे स्कूलों में शामिल कनोसा कॉन्वेंट में पढ़ाया। किसी तरह दिन बीत रहे थे की रुखसाना की मां भी चल बसी। अब तक मकान भी खस्ता हाल हो गया था। घर की दीवारें टूट सी गई थी। छत की जगह टिन पड़ा था, जो बारिश में पूरा घर भिगो देता। दरवाजे भी किसी तरह अटकते भर थे। बेटी सलोनी ने मां के कंधे से कंधा मिलाया और वो भी ट्यूशन पढ़ाने लगी। धीरे-धीरे बीकॉम और फिर एमकॉम कर लिया। प्रधानमंत्री आवास

योजना ने घर बनवा दिया। आज सलोनी एक स्कूल में शिक्षिका बन गई है। इसके साथ-साथ वो पीसीएस सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही है। आज मां-बेटी एक-दूसरे का सहारा हैं। छोटी से छोटी खुशी भी साथ मनाते हैं। बेटी के कुछ बन जाने के लिए 55 वर्षीय रुखसाना सपने बुना करती है। तमन्ना है कि बेटी सलोनी को अच्छी नौकरी मिल जाए तो उसके हाथ पीले कर दूं। मुकेरीटोला रिकाबगंज निवासी मां-बेटी का प्रेम, सहयोग और विश्वास आज कई लोगों के लिए मिसाल बने है। साथ ही समाज के लिए सीख भी, कि जीवन में किसी भी परिस्थिति में मायूस होकर हार नही माननी चाहिए। संघर्ष, मेहनत और संकल्प एक दिन अंधेरे में भी सूरज की रोशनी जरूर फैलता है।

चाय की दुकान से ताइक्वांडो में पूजा ने लगाई 'सिल्वर' किक

कानपुर ● अभिषेक वर्मा

अमृत विचार: 'एक दिन मेरी चाय की दुकान के सामने से कुछ खिलाड़ी स्पोर्ट्स की ड्रेस में निकल रहे थे। पिता से पूछा तो उन्होंने बताया कि ये ताइक्वांडो के खिलाड़ी हैं। बस उसी दिन जिद कर ली कि यह खेल सीखना है, पिता ने हौसला बढ़ाया और ग्रीनपार्क में दाखिला करा दिया।' गिलास में तेजी से चाय छानते हुए नेशनल ताइक्वांडों प्रतियोगिता (जूनियर) में कई सिल्वर मेडल जीत चुकीं 14 साल की पूजा कुमारी चौहान जब यह बताते हुए मुक्केबाज मैरीकॉम की तरह देश का नाम ऊंचा करने का संकल्प गिनाती हैं, तो लगता है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के अलग गरीबी कोई बाधा नहीं है।

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर के गेट के सामने पूजा के पिता चाय की दुकान लगाते हैं। घर में पत्नी, बड़ी बेटी पुष्पलता, बेटा आकाश और छोटी बेटी पूजा है। पूजा कुमारी एमजी कॉलेज में नवीं की छात्रा हैं। वह जिला और यूपी के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो में छाप छोड़ रही हैं। पूजा कुमारी लगभग रोज सुबह पिता के आने तक चाय की दुकान संभालती हैं। इसके बाद प्रैक्टिस करने जाती हैं। पूजा ने अमृत विचार को बताया कि दुकान के बाद सीधे रनिंग करने

पूजा की उपलब्धियां

- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप -2017 राजस्थान में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2018 जयपुर में सिल्वर मेडल
- ओपेन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2019 दिल्ली में सिल्वर मेडल

जाती हूं। ग्रीनपार्क के साथ ही ताइक्वांडों की बारीकियां और ट्रिक सीखने के लिए ऐलन हाउस में प्रैक्टिस कर रही हूं। नेशनल के साथ अब देश के बाहर खेलने की इच्छा है। इसी तैयारी में जुटी हूं। जिस तरह बाक्सिंग में मैरीकॉम ने देश का नाम रोशन किया, उसी तरह मैं ताइक्वांडो में देश को गर्व की अनुभूति कराना चाहती हूं। पिता सतीश ने बताया कि बेटी को खेलते देखकर क्षेत्र के और बच्चे भी आगे आ रहे हैं।

वेस्टेज से तकदीर संवार महिलाओं को प्रेरित कर रहीं मीना और आसमां

बदायूं ● प्रदीप सक्सेना

अमृत विचार: महिलाएं परिवार को भावनात्मक की नहीं आर्थिक रूप से भी मजबूत कर रही हैं। तमाम महिलाओं ने जीवन में आने वाली कठिनाइयों से हार नहीं मानी बल्क आज वह एक नजीर बन गई हैं। ऐसी ही कहानी है शहर निवासी मां बेटी की। उन्होंने अपने हुनर से न सिर्फ परिवार को समृद्ध किया बल्कि दूसरों के लिए भी सहारा बन गईं। आज यह दोनों तमाम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की ट्रेनिंग दे रही हैं। पांच सौ से अधिक महिलाएं इनके सिखाए हुनर से अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हैं।

शहर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी मीना ने बताया कि वेस्टेज वस्तुओं से टोकरी बनाने का काम अपनी मां से सीखा था। शादी के बाद यही हुनर उनके काम आया। वह कहती हैं कि शादी के समय परिवार के हालात ठीक थे। कुछ साल बाद हालात खराब होने लगे। आय के सीमित साधन होने की वजह से घर चलाना मुश्किल होने लगा। इसके बाद घर में पॉलीथिन और अन्य वस्तुओं को एकत्रित करना शुरू कर दिया। साथ ही दूसरों के घरों से भी कागज-पन्नी आदि को मांगकर लाने लगीं। इनके जरिए उन्होंने टोकरी बनानी शुरू कर दीं। जिसे फल विक्रेताओं को बेचने लगीं।

महिलाएं आती हैं सीखने

मीना और उनकी बेटी आसमां ने बताया कि शुरू में मोहल्ले की महिलाएं टोकरी डलिया आदि बनाने का काम सीखने आतीं थीं। अब आस पास गांव शेखूपुर, चंदोखर गोटिया, मीरा सराय, देहमी आदि गांवों की महिलाएं इस काम को सीखने के लिए उनके पास पहुंच रही हैं।

धीरे-धीरे इसकी मांग बढ़ी तो उन्होंने अपनी बेटी आसमां को भी इस काम में लगा लिया और बाजार से वेस्टेज वस्तुओं को खरीद कर उनसे टोकरी बनानी शुरू कर दीं। इन टोकरियों की मांग अब इतनी हो गई है कि दिल्ली तक सप्लाई कर रहीं हैं। हर सात दिन बाद सौ से अधिक टोकरियों को वह दिल्ली बिक्री के लिए भेजती हैं।

पीर पर्वत सी | नेहरू युवा केंद्र में तैनात जिला युवा अधिकारी पुष्पा सिंह दोनों हाथों से हैं दिव्यांग

पुष्पा ने दिव्यांगता का दंश झेला, मगर बेटियों को दे रहीं शिक्षा का मंत्र

बरेली ● अंकित चौहान

अमृत विचार : घर में बेटी का जन्म हो और पता चले कि वह दिव्यांग है तो परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है, लेकिन कुछ परिवार के हौसले इतने मजबूत होते हैं कि वो समाज में फैली कुरीतियों पर अमिट छाप छोड़ देते हैं। ऐसा ही संघर्ष की कहानी है पुष्पा सिंह की।

श्रावस्ती जिले के गांव मोगला मल्हीपुर निवासी भवानी सिंह के परिवार में वर्ष 1990 में एक बिटिया का जन्म हुआ। पिता भवानी सिंह की गोद में जब बिटिया आई तो आंखों में खुशी के आंसू आ गए, लेकिन इसी बीच चर्चा होने लगी कि बिटिया तो दिव्यांग है, लेकिन पिता हताश नहीं हुए। बिटिया और पत्नी मीना सिंह को घर लाए। बिटिया का नाम रखा पुष्पा। कहावत है कि पूत के पांव पालने से पता लग जाते हैं, पुष्पा के पढ़ाई के प्रति लगाव देख, माता पिता उसका हौसला बने, स्कूल में दाखिला कराया। पुष्पा दोनों हाथों से दिव्यांग थीं। कड़ी मशक्कत के बाद वह पैरों से ही लिखने की कला में पारंगत हो गईं। 10 वीं से लेकर कंप्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट होने का सफर जिला युवा अधिकारी बनने तक पुष्पा का रुका नहीं। वर्तमान में पुष्पा सिंह बरेली के नेहरू युवा केंद्र में जिला युवा अधिकारी के पद पर सेवाएं दे रही हैं। उनकी शादी जिले के फतेहगंज पूर्वी के गांव शिवपुरी रधौली निवासी भूपेंद्र सिंह से वर्ष 2020 में हुई थी।

गांव में चलाया साक्षरता अभियान

पुष्पा सिंह बताती हैं कि उनके गांव में लड़कियों को स्कूल भेजने की ओर कोई सोचता तक नहीं था, लेकिन उन्होंने खुद शिक्षित होने के साथ ही दोस्तों के साथ मिलकर अपने गांव में घर-घर जाकर बच्चों के माता-पिता को बेटियों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। वहीं, अपने ही गांव की पांच लड़कियों का अपने निजी खर्च पर स्कूलों में दाखिला कराया, जो कि अब 8 वीं कक्षा में हैं।

हमें अपने दिमाग से ही दुनिया को जितना है

पुष्प का कहना है कि अगर हमारे पास हाथ पैर नहीं है तो निराश न हों, क्योंकि हमारे पास दिमाग है। हमें उससे ही दुनिया को जितना है, क्योंकि इंसान की शक्ति उसकी आत्मा में होती है और आत्मा कभी दिव्यांग नहीं होती है।

उपेक्षा से भी नहीं मानी हार

पुष्पा बताती हैं कि वर्ष 2005 में 10 वीं की परीक्षा 90 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की, लेकिन उनकी कहानी समाज के लिए एक संदेश है कि अगर हौसला हो तो कुछ भी काम नामुमकिन नहीं है। पुष्पा स्कूली शिक्षा के दौरान कई बार उपेक्षा का शिकार हुईं, लेकिन उनके कदम रुके नहीं। वह वर्ष 2007 में 12वीं में 92, 2012 में बीए में 65, एमए में 62 और एमसीए में 97 फीसदी अंक अर्जित कर हमेशा अव्वल रहीं।

हम रोज महिला दिवस मनाते हैं: सुमन

लखनऊ ● शबाहत हुसैन विजेता

पॉवर विंग फाउंडेशन चलाने वाली सुमन रावत चौबीसों घंटे पीड़ितों की मदद के लिए तैयार रहती हैं। समाज एक दिन महिला दिवस मनाता है वह हर वक्त इसे सेलीब्रेट करती रहती हैं। जो पीड़ित है उसे इंसाफ दिलाने को जूझती हैं और जो महिला विपरीत परिस्थितियों से जूझती नजर आती है उसकी पीठ ठोंकती हैं। उसका सहारा बनने की कोशिश करती हैं।

सुमन कहती हैं कि पीड़ित लड़कियों के लिए शीरोज हैंगआउट कैफे जैसी कोशिशों की जरूरत है। इस कैफे में तेजाब पीड़िताओं ने यह साबित किया कि शरीर का कोई अंग खराब हो जाने से जिन्दगी खत्म नहीं हो जाती है। कोई आंख फोड़ दे या चेहरा बिगाड़ दे लेकिन हौंसला बरकरार रहे तो कुछ भी खत्म नहीं होता है। इस कैफे में काम करने वाली लड़कियों ने इस बात को साबित भी किया है।

वह बताती हैं जिन दिनों कोविड का दौर था और सारे काम बंद हो गए थे तब मदद करने वालों के पास एक पल की भी फुर्सत नहीं थी। उन दिनों अस्पतालों से लेकर श्मशान तक

महिलाएं बनी आत्मनिर्भर

सुमन रावत ऐसी महिलाओं और लड़कियों के लिए संघर्ष करती हैं जो काम के अभाव में पेट भरने की सम्मानजनक व्यवस्था नहीं कर सकतीं। वह बताती हैं कि लखनऊ के मुंशी पुलिया इलाके में उन्होंने 50-60 लड़कियों को जूट के बैग सिलना सिखाए। जिन लोगों को जूट के बैग बनाना नहीं पसंद आया उन्हें अचार बनाने का प्रशिक्षण दिया। अब बड़ी संख्या में महिलायें अचार, मुरब्बा और पापड़ बनाना सिखाया। इस व्यवसाय ने महिलाओं के घरों को चलाना आसान कर दिया।

काम किया। जिनके रिश्तेदार शव लेने नहीं आये वह जिस धर्म के थे उस रीति से उनका अंतिम संस्कार करवाया।

वह बताती हैं कि यमुना एक्सप्रेस वे पर पैदल आ रहे लोगों को भोजन बांटने का काम अधिकारियों के साथ कर रही थीं। हरियाणा से साइकिल पर अपनी पत्नी और दो बच्चों को लेकर श्रावस्ती जा रहा युवक पहुंचा तो उसके बच्चों को दूध दिया। पति-पत्नी को खाने को दिया। उनसे रास्ते के लिए कुछ रख लेने का अनुरोध किया लेकिन वह महिला साइकिल से नहीं उतरी। जब बहुत प्रेशर दिया तो वह अनमने भाव से साइकिल से उतरी तो पता चला कि उसके पास कोई दूसरा कपड़ा नहीं था और माहवारी से उसके कपड़े खराब हो गए थे। उसकी हालत देखकर आंखें छलछला आईं। अपनी गाड़ी से निकालकर उसे तौलिया दिया। सर को जिस स्टोल से ढंका था वह उसे दे दिया। वह महिला तो चली गई लेकिन वह आंखों में ही घूमती रही। इसके बाद फूड पैकेट के साथ-साथ सैनेटरी नैपकिन बांटने का काम शुरू किया। 25 हजार से ज्यादा सैनेटरी नैपकिन बांटे। वह बताती हैं कि उनके साथ 35 वकीलों का पैनल है जो पीड़ित महिलाओं का मुफ्त में केस लड़ता है। इस तरह से हम रोजाना महिला दिवस मनाते हैं।

मई में होगा अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ को अंतरराष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन (आईटा) के जूनियर टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है।देश-विदेश के खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में खेल ते नजर आएंगे।

10 से 18 मई तक यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। इसमें भारत के अलावा थाईलैंड, मलेशिया, डेनमार्क, चेक गणराज्य जैसे देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट विजयंतखण्ड गोमतीनगर के टेनिस कोर्ट पर होगा। इसमें हिस्सा लेने के लिए आईटीएफ टूर्नामेंट के एकमाह पूर्व यानी अप्रैल की शुरुआत में इंट्री खोलेगा। इस टूर्नामेंट का महत्व इसलिए अधिक है कि इसमें प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आईटीएफ रेटिंग अंक मिलेंगे।

जनता के सुझाव के अनुरूप जारी होगा संकल्प पत्र

भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा स्तर पर संकल्प पत्र सुझाव अभियान चलाकर लोगों से मांगें सुझाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों की भागीदारी से 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इसको लेकर सुझाव मांगे जा रहे हैं। लोगों की ओर से मिलने वाले सुझाव के अनुरूप पार्टी लोकसभा चुनाव में संकल्प पत्र जारी करेगी।

पाठक ने उक्त बात संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत कैंट विधानसभा में उक्त बात कही। उन्होंने शिविर कार्यालय में सुझाव पेटिका में लिखकर सुझाव भी डाला। सरोजनीनगर में विधायक राजेश्वर सिंह ने सार्वजनिक स्थलों पर सुझाव पेटिका रखवाई।

संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत पेटिका में सुझाव डालते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

महानगर कार्यालय पर भी आमजन से सुझाव प्राप्त करने के लिए पेटिका रखी गई। जिसमें महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, कार्यकर्ताओं और कार्यालय आए विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने भी सुझाव डाले।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि सभी विधानसभाओं में अभियान चलाया गया। पराग चौराहे, हजरतगंज पार्किंग स्थल के सामने लालजी टंडन की प्रतिमा के समक्ष, ई ब्लॉक राजाजीपुरम चौराहे पर, सेक्टर 17 इंदिरा नगर में और डालीगंज चौराहे पर अभियान चलाकर सुझाव एकत्रित किए गए।

50 बेड के संयुक्त चिकित्सालय का उप मुख्यमंत्री ने किया भूमि पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : फैजुल्लागंज के दाऊदनगर में गुरुवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 50 बेड के संयुक्त चिकित्सालय की नींव रखी। भूमि पूजन में उनके साथ एमएलसी मुकेश शर्मा और क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा शामिल थे। नए अस्पताल के निर्माण से उत्तरी क्षेत्र के हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि फैजुल्लागंज नई बसावट वाला क्षेत्र है। यहां आसपास कोई बड़ा अस्पताल नहीं है। सरकार की बेहतर स्वास्थ्य योजना के तहत इस क्षेत्र के लिए बलरामपुर चिकित्सालय और मेडिकल कालेज जैसी स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त अस्पताल की नींव रखी जा रही है। इस अस्पताल से लखनऊ उत्तर के अतिरिक्त बख्शी का तालाब और काकोरी आदि क्षेत्र के लोग भी लाभान्वित होंगे। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि 50 बेड का यह अस्पताल क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी सौगात है। वहीं, इस क्षेत्र में जल निकासी के लिए 45 करोड़ की लागत से 9 किमी नाला बन रहा है।

भूमि पूजन करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नीरज बोरा व मुकेश शर्मा। अमृत विचार

राष्ट्रीय जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: साई सेंटर में शुक्रवार से 22वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होगी।

इस चैंपियनशिप में देश भर के तकरीबन 700 खिलाड़ी शामिल होंगे। चैंपियनशिप में 42 स्पर्धाओं के लिए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों के लिए मुकाबले होंगे। इस चैंपिशनशिप में दमदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दुबई में 24 अप्रैल को आयोजित होने वाली एशियाई अंडर-20 चैंपिशनशिप में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। खास बात यह है कि इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के 158 खिलाड़ी शामिल होंगे।

▸▸ साई सेंटर में आयोजित होंगे मुकाबले

साई सेंटर में चैंपियनशिप के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चैंपियनशिप के दौरान नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) के सदस्य सक्रिय रहेंगे। वे अचानक किसी भी एथलीट का डोप टेस्ट कर सकते हैं। किसी भी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों का डोप टेस्ट किया जाएगा। प्रतिबंधित दवाओं के सेवन को रोकने के साथ दोषी एथलीटों को खोजने की जिम्मेदारी नाडा की होती है। इस चैंपियनशिप में लखनऊ के एक दर्जन एथलीट दमखम दिखाएंगे।

लखनऊ हॉस्टल की पूर्व एथलीट सुनीता देवी 3000 और 5000 मीटर की दौड़ में शामिल होंगी। सुनीता एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता हैं। कोरिया में हुई एशियाई यूथ चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता स्पोर्ट्स कॉलेज के शाहरुख खान 3000 मीटर स्टीपलचेज में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्कूली खेल के पदक विजेता मंगल कुमार जैवलिन थ्रो, रोहित यादव 200 मीटर दौड़, दिशू राठी 400 मीटर बाधा दौड़, गौरव 5000 मीटर की दौड़ में जीत के लिए जोरआजमाइश करेंगे। स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ की प्रतीक्षा यादव 800 मीटर, गरिमा लम्बी दूरी और श्रेया सिंह भी हिस्सा लेंगी।

ये होंगी स्पर्धाएं

- 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 5000 मीटर, 10000 मीटर, 3000 मीटर स्टीपलचेज, 110 मीटर हर्डल, 100 मीटर हर्डल, 400 मीटर हर्डल, 10000 मीटर पैदल चाल, हाई जम्प, जम्प, पोलवाल्ट, ट्रिपल जम्प, शाटपट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, डिकेथलॉन, हेप्टाथलान

मतदाता जागरूकता के लिए एकजुट हुए छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ: राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ विश्वविद्यालय की तीन यूनिटों ने मिलकर लखनऊ विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आरंभ समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डी.आर. साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर शामिल सभी प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलायी गई। मतदाता जागरूकता रैली को लविवि के चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. दिनेश कुमार एवं जन संचार एवं पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद सिंह द्वारा सभी को मतदान करने के लिये प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर डॉ. करूणा शंकर कनौजिया, डॉ. प्रतिभा राज एवं मानवशास्त्र से डॉ. पूनम त्रिपाठी उपस्थित रहे।

अहिबरनपुर के 50 हजार उपभोक्ता लो वोल्टज से परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अहिबरनपुर उपकेंद्र के कई इलाकों में लो वोल्टज की समस्या बनी हुई है। जिसके कारण बिजली उपकरण खराब होने की आशंका बनी रहती है। लो वोल्टेज से फ्रिज, टीवी, माइक्रोवेव सहित कई बिजली उपकरणों को बंद करने पर मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार लो वोल्टज के कारण टुल्लू पंप को चलाया नहीं जा सकता है। इसके कारण सबसे ज्यादा दिक्कत पानी को लेकर होती है।

अहिबरनपुर के मक्कागंज, मदेयगंज, गंगा कॉलोनी सहित कर्बला ढाल में लो वोल्टज की समस्या से करीब 50 हजार की आबादी प्रभावित है। मक्कागंज निवासी आरिफ ने बताया कि यहां वोल्टज कभी हाई हो जाता है, तो कभी लो हो जाता है। उपकेंद्र पर कई बार फोन किया गया, लेकिन कोई भी कर्मचारी नहीं आया है। कर्बला ढाल निवासी अब्दुल रईस ने बताया कि लो वोल्टज के कारण दुकान के उपकरण खराब हो चुके हैं, लेकिन शिकायत के बाद भी कोई कर्मचारी यहां नहीं आया है। अहिबरनपुर एसडीओ ने बताया कि मेरे संज्ञान में ऐसी कोई जानकारी नहीं है। क्षेत्र में लो वोल्टज की समस्या है तो उसे जांच कराके दूर किया जायेगा।

सीएमएस में बालिकाओं को एडमिशन फीस में छूट

लखनऊ

अमृत विचार: सिटी मोन्टेसरी स्कूल के संस्थापक स्व. डॉ. जगदीश गांधी की स्मृति एवं अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सीएमएस प्रबन्धन ने निर्णय लिया है कि 8 से 16 मार्च तक एडमिशन लेने वाली बालिकाओं से प्रवेश शुल्क नहीं लिया जायेगा। यह घोषणा गुरुवार सीएमएस निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित एक समारोह में की।

प्रधान कार्यालय पर आयोजित इस समारोह में डॉ. भारती गांधी ने सम्पूर्ण नारी जगत को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि विश्व की आधी आबादी 'नारी शक्ति' ही विश्व समाज में रचनात्मक परिवर्तन लायेगी और महिला शक्ति के पुनीत प्रयासों से निश्चित रूप से एक दिन विश्व एकता का सपना साकार होगा।

एमवीवीएनएल लखनऊ बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ फाइनल में पीवीवीएनएल मेरठ को 38 रन से हराया

अमृत विवचार: मैन ऑफ द मैच भवीश सक्सेना के हरफनमौला खेल की बदौलत एमवीवीएनएल लखनऊ ने 49वें इंटर डिस्कॉम प्रोजेक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

चौक स्टेडियम पर गुरुवार को खेले गए फाइनल में एमवीवीएनएल ने पीवीवीएनएल मेरठ को 38 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमवीवीएनएल ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 142 रन बनाए। हिमांशु पाण्डेय ने 59 और भवीश सक्सेना ने 29 रनों की पारी खेली। पीवीवीएनएल मेरठ की ओर से अमित प्रताप सिंह ने 3 विकेट चटकाए। जवाब में पीवीवीएनएल की टीम 17.2 ओवर में 104 रनों योग पर सिमट गई। प्रदीप तिवारी ने अधिकतम 23 रन बनाए। विजेता टीम की ओर से भवीश सक्सेना ने 3, राम प्रकाश और प्रदीप वर्मा ने 2-2 विकेट चटकाए। लखनऊ के हिमांशु पाण्डेय को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, मेरठ के अमित प्रताप सिंह को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, अनपरा के उमेश कुमार को मैन ऑफ द टूर्नामेंट और अनपरा के ही दिनेश को सर्वश्रेष्ठ आर राउंडर के खिताब से नवाजा गया। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में एचटीपीएस कासिमपुर, अलीगढ़ ने अनपरा थर्मल पॉवर को 47 रनों से हराया। एचटीपीएस के 155 रनों के जवाब में अनपरा की टीम 108 रन पर सिमट गई। विजयी टीम की ओर से प्रमेंद्र 4 विकेट चटकाए और 11 रनों को योगदान किया।

जहां होता है खेलकूद, वहां चिकित्सालय कम : दयाशंकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में गुरुवार को पांच दिवसीय इन्टर कॉलेज स्पोर्ट्स मीट-2024 की शुरुआत हुई। इसके अंतर्गत आठ प्रकार के खेलों का आयोजन किया जायेगा। इन्टर कॉलेज स्पोर्ट्स मीट में लगभग 25 विभिन्न विश्वविद्यालयों व विद्यालयों से आकर 64 टीमों ने भाग लिया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कहा कि जहां पर खेल-कूद होता है, वहां पर चिकित्सालय कम होते हैं। इसके साथ उन्होंने विद्यार्थियों को खेल-कूद के लिए प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने भाग लेने वाली टीमों को खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। बीबीएयू टीम और उत्तरांचल विश्वविद्यालय टीम के बीच बास्केटबाल मैच आयोजित हुआ जिसमें बीबीएयू टीम ने उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय टीम को बास्केटबाल मैच में 29-18 के अंतर से हराया।

दो स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : होली के त्योहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने दो जोड़ी होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

ट्रेन नम्बर-05023 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस होली स्पेशल 24 एवं 31 मार्च को गोरखपुर से रात 8:55 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, दूसरे दिन बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद और गाजियाबाद से छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस पूर्वान्ह 11:45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्री में ट्रेन नम्बर 05024 आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर होली स्पेशल 25 मार्च एवं 1 अप्रैल को आनन्द विहार टर्मिनस से दोपहर 3:15 बजे रवाना होगी, जो दूसरे दिन सुबह 7:30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इस होली स्पेशल ट्रेन में जनरेटर सह लगेजयान का 1, एलएसएलआरडी का 1, साधारण द्वितीय श्रेणी के 4, शयनयान श्रेणी के 4, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 10 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 2 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे ।

ट्रेन नम्बर-05115 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनस होली स्पेशल 20 एवं 27 मार्च को छपरा से शाम 5:45 बजे रवाना होगी जो सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, दूसरे दिन बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली जं. तथा मुरादाबाद से छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस पूर्वान्ह 11:50 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्री में ट्रेन नम्बर 05116 आनन्द विहार टर्मिनस-छपरा होली स्पेशल 21 एवं 28 मार्च को आनन्द विहार टर्मिनस से दोपहर 2:45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन छपरा सुबह 9:30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 1, जनरल क्लास के 03, स्लीपर के 6, थर्ड एसी के 8, सेकेण्ड एसी के 2, फर्स्ट व सेकेण्ड एसी का कम्पोजिट 1 तथा एलएसएलआरडी के 1 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

कार्यालय जिला पंचायत, बांदा

पत्रांक सं0– 1262 /15वां0वि0आ0/2023–24/जि0पं0बांदा दिनांक: 06 मार्च, 2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जिला पंचायत, बाँदा के समस्त पंजीकृत ठेकेदार एवं उत्तर प्रदेश शासन पंचायतीराज अनुभाग–2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–1488/33–2–2020–80जी /2000 लखनऊ दिनांक 24 जुलाई 2020 क्रम में लोकनिर्माण विभाग, सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत अनटाइड/टाइड ग्रान्ट की वर्ष 2023–24 की उपलब्ध धनराशि से 01 लगायत 41 स्वीकृत परियोजनाओं के निर्माण हेतु दिनांक–15.03.2024 तक समय 10.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक मुहर बंद निविदायें कार्यालय जिला पंचायत, बाँदा में आमंत्रित की जाती है. जो दिनांक–16.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे से उपस्थित ठेकेदारों के सम्मुख अपर मुख्य अधिकारी कार्यालय कक्ष में निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदा फार्म जिला पंचायत कार्यालय से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 14.03.2024 तक सांय 5.00 बजे तक निर्धारित धनराशि जमा करके प्राप्त किये जा सकेगें। टेण्डर डालते समय निविदा फार्म के साथ ठेकेदारी पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अर्ह हैसियत एव चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि के एन0एस0सी0 के0वी0पी0/ एफ0डी0आर0/ सी0डी0आर0 को मूल रूप में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, बाँदा के पदनाम पर बन्धक कर संलग्न करना अनिवार्य होगा। http://banda.nic.in वेबसाइट से निविदा फार्म क्रय हेतु निर्धारित शुल्क व टेण्डर के साथ अपर मुख्य अधिकारी के पदनाम से निर्धारित धरोहर धनराशि सहित निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत, बांदा से किसी भी कार्य दिवस में नोटिस बोर्ड में देखी व प्राप्त की जा सकती है। विभाग के सक्षम प्राधिकारी को पूर्ण अधिकार होगा कि यह बिना कारण बताये, किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार कर दें। निविदा स्वीकार होने के पश्चात यदि ठेकेदार द्वारा निर्धारित अवधि में 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा कर अनुबंध नहीं कराया जाता है तो कार्य की निविदा में 2 प्रतिशत जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। निर्माण कार्य की स्वीकृति/अनुबंध की कार्यवाही धनराशि की उपलब्धता के आधार पर की जायेगी। ठेकेदार को कार्यवार श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। बिना श्रम विभाग में पंजीयन के भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

(सतेन्द्र सिंह चौहान) अभियन्ता जिला पंचायत, बांदा
(धर्मेन्द्र कुमार) अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बांदा
(सुनील सिंह पटेल) अध्यक्ष जिला पंचायत, बांदा

राजधानी समेत कई ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के रंगापानी मंडल के बाइहाटा एवं चांगसारी स्टेशनों पर दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में नान इण्टरलॉकिंग कार्य किए जाने के कारण राजधानी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जाएगा।

अमृतसर से 8 एवं 15 मार्च को चलने वाली ट्रेन नम्बर 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा टाउन-कामाख्या के रास्ते, गुवाहाटी से 11 एवं 18 मार्च को चलने वाली ट्रेन नम्बर 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या-गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते तथा गुवाहाटी से 13 एवं 20 मार्च को चलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या- गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी।

ऐसे में इन ट्रेनों का ठहराव रंगिया जं. स्टेशन पर नहीं होगा। डिब्रूगढ़ से 19 मार्च को चलने वाली ट्रेन नम्बर 20503 डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कामाख्या- गोलपारा टाउन-न्यू बोगाईंगांव के रास्ते चलाई जायेगी ।

तेजस दो घंटे पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी

लखनऊ : उत्तर मध्य रेलवे के टुंडला-गाजियाबाद रेल खंड पर स्थित डांवर स्टेशन पर यार्ड रिमाडलिंग कार्य के लिए ब्लाक दिए जाने के कारण लखनऊ जं. से 10 मार्च को चलने वाली ट्रेन नम्बर 82501 लखनऊ जं.-नई दिल्ली एक्सप्रेस 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या–85/मु0अभि0/2023–24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023–24 में पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023–24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :–

1. ई–निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :– 10 दिनांक 13.03.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक–पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

Ro no. 418 दिनांक: 07.03.2024

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर

नवीन मण्डी स्थल, हमीरपुर रोड़, नौबस्ता, कानपुर

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/(सब्जी खण्ड)/2023–24–348 दिनांक: 07.03.2024

जैम–निविदा आमंत्रण सूचना

नवीन फल–सब्जी मण्डी स्थल, सचेण्डी (चकरपुर) कानपुर के ''सब्जी खण्ड'' के सम्पूर्ण परिसर की सफाई कार्य वित्तीय वर्ष 2024–2025 में ठेका पद्धति के आधार पर कराये जाने हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित करते हुए सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.03.2024 से 18.03.2024 तक को सायंकाल 5:00 बजे तक ऑनलाईन जैम पोर्टल पर निविदाए अपलोड की जा सकेगी। तकनीकी बिड़ दिनांक 19.03.2024 को खोली जायेगी। उक्त मण्डी स्थल हेतु प्रतिभूति के रूप में रू.4,50,000.00 (रूपया चार लाख पचास हजार मात्र) की एफडीआर जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर के पक्ष में बन्धक करनी होगी। नियम व शर्ते ऑनलाईन/कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है।

(सुभाष सिंह) सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।
(डा0 राजेश कुमार) अपर जिलाधिकारी (नगर)/सभापति कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर

नवीन मण्डी स्थल, हमीरपुर रोड़, नौबस्ता, कानपुर

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/2023–24–346 दिनांक: 06.03.2024

जैम–निविदा आमंत्रण सूचना

नवीन खाद्यान्न मण्डी स्थल, नौबस्ता, हर्बल/पुष्प मण्डी, नौबस्ता के सम्पूर्ण परिसर की सफाई कार्य वित्तीय वर्ष 2024–2025 में ठेका पद्धति के आधार पर कराये जाने हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित करते हुए सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.03.2024 से 18.03.2024 तक को सायंकाल 5:00 बजे तक ऑनलाईन जैम पोर्टल पर निविदा अपलोड की जा सकेगी। तकनीकी बिड़ दिनांक 19.03.2024 को खोली जायेगी। उक्त मण्डी स्थल हेतु प्रतिभूति के रूप में रू. 2,25,600.00 (रूपया दो लाख पच्चीस हजार छह सौ मात्र) की एफडीआर जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर के पक्ष में बन्धक करनी होगी। नियम व शर्ते ऑनलाईन/कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है।

(सुभाष सिंह) सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।
(डा0 राजेश कुमार) अपर जिलाधिकारी (नगर)/सभापति कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर

नवीन मण्डी स्थल, हमीरपुर रोड़, नौबस्ता, कानपुर

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/(फल खण्ड)/2023–24–349 दिनांक: 07.03.2024

जैम–निविदा आमंत्रण सूचना

नवीन फल–सब्जी मण्डी स्थल, सचेण्डी (चकरपुर) कानपुर के ''फल खण्ड'' के सम्पूर्ण परिसर की सफाई कार्य वित्तीय वर्ष 2024–2025 में ठेका पद्धति के आधार पर कराये जाने हेतु जैम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित करते हुए सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.03.2024 से 18.03.2024 तक को सायंकाल 5:00 बजे तक ऑनलाईन जैम पोर्टल पर निविदाए अपलोड की जा सकेगी। तकनीकी बिड़ दिनांक 19.03.2024 को खोली जायेगी। उक्त मण्डी स्थल हेतु प्रतिभूति के रूप में रू.3,40,000.00 (रूपया तीन लाख चालीस हजार मात्र) की एफडीआर जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर के पक्ष में बन्धक करनी होगी। नियम व शर्ते ऑनलाईन/कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है।

(सुभाष सिंह) सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।
(डा0 राजेश कुमार) अपर जिलाधिकारी (नगर)/सभापति कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर

नवीन मण्डी स्थल, हमीरपुर रोड़, नौबस्ता, कानपुर

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/2023–24–347 दिनांक: 06.03.2024

जैम–निविदा आमंत्रण सूचना

नवीन खाद्यान्न मण्डी स्थल, नौबस्ता, हर्बल/ पुष्प मण्डी, नौबस्ता तथा नवीन फल–सब्जी मण्डी स्थल, सचेण्डी (चकरपुर), कानपुर 04 इलेक्टीशियन एवं 04 पम्प ऑपरेटर हेतु कार्यदायी संस्था/फर्म/कम्पनी का जैम पोर्टल के माध्यम से चयनित किया जाना है। जिस हेतु प्रतिभूति के रूप में रू.1,83,500.00 (रुपया एक लाख तिरासी हजार पाँच सौ मात्र) एफ0डी0आर0 जो सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर के पक्ष में बन्धक करनी होगी। कार्यदायी संस्था/फर्म/ कम्पनी द्वारा दिनांक 08.03.2024 से 18.03.2024 तक ऑनलाईन जैम पोर्टल पर बिड अपलोड की जा सकेगी। तकनीकी विड़ दिनांक 19.03.2024 को खोली जायेगी। नियम व शर्ते ऑनलाईन/कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है।

(सुभाष सिंह) सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।
(डा0 राजेश कुमार) अपर जिलाधिकारी (नगर)/सभापति कृषि उत्पादन मण्डी समिति, कानपुर।

एक नजर

आबकारी विभाग ने मोहान रोड अमौसी पर चलाया वाहन चेकिंग अभियान

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णत: अंकुश लगाये जाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज लखनऊ की आबकारी टीम द्वारा मोहान रोड अमौसी में वाहनों की चेकिंग की गई। आबकारी टीम द्वारा कानपुर रोड स्थित रेस्टोरेंट और ढाबों की चेकिंग की गयी और सभी रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों को उनके प्रतिष्ठान में अन्य प्रांत की शराब मिलने एवं बिना लाइसेंस शराब पिलाए जाने की स्थिति में सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।

सरोजनीनगर में व्यावसायिक निर्माण सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को सरोजनीनगर में अमौसी रोड पर व्यावसायिक निर्माण सील कर दिया। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन तीन देवांश त्रिवेदी ने बताया कि राजभान सिंह व अन्य द्वारा सरोजनीनगर में अमौसी रोड पर लगभग 1,500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक उपयोग के लिए बेसमेंट, भूतल व प्रथम तल पर दुकानें व हॉल आदि का निर्माण कराया गया था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस अवैध निर्माण के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय शुक्ला व प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से निर्माणाधीन भवन को सील कर दिया गया।

ट्रांस गोमती मुख्य अभियंता ने उपकेंद्रों का लिया जायजा

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने गुरुवार को कई उपकेंद्रों का जायजा लिया। आरडीएसएस योजना के कार्यों की समीक्षा की। कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि जीवीआरए, कुर्सी रोड सहित कई उपकेंद्र का जायजा लिया है। कार्य की प्रगति के बारे मे उपकेंद्र अधिकारियों से ब्योरा मांगा है। जो अधिकारी और कर्मचारी कार्य में लापरवाही बरतेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

निजामपुर मझिगवां में खाली कराई 14 लाख की जमीन

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को सरोजनीनगर तहसील के निजामपुर मझिगवां ग्राम में अतिक्रमण हटाकर 715 वर्गफिट भूमि खाली कराई। जिसका बाजार मूल्य 14 लाख रुपये है। नायब तहसील नीरज कटियार ने बताया कि खसरा संख्या 376 की .885 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में श्मशान में दर्ज है। भूमि पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से हटा दिया गया।

हम टेक्नोलॉजी के गुलाम हो गए हैं : सतीश महाना

लखनऊ पुस्तक मेले में दिखी साहित्य, कला और संस्कृति की त्रिवेणी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में साहित्य, कला और संस्कृति की त्रिवेणी देखने को मिली। एक तरफ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पुस्तकों का विमोचन किया तो वहीं जलरंग चित्रों की वाश शैली की चार दिवसीय कार्यशाला भी शुरू हुई। कल महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम होंगे और सुरों की महफिलें सजेंगी।



मेले में पुस्तक का विमोचन करते विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य। अमृत विचार

लखनऊ पुस्तक मेले में गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महान ने श्रीधर शुक्ल की किताब भुला न देना, डॉ. मनीष शुक्ल के कथा संग्रह प्रोफेसर मां के लाल और रश्मि कौशल की पुस्तक महाशून्य का विमोचन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि टेक्नोलॉजी के डिब्बे यानी मोबाइल से बाहर आकर ही साहित्य का मेला दिखेगा। उन्होंने कहा कि हम टेक्नोलॉजी के गुलाम हो गये हैं। कहीं इस एक हाथ के पकड़े डब्बे के कारण हमारा दिमाग भी डब्बा न हो जाए, क्योंकि जो हम सुनते हैं वहीं सोचते हें फिर वही करते हैं। उन्होंने मंच से न्योता दिया कि मेले में आये सभी साहित्यकार विधानसभा में आयें भ्रमण करें। उसके बदले स्वरूप को देखें जाने और कार्य प्रणाली को समझें।

लेखक डॉ. मनीष ने कहा कि कहानियां हर किसी के आसपास बिखरी हुई हैं। प्रोफेसर मां के लाल भी जीवन में होने वाली घटनाओं से ली गई कहानियों का संग्रह है। श्रीधर अग्निहोत्री ने बताया कि उनकी किताब में सिनेमा और टीवी के उन सुपर स्टार कलाकारों का जिक्र है, जिनकी वक्त के साथ चमक फीकी पड़ गई और वो भुला दिये गए। इस अवसर पर डॉ. अमिता दुबे, सिद्धार्थ कलहंस, विनोद शुक्ल, अलका प्रमोद, रेखा बोरा, डॉ. शिल्पी शुक्ला, पंचानन मिश्र, मनोज शुक्ल मनुज, राजीव तिवारी, चंद्रभूषण सिंह, गजल गायक सरभजीत सिंह आदि ने काव्यपाठ किया।

मेले में महिला विषयों के संग ही महिला साहित्यकारों महाश्वेता देवी, महादेवी वर्मा, शिवानी, मैत्रेयी पुष्पा, मन्नू भण्डारी, तस्लीमा नसरीन, मालती जोशी, गीतांजलिश्री, शरद सिंह आदि की किताबों की खूब मांग है। मेले के लगभग हर स्टाल पर महिला विषयक पुस्तकें हैं।

मेले के सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह हुए विश्वम महोत्सव में आज नृत्यांगन समूह द्वारा लोक नृत्य और लोक गीत प्रस्तुत किए। इसी क्रम में श्रीनिवास त्रिपाठी की पुस्तक कोरोना विषाणु और केपीएस वर्मा की पुस्तक कुछ टूटने की आवाज़ पर यूपी त्रिपाठी ने चर्चा की। डॉ. राही मासूम रजा एकेडमी का कार्यक्रम वसुंधरा फाउंडेशन की ओर से मनोज अग्रवाल चांदवासिया की किताब मृगनयनी का विमोचन हुआ। साथ ही गांधी दर्शन और महिला सशक्तिकरण पर राम किशोर की अध्यक्षता व ज्योति किरन रतन के संचालन में पद्मश्री डॉ. विद्या विंदु सिंह, आनन्द वर्धन सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव चमन, डॉ. करुणा पाण्डेय और संयोजक राकेश श्रीवास्तव ने विचार व्यक्त किये।

जलरंग शैली के विख्यात चित्रकार सुखबीर सिंह को समर्पित वाश शैली की विशिष्ट प्रदर्शनी के साथ चित्रकला कार्यशाला आज शुरू हो गयी। चार प्रतिभागियों ने इस दुरूह शैली की बारीकियों को कार्यशाला प्रशिक्षक डॉ. स्तुति सिंघल से समझा। कल कुछ और प्रतिभागी भी शामिल होंगे। कार्यशाला मेला समापन की तारीख 10 मार्च तक चलेगी।

महिला शरणालय में कथारंग ने पहुंचाई मंटो की कहानी सोने की अंगूठी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कथारंग फाउंडेशन ने प्राग नारायण रोड स्थित राजकीय महिला शरणालय में एक नाम अंत :वासियों के नाम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम उन महिलाओं के लिए आयोजित किया गया जो किन्हीं वजहों से अपने घरों के बजाय शरणालय में रहती हैं। राजकीय महिला शरणालय की मुख्य अधीक्षिका आरती सिंह ने मेहमानों का स्वागत किया। कथारंग की अध्यक्ष नूतन वशिष्ठ ने बताया कि कथारंग की यह कोशिश है कि कहानियों के माध्यम से महिलाओं और युवाओं में साहित्य के प्रति रुझान को बढ़ाया जा सके। कथारंग की उपाध्यक्ष पुनीता अवस्थी ने कथारंग का परिचय दिया। इस मौके पर अनुपमा शरद ने मंटो की कहानी सोने की अंगूठी का पाठ किया। इसमें सोम गांगुली ने उनका साथ दिया। ममता शुक्ला ने सात भूतों की कहानी सुनाई, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। डॉ. अपूर्वा अवस्थी ने कन्नौजी लोक कथा तोतले भाई सुनाई। यह कहानी भी महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान बिखेर गई।

कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बाराबंकी

पत्रांक: 1780/लेखा/रा0औ0प्र0बेलहरा/2023–24 दिनांक 06.03.2024

नीलामी नोटिस

राजकीय औद्यानिक प्रक्षेत्र बेलहरा, बाराबंकी में वर्ष 2023–24 की आम फसल बहार की नीलामी प्रक्षेत्र प्रांगण में दिनाँक 11 मार्च, 2024 को अपरान्ह 2:00 बजे के स्थान पर अब दिनॉक 12 मार्च, 2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे की जायेगी। नियम व शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

महेश कुमार श्रीवास्तव
जिला उद्यान अधिकारी,
बाराबंकी।

कार्यालय ग्राम रतनपुर विकासखंड छपिया जनपद गोंडा

मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम रतनपुर विकासखंड छपिया जनपद गोंडा में निम्न कार्य होना है
1–संती के स्थान से मकोइया तालाब तक मिट्टी खडंजा निर्माण कार्य,2–प्रा0 विद्यालय खडंजा से सिकंदर के बाग तक मिट्टी खडंजा निर्माण कार्य हेतु ईट,सीमेंट,मोरंग,बालू,मिट्टी आदि सामग्री सहित निविदा आमंत्रित की जाती है.इच्छुक फर्म निविदा निकलने के तीन दिन के भीतर कार्यालय पर संपर्क करें.सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है

संजय कुमार
प्रधान

उमेश भारती
ग्राम विकास अधिकारी

पांच हजार महिलाएं करेंगी सामूहिक सुंदरकांड का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ विश्व रिकार्ड के लिए 10 को किया जाएगा आयोजन

अमृत विचार : सत्य सनातन नारी शक्ति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में विश्व रिकार्ड के लिए 10 मार्च को पांच हजार महिलाएं सामूहिक सुंदरकाण्ड का पाठ करेंगी। यह आयोजन गोमती तट स्थित झूलेलाल घाट पर होगा। यह जानकारी सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने प्रेस क्लब में पत्रकारों को दी। सपना गोयल ने हिन्दुओं का आह्वान किया कि हिंदू अपने अपने स्थानीय मंदिरों पर हर मंगलवार को एकत्र होकर सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें।

परमान्द हरि हर मन्दिर की संस्थापिका सपना गोयल ने बताया कि देवों और संतों की भूमि-भारत को अपनी आध्यात्मिक सनातन पहचान दिलवाने के लिए आगामी 10 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पांच हजार महिलाओं द्वारा एक साथ सुंदरकांड कराने का संकल्प लिया गया है। इस दिशा में उनके द्वारा गठित 51 शक्तिपीठ द्वारा महिलाओं को कार्य सौंपे जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के 12 जिले पीलीभीत, बरेली, मुरादाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, लखीमपुर, रायबरेली, वाराणसी, सुल्तानपुर, बाराबंकी और अयोध्या सहित प्रदेश के पचास गांव और देश में मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उड़ीसा, कर्नाटक के बेंगलुरु और महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई तक में यह अभियान पहुंच चुका है। विदेशों में मॉरिशस, अमेरिका, साउथ अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी दुबई तक में यह अभियान सक्रिय है।

सपना गोयल के अनुसार भगीरथ ने अपने पूर्वज राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को जिस तरह मुक्ति दिलवायी थी उसी तरह उनका भी संकल्प मानव जाति का कल्याण करना है। इसकी प्रेरणा उन्हें साल 2022 में बाबा अमरनाथ से मिली थी। सपना गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को राम के अनुज लक्ष्मण के नाम पर लक्ष्मणपुरी के मूल नाम से लोकप्रिय करवाने और सनातन धर्म के पुनरुत्थान के लिये वह बीते कई वर्षों से मंदिर निर्माण कार्य और मंदिरों के जीर्णोद्धार की सेवा भी कर रही हैं।

सेवा संकल्प के बाल उत्सव में बच्चों की प्रस्तुति ने जीत लिया दिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सेवा संकल्प की ओर से संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आयोजित दो दिवसीय बाल उत्सव का पुरस्कार वितरण के साथ गुरुवार को समापन हो गया। कलर्स ऑफ इंडिया शीर्षक से आयोजित इस बाल उत्सव में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया।

सेवा संकल्प बाल उत्सव के दूसरे दिन कथक में प्रतिभाग करते कलाकार। अमृत विचार

इस आयोजन में लखनऊ में संचालित शिक्षा केन्द्रों के अलावा नैनीताल के रामगढ़ ब्लाक और प्रयागराज के मांडा ब्लाक से आये बच्चों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया।

संदीप आहूजा ने बच्चों की प्रतिभा और सेवा संकल्प के प्रयासों की सराहना की। संस्था के संस्थापक शिव कुमार श्रीवास्तव शिवेश ने बताया कि पिछले 32 साल से बगैर किसी सरकारी अनुदान के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब की मलिन बस्तियों के बच्चों और महिलाओं के शैक्षिक और स्वास्थ्य के उत्थान में लगी है। उन्होंने कहा कि बाल उत्सव का मकसद मलिन बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी प्रतिभाओं को सामने लाना है। संस्था की सक्रिय सहयोगी वायलेट बेंजामिन का इस आयोजन की योजना के बीच ही निधन हो गया था, इसलिए इस बाल उत्सव को उन्हें ही समर्पित कर दिया गया।

नैनीताल के रामगढ़ ब्लाक के बच्चों कार्तिक नयाल, गौरव बिष्ट, सूजल, प्रियांशु, संयम, लाखन और अजय ने गणेश वंदना से यह मनभावना कार्यक्रम शुरू किया। लखनऊ के बच्चों अलीशा, आस्फिया, शगुन, आन्या, जैनब और तैय्यबा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

बुद्धेश्वर के बच्चों अंशिका, काजल, रुखसाना, अनन्या, पलक, आलोक, पायल, तमन्ना और श्रद्धा ने एक बटा दो – दो बटा चार गीत पर अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रयागराज के मांडा ब्लाक के बच्चों ईशा और अनन्य ने पार्वती बोली शंकर से, त्रिवेणी नगर के बच्चों मुस्कान, दामिनी, सुलोचिनी, आराधना, प्रियांशी और आराधना ने तारे जमीं गीत पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत किया. हर्षिता, कोमल, कनक और पूजा ने पहाणी कुमाऊनी नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि बुद्धेश्वर के बच्चों श्रद्धा, अंशिका, पलक, सौम्या, छाया, अनुष्का, अफसाना, आरती व आलोक ने सोन चिरैया के जरिये सेव गर्ल चाइल्ड सन्देश को बहुत अच्छे अंदाज में दिया।

उत्तराखंड महापरिषद के अध्यक्ष हरीशचंद्र पंत ने सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यालय – अधीक्षक, जिला कारागार, सुलतानपुर

पत्रांक: 401 / वाहन / 2024 दिनांक:– 2.03.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला कारागार सुलतानपुर के शासकीय वाहनों टाटा सूमो, माडल वर्ष 2006 संख्या– यू0पी0–32, बी जी–1510 तथा एम्बुलेन्स (ओमनी वैन) माडल वर्ष 2007 संख्या– यू0पी0–44 जी 0097 की नीलामी दिनांक– 12.03 2024 को प्रात: 10 बजे निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन रहते हुए सम्पन्न की जायेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म किसी भी दिवस में कारागार में सम्पर्क कर वाहन की स्थिति जैसी भी है का निरीक्षण कर सकते है तथा नीलामी से सम्बन्धित शर्तो की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

अधीक्षक
जिला कारागार सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत परसा, वि0ख0 कूरेभार, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–07.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसा , विकासखंड कूरेभार , जनपद सुलतानपुर में मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–08.03.2024 से 14.03.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत परसा, विकास खण्ड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–14.03.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1	जगन्नाथ के घर से सूबेदार के तालाब तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।	7,12,101 रुपये	इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0– परसा, वि0ख0–वि0खं0–कूरेभार
जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0– परसा , वि0ख0–कूरेभार
जनपद सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत बझना, वि0ख0 कूरेभार, जनपद सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–07.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बझना, विकासखंड कूरेभार , जनपद सुलतानपुर में 15वां वित्त आयोग योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–08.03. 2024 से 11.03.2024 सायं 2 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत बझना, विकास खण्ड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–11.03.2024 को सायं 4 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1	खडंजा से परमानन्द तिवारी के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	2,50000 रुपये	इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0– बझना, वि0ख0–वि0खं0–कूरेभार
जनपद सुलतानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0– बझना , वि0खं0–कूरेभार
जनपद सुलतानपुर

सार-संक्षेप

निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों को आवास में वरीयता

अमृत विचार, लखनऊ : निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास में वरीयता मिलेगी। पात्रता श्रेणी में इन्हें जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में दिशा–निर्देशों में संशोधन किया गया है। इसमें निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगों को पात्रता में रखा गया है। पति की मौत के बाद निराश्रित 18 से 40 वर्ष तक की महिलाओं को आवास आवंटन में वरीयता मिलेगी। इसके अलावा परिवार में एक से अधिक दिव्यांग व्यक्ति हैं तो ऐसे परिवार को वरीयता दी जाएगी। जिले में आवंटित लक्ष्य से अधिक पात्र दिव्यांग आवेदन करते हैं तो निर्धन को वरीयता दी जाएगी। जबकि इससे पहले कुष्ठ रोगी, आपदा पीड़ित व अन्य पात्र थे। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने सभी मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजकर अवगत कराया है।

बिना नमी मापक के खुला क्रय केंद्र, पंजीयन भी कम

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में गेहूं खरीद तो दूर तैयारी भी अधूरी है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता शैल कुमारी ने पीसीएफ केंद्रों का निरीक्षण किया तो खरीद के इंतजाम नहीं मिले। किसान पंजीयन भी कम मिले। जिले में 1 मार्च से गेहूं खरीद के लिए 45 केंद्र खोले गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा पीसीएफ के 31 केंद्र हैं। गुरुवार को सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता ने केपी निगम के साथ पीसीएफ केंद्रों की हकीकत देखी तो कहीं पर खरीद होना नहीं पाया। सभी जगह गेहूं की अभी कटाई न होना बताया गया। रुदान खेड़ा केंद्र के निरीक्षण में नमी मापक यंत्र नहीं मिला। बिना इसके खरीद भी नहीं की जा सकती है। स्टेशनरी भी नहीं मिली। इस पर केंद्र प्रभारी पर दीपचंद्र चौधरी पर नाराजगी जताई और इंतजार पूरे करने के निर्देश दिए। किसान पंजीयन पांच का ही पाया। जो हर हाल में खरीद शुरू होने से पहले ज्यादा से ज्यादा कराने के निर्देश दिए। बाद में संबंधित समिति का भी निरीक्षण किया। खाद, बीज, ऋण वितरण व वसूली की प्रगति जानी।

अनुरक्षण कार्य के बाद भी दो से तीन घंटे गुल रहती है बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर कारपोरेशन ने अधिकांश इलाकों में अनुरक्षण कार्य पूरा कर लिया है। इस दौरान जर्जर तार, ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग, फीडरों के मेंटीनेंस के साथ जम्फर, पेटीबॉक्सों को रिपेयर किया जा चुका है। महानगर, अलीगंज, पुरनिया, निशातगंज, मेंहदी टोला, चौधरी टोला, पांडे टोला सहित आशियाना, आलमबाग, चारबाग के आस पास के क्षेत्रों मे अनुरक्षण कार्य खत्म होने के बाद भी दिन में दो से तीन घंटे बिजली गुल हो रही है। इसकी शिकायत उपकेंद्रों के टोलफ्री नंबर उपभोक्ता करते हैं तो इसका कोई जवाब नहीं मिलता है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन क्षेत्रों में अनुरक्षण कार्य हो चुका है, वहां पर आपूर्ति में समस्या नहीं है, तो कर्मचारियों को नोटिस दी जाएगी।

कहीं नवदुर्गा का स्वरूप तो कहीं सशक्तीकरण

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में पैनल चर्चा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का विषय महिला और मानवता को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में शिवांगी सिंह व ईरा उपाध्याय ने उपस्थित पैनलिस्ट एवं छात्र छात्राओं को विधिक सहायता केंद्र के बारे में जानकारी प्रदान की। पैनल चर्चा के दौरान रेनू मिश्रा ने महिलाओं के मतदान का अधिकार, महिलाओं के संपत्ति का अधिकार, बलात्कार, घरेलू हिंसा आदि विषयों पर चर्चा की। सोनाली रॉय चौधरी ने विधिक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ. बी.डी. सिंह, डॉ. आलोक कुमार यादव, छात्र संचालक रोशनी ठाकुर सहित काफी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

33 महिला कलाकारों की प्रदर्शनी शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ ललित कला अकादमी में किया जा रहा आयोजन

अमृत विचार : ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय केन्द्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केन्द्र में महिला कलाकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी शुरू हुई। प्रदर्शनी का आयोजन कला विथिकाओं में 7 से 14 मार्च तक जारी रहेगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह और संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय ने किया। इस मौके पर अकादमी के क्षेत्रीय सचिव देवेन्द्र त्रिपाठी भी मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी में केन्द्र की 33 महिला कलाकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

प्रदर्शनी के मौके पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसमें मिर्जापुर की लोकगायिका पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव, गुरुग्राम हरियाणा की कथक नृत्यांगना नयनिका घोष और लखनऊ की उप शास्त्रीय संगीत की कलाकार डॉ. विभा सिंह ने मनभावन कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रो. मांडवी सिंह ने यहां कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल कला के माध्यम से महिलाओं की प्रतिभा को प्रस्तुत करती है, बल्कि समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान भी करती है।

डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से हम महिलाओं के कला के प्रति समर्थन को बढ़ावा देने के साथ-साथ, समाज में उनके दिव्य और समर्पित भाव को भी समझ सकते हैं। वे इस अवसर को एक नई सोच और संवेदनशीलता के लिए भी महत्वपूर्ण मानते हैं, जो हमें आपसी समझ, सहयोग और समर्थन का माध्यम बनाता है।

इस मौके पर संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, प्रो. उमेश सक्सेना, भारतेन्दु नाट्य अकादमी के निदेशक विपिन कुमार, लोक एवं जनजातीय कला संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी, राज्य ललित कला अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र और मोहम्मद शकील की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

बैंक ऑफ बड़ौदा देगा महिलाओं को विशेष सुविधा

अमृत विचार, लखनऊ : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक ने खाता खोलने व ऋण लेने वाली महिलाओं को विशेष सुविधा प्रदान कर रहा है। यह जानकारी प्रबंध निदेशक देबदत्त चांद ने दी। प्रबंध निदेशक के मुताबिक महिला खाताधारकों के लिए बॉब महिला शक्ति बचत खाता और बॉब वूमेन पावर चालू खाता शुरू किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा 30 जून 2024 तक खाता खोलने और 31 दिसंबर 2024 तक चालू खाते पर लिए जाने वाले ऋण सुविधाओं पर विशेष लाभ दिया जाएगा। इस बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के नेतृत्व में संचालित उद्यमों को सहयोग देने और वित्तीय सशक्तिकरण एवं स्वतंत्रता की दिशा में एक श्रृंखला शुरू की है।

रायबरेली का आदित्य हत्याकांड : हाईकोर्ट ने प्रतिदिन सुनवाई का दिया आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

▶▶ 31 अगस्त तक ट्रायल करें पूरा, अन्यथा सेशंस जज के विरुद्ध दिया जाएगा प्रतिकूल निष्कर्ष

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रायबरेली के चर्चित आदित्य हत्याकांड में सत्र न्यायाधीश को आदेश दिया है कि वह मामले से सम्बंधित पत्रावली को एक सप्ताह में अपने पास तलब करें तथा मामले की दिन-प्रतिदिन सुनवाई करें। न्यायालय ने ताकीद किया है कि मामले का ट्रायल 31 अगस्त 2024 तक पूरा कर लिया जाए अन्यथा सत्र न्यायाधीश के विरुद्ध प्रतिकूल निष्कर्ष दिया जाएगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी की एकल पीठ ने अभियुक्त सुरेश यादव की जमानत याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। अभियुक्त की ओर से ट्रायल में देरी के आधार पर दूसरी जमानत याचिका दाखिल की गई थी। मामला रायबरेली के हरचंदपुर थाने का अक्टूबर 2019 का है। आरोप है कि छात्र आदित्य सिंह को सोमू ढाबा पर दौड़ा-दौड़ा के पिता गया था और बाद में उसकी हत्या कर दी गई। मामले में ढाबे का मालिक सुरेश यादव 14 अक्टूबर 2019 से जेल में है। उसकी ओर से दलील दी गई कि अब तक महज अभियोजन के महज चार गवाह प्रस्तुत किए गए हैं, यही नहीं सत्र न्यायाधीश ने अपने एक आदेश में स्वीकार किया है कि मामले का वादी विचारण में सहयोग नहीं कर रहा।

इस पर न्यायालय ने उपरोक्त आदेश पारित किया। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि सत्र न्यायाधीश यह सुनिश्चित करें कि ट्रायल के दौरान हड़ताल अथवा कंडोलेंस आदि का प्रभाव न पड़े और ऐसी परिस्थिति में सत्र न्यायाधीश अपने चैंबर में ही मामले की सुनवाई करें। न्यायालय ने कहा है कि ट्रायल में देरी से अभियुक्त को तीसरी जमानत याचिका दाखिल करने का अवसर मिलेगा, साथ ही यह भी आदेश दिया है कि ट्रायल पूर्ण होने की जानकारी हाईकोर्ट को भी दी जाए।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज, गोण्डा

पत्रांक: 1577/क्षे0प0/निविदा/2023–24 दिनांक: 07/03/2024

अल्पकालीन निविदा

क्षेत्र पंचायत नवाबगंज में पंचम राजवित्त एवं पंद्रहवां केन्द्रीय वित आयोग द्वारा कार्य की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से नीचे दर्शाये गये निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु निविदा दिनांक 08.03.2024 से 12.03.2024 तक कार्यालय अवधि में विकास खण्ड मुख्यालय पर कैशियर को नगद मूल्य देकर 03 बजे अपरान्ह तक प्राप्त कर सकते है। निविदाये दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जाएगी। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 04 बजे उपस्थित निविदादाताओं व गठित निविदा समिति के सदस्यों द्वारा खोली जाएगी।

क्रम सं0	परियोजनाओं का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर की धनराशि रू0 में	निविदा का मूल्य
1	ग्रा0पं0 गोकुला में साकीपुर सरहद से रामसूरत यादव के घर तक इण्टरलाकिंग	9.97	19940	500
2	ग्रा0प0 इन्दरपुर के पूरे अंबर में मुर्गी फार्म से कमलेश पांडेय के घर तक इण्टरलाकिंग	9.97	19940	500

शर्ते:–
1– सशर्त एवं कटिंग या ओवर राइटिंग वाली निविदा स्वीकार नही की जाएगी। प्रत्येक कार्य के लिए आपूर्तिकर्ता को अलग–अलग निविदा देनी होगी।
2–निविदा में दी गई आपूर्ति दरों की वैधता निविदा खुलने की तिथि से कार्य समाप्ति तक होगी।
3–शपथ निर्धारित मूल्य के स्टैम्प पेपर पर अंकित करना अनिवार्य है। जो निविदा/समिति/खण्ड विकास अधिकारी नवाबगंज के समक्ष होगी। टी0ए0सी0 अथवा अधिकारी द्वारा जांच में ईट/निर्माण सामग्री में किसी भी कमी के पाये जाने पर आपूर्तिकर्ता उत्तरदायी होगा और उसे वसूली की निर्धारित धनराशि जमा करनी होगी।
4–निविदादाता को निविदा में अपना स्थायी एवं वर्तमान पता दूरभाष नं0 सहित पठनीय अक्षरों में अंकित करना होगा।
5– आपूर्ति पी0डब्लू0डी0 के मानको एवं गुणवत्ता के अनुरूप होना चाहिए अन्यथा भुगतान में आवश्यक कटौती अथवा भुगतान रोकने की कार्यवाही की जाएगी।
6–दर समस्त कर सहित (ब्रिकी कर आदि) निविदा में दी जाए। निविदादाता फर्म को व्यापार कर विभाग में पंजीकृत होना चाहिए।
7– समस्त करों की कटौतियां निविदादाता से श्रोत पर भुगतान के समय कर ली जाएगी।
8–निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत/धरोहर की राशि का बैंक एफ0डी0आर0 संलग्न करना अनिवार्य होगा।

अरुन्धती सिंह
प्रमुख
क्षेत्र पंचायत नवाबगंज, गोण्डा

विजय कांत मिश्रा
खण्ड विकास अधिकारी
नवाबगंज, गोण्डा

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत् ।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत् ॥

कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए । कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता है ।

संपादकीय

विकसित जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है और विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन की संभावनाओं और किसानों के सशक्तिकरण से निकलेगा। भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के नेतृत्व से विकसित जम्मू-कश्मीर का रास्ता निकलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने श्रीनगर में रैली के दौरान 6400 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पीएम मोदी की कश्मीर घाटी की पहली यात्रा रही। उन्होंने कहा कि 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लिए लोगों को गुमराह कर रहे थे। अब युवा प्रतिभाओं का पूरा सम्मान हो रहा है और उन्हें विकास के लिए नए अवसर मिल रहे हैं। इस बीच सरकार जम्मू-कश्मीर को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में विकसित करने में लगी रही है जिसे वह आतंकवाद और भ्रष्टाचार से शांति और स्थिरता की ओर ले आई है। रैली के दौरान जो विकास परियोजनाएं समर्पित की गईं, उनसे कृषि अर्थव्यवस्था और पर्यटक उद्योग को गति मिलेगी। जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। रोजगार सृजन होगा जिससे जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों को लाभ होगा। उधर लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा की संभावना को लेकर विपक्षी दलों के बीच नए सिरे से राजनीतिक दिलचस्पी पैदा हो गई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हर मुद्दे को चुनावी कैनवास के केंद्र में ले आते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने श्रीनगर रैली के दौरान चुनाव के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया। परंतु उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा शिकार रहा है। वे राजनीतिक लाभ के लिए पीड़ित होने का उपयोग बेहतर तरीके से कर जाते हैं। यह सच है कि विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता नहीं है जो प्रधानमंत्री मोदी के कद की बराबरी कर सके। कहा जा सकता है यह रैली भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगी।

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्य

डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे।

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर दुनिया भर के सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लगभग सभी देशों में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, कामकाजी महिलाओं के प्रति भेदभाव, यौन हिंसा एवं प्रताड़ना जैसी विषम परिस्थितियों के परिणामस्वरूप उनकी पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयां को दूर करने के लिए नियम और कानून हैं। उनके बावजूद विश्व की बड़ी संख्या में महिलाएं शोषण का शिकार बनती रही हैं। इस अवसर के लिए विशेष निर्धारित थीम के अनुरूप दुनिया भर में महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके स्वास्थ्य तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के विषय में उन्हें जागरूक बनाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे। जिससे उनकी भावी उत्पादकता और डिजिटल संबंधी क्षमता को विकसित करने में सहायता मिलेगी। भारत में किशोरवय के विकास के संबंध में उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मूल्यों और सिद्धांतों के अनुपालन का प्रावधान है। ये नीतियां विभिन्न मंत्रालयों जैसे की शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल, तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा विकसित की जाती हैं।

किशोरवय वर्ग के संदर्भ में प्रमुख नीतियों में सम्मिलित हैं : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, राष्ट्रीय युवा नीति 2003 और 2014, तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014। इनमें प्रत्येक नीति का उद्देश्य एक दूसरे से जुड़ा और विशिष्ट है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी कहीं-न-कहीं किशोरवय से जुड़े पहलुओं से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्यः वर्ष 2019-21 के दौरान संपन्न पांचवें 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' के अनुसार 10 से 19 वर्षीय भारतीय किशोरवय पांच लड़कियों में तीन लड़कियां एनीमिया से पीड़ित हैं जब कि ऐसे लड़कों की संख्या लगभग 28 प्रतिशत है। यह किशोरवय लड़कियों के दीर्घकालिक गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से प्रभावित होने की एक विशेष स्वास्थ्य चुनौती है, जो उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास में बाधक हो सकती है।

लौह की कमी से उत्पन्न एनीमिया व्यक्तियों और संपूर्ण आबादी की कार्य क्षमता घटा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस स्थिति से उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट राष्ट्र की विकास में बाधक होता है। जर्नल ऑफ़ न्यूट्रिशन में वर्ष 2002 में संपन्न एक अध्ययन पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एनीमिया के कारण कठोर शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों की उत्पादक क्षमता में लगभग 17 प्रतिशत और मध्यम श्रेणी के कार्यों से जुड़े व्यक्तियों में 5 प्रतिशत की गिरावट पाई गई। 15 से 19 वर्षीय प्रति 1000 महिलाओं में प्रजनन क्षमता दर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' (2015-16) में 51 से घटकर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5' (2019-21) में 43 पाई गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 15 से 19 वर्षीय आयु वर्ग की लगभग 6.8 प्रतिशत किशोरवय लड़कियों पर मातृत्व भार पड़ गया था।

'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' के अनुसार इस इस आयु वर्ग में पोषण में कमी के कारण बौनापन और शरीर भार कम होने की व्यापकता है। स्कूल जाने वाली लगभग 42 प्रतिशत लड़कियों का शरीर भार कम पाया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार बिहार, झारखंड, गुजरात में देखी गई इस स्थिति से पोषण में क्षेत्रीय असमानता का संकेत मिलता है। भारत सरकार के 'नवीन पोषण अभियान 2.0' के अंतर्गत किशोरवय लड़कियों को पौष्टिक आहार के माध्यम से पोषक तत्वों का संपूर्ण प्रदान किया जा रहा है। बढ़ती आयु की लड़कियों के लिए मासिक धर्म (मेंस्ट्रूअल साइकिल) के दौरान स्वच्छता उत्पादों के प्रयोग में बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान इन स्वच्छता उत्पादों का प्रयोग 58 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 78 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, देश की सभी किशोरवय लड़कियों के लिए व्यापक रूप से स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता और इससे जुड़ी जागरूकता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। लड़कियों में मानसिक विकारों से जुड़ी आधी समस्याओं की शुरुआत 14 वर्ष की आयु में हो जाती है। पन्द्रह से 19 वर्षीय लड़कियों में मृत्यु का प्रमुख कारण स्वयं को क्षति पहुंचाना अथवा जीवन स्वयं समाप्त करना होता है। भारत के 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16' के अंतर्गत 13 से 17 वर्षीय युवा लड़कियों में मानसिक विकारों की व्यापकता लगभग 7.3 प्रतिशत पाई गई थी। लड़कों की तुलना में लड़कियों में तनाव से संबंधित विकारों की व्यापकता अधिक थी। भारत में युवा लड़कियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर यूनिसेफ की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीनएजर्स में अवसाद और व्यग्रता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लड़कियों की किशोरावस्था में प्राथमिक से सेकेंडरी शिक्षा तथा शिक्षा से कार्य पर जाने जैसी स्थितियां बदलती हैं। उनकी शिक्षा के अवसर में कोताही उनके भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। वर्तमान में भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों में महिलाओं की संख्या लगभग 37 प्रतिशत है, जो जी-20 देशों में सबसे कम है। लड़कियों द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करना एक कारण हो सकता है, वहीं पर्याप्त ज्ञान, दक्षता और शिक्षा में कमी जैसी स्थितियां दक्ष महिलाओं की संख्या बढ़ने में बाधक हैं। स्कूल छोड़ने वाली किशोरवय लड़कियों की संख्या अभी भी बहुत है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत की किशोरवय लड़कियों का अध्ययन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। हालांकि, सरकारी विद्यालयों में लड़कियों की फीस कम होने के कारण कहीं-न-कहीं लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत देश में मातृ, शिशु एवं किशोरवय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जारी कार्यक्रमों में जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसूति सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'लक्ष्य' योजना, मातृ एवं शिशु ट्रैकिंग प्रणाली, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं दुग्धपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों को लौह एवं फोलिक एसिड का संपूर्ण, बच्चों को जानलेवा रोगों से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण (इम्यूनाइजेशन) कार्यक्रम, संपूर्ण टीकाकरण हेतु मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थानगत शिशु जन्म, पोषण, प्रतिरक्षीकरण, आदि पहलुओं पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सूचना, शिक्षा एवं संचार, आदि जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं।

किशोरावस्था की लड़कियों को मानसिक विकारों से बचाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने और परामर्श देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण अभियान 2.0 जैसे कार्यक्रमों की प्रभावी पहुंच के प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रतिबद्धता है।

देश की प्रगति नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। भारत सरकार की वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के आधार पर देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता फैलाना प्रासंगिक है।

प्रसंगवश

कुछ अनुसुने किस्से कहानी

मिलेवा मिरका

सोफिया

बीसवीं सदी में जब लड़कों के स्कूल में एक लड़की ने साइंस स्कूल में प्रवेश लिया। बेहतरीन दिमाग इतना शानदार कि सदी का सबसे प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी उससे प्रभावित और आकर्षित हो गया। विवाह हुआ और आज हम उस जीनियस लड़की का नाम भी शायद ही कहीं सुनते हो। मैं बात कर रही हूं आइंस्टीन की पत्नी मिलेवा मिरका की जो खुद उसी स्तर की वैज्ञानिक थी जिस स्तर के आइंस्टीन खुद थे। उसका मानसिक स्तर ही आइंस्टीन को उसके पास खींच कर ले गया था। मिलेवा न अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को प्रमाणित कर पाई ,न ही अपने शैक्षिक सामर्थ्य को। और घरेलू मोर्चे पर तो वह थी ही असफल। वह एक अवैतनिक कर्मचारी बन गई जिसे आइंस्टीन नौकरी से निकाल नहीं सकते थे पर बतौर पत्नी उसका कोई स्थान नहीं था।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

अगला किस्सा जर्मन मूल की स्वीडिश वैज्ञानिक मेंटनर का है जिनका कई बार नोबल के लिए नॉमिनेशन हुआ पर अपने देश स्वीडन जिसके लिए उन्होंने काम किया, उस देश ने उन्हें तवज्जो नहीं दी।

प्रसिद्ध लेखक जिनके नाम से कोई भी साहित्य प्रेमी अछूता नही होगा लियो टॉलस्टाय की पत्नी सोफिया का है , जो खुद एक रशियन राजकुमारी थी। लियो के तेरह बच्चों की मां थी। जो खुद भी एक इंटेलेक्चुअल थी । जिसकी डायरी ने ही उसे पहचान दे दी। पर उसकी व्यक्तिगत क्षमता केवल टॉलस्टाय के उपन्यासों की पांडुलिपियां बनाने में खर्च हो गई।

ये सभी किस्से पाश्चात्य देशों के हैं, जहां से फेमिनिज्म का बीज पड़ा। हर किस्से की एक ही त्रासदी है ; स्त्री की क्षमता को पेटेंट करा लेना। उसे उसके हक की इज्जत न मिल पाना। उसकी क्षमताएं व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक हो गई और पहचान शून्य। केवल पश्चिम ही नही भारत आदि एशियाई देशों में हाल और बदतर है। विविध कार्य क्षेत्रों में उपेक्षित नारी प्रजाति को आज भी अपने आत्मोत्थान के लिए बहुत संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

ये स्त्रियां जो आज गिनवा रही हूं, ये सभी अपने क्षेत्र की हस्तियां हो सकती थी, ऐसी ही लाखों स्त्रियां जो अपनी पहचान के लिए भटकती रही और खप गईं। इन्हीं स्त्रियों का संयुक्त प्रयास फेमिनिज्म की चौथी लहर तक पहुंच गया। शायद ये उकसावा ही महिला दिवस मनाने को प्रेरित कर देता है।

भारतीय समाज में फेमिनिज्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को कम मिलता है। हमारा सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचा स्त्री का मूल स्वरूप देवी का बना देता है। ये देवी बनना ही एक फंदा है जहां से भारतीय नारी को निकलने में समय लगेगा। अतः नारी दिवस पर गोलगप्पे की पार्टी से ही भारतीय नारी अभी खुश है ।

स्त्री, स्त्रीवाद और स्त्री-सशक्तिकरण

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

आम स्त्री के यथार्थ : भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है।

ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपनी पत्नी गार्गी के लगातार सवाल करने पर गुस्से से कहा था, 'ज्यादा पूछा तो तुम्हारा मस्तक फट जाएगा।' प्राचीन युगों की तरह वर्तमान युग में भी स्त्रियां ज्यादा सवाल करने से रोकी जाती हैं। उनके साहस की हद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से बांध दी जाती है। आमतौर पर वे राष्ट्र में वीरांगना, समाज में धर्म-संस्कृति की मशाल और बाजार में कभी 'कमोडिटी-कभी कंज्यूमर' सब एक साथ हैं। क्या उनके सवालों की हद का निर्धारण स्त्री विमर्श को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है?

भारत में स्त्रीवाद पश्चिम के गोरे स्त्रीवाद की कार्बन कॉपी है। वह स्त्री-पुरुष असमानता के कुछ रूपों को अनावृत्त करने के बावजूद आम भारतीय स्त्रियों से संवाद करने में सक्षम न हो सका। एलीट मध्यवर्गीय स्त्रियों तक सीमित बौद्धिक संवाद स्त्रीवाद की पहली सीमा है। दूसरी सीमा है, उसकी उग्रता ने देश के दूसरे वंचित समुदायों और विमर्शों से उसका अंतर्संपर्क विकसित होने नहीं दिया, जैसा कि पश्चिमी देशों में चौथी लहर के स्त्रीवाद ने किया। तीसरी सीमा है, स्त्रीवाद की दृष्टि स्त्रियों पर होने वाले अदृश्य अत्याचारों की ओर नहीं गई। इसने पुरुष सत्ता के विस्तृत रूपों और अत्याचारों पर ध्यान नहीं दिया। इस तरह स्त्री विमर्श शैक्षिक-व्यापारिक क्षेत्र में लोकप्रियता के बावजूद वैचारिक स्तर पर एक छोटी बाउंडरी में रह गया।

भारत में स्त्रीवाद मुख्यतः सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व या एलीट महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ी बन गया है। उस पर अंततः स्त्री की धार्मिक मातृ छवि भारी पड़ गई। इसके तहत स्त्रियों का ध्यान पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था से हटा कर 'भिन्नता' की धारणाओं की ओर आसानी से मोड़ दिया गया। ये बातें बार-बार दुहराई जाती हैं- 'गरीबों की उन्नति करनी है', 'स्त्रियों की उन्नति करनी है'। लेकिन गरीबों और स्त्रियों की उन्नति में लगे व्यक्तित्व कभी समझ नहीं पाए कि 'गरीब स्त्रियों' की उन्नति एक अलग मामला है!

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। इस देश में स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है। वह परिवार ही नहीं, जाति, जनजाति और कई बार 'राष्ट्र' के लिए भी 'प्रतिष्ठा चिह्न' बना दी जाती है। उसके आज्ञा पालन की जगह जरा भी बराबरी दिखाने, सवाल करने या अधिक स्वतंत्रता लेने पर उसे 'कुलटा', 'परिवार और जाति की प्रतिष्ठा पर दाग' आदि कहकर अपमानित किया जाता है। इधर संस्कृति की दुहाई देकर भी स्त्रियों को जड़ हो चुके पुराने विश्वासों और रीतियों की ओर लौटाने की कोशिश हो रही है। एक बागेश्वरी बाबा हैं, वे कुआंरी लड़कियों को 'खाली प्लॉट' कहते हैं और स्त्रियां चुपचाप सुनती हैं। स्त्रियों का एक अपना आत्मसम्मान है, आधुनिक गरिमा है और उनमें खुद निर्णय लेने की क्षमता है, अब इन चीजों की जम कर उपेक्षा होने लगी है। ऐसी विडंबनाएं भी हैं कि किसी स्त्री की डाइन छवि निर्मित करने और उसे सजा देने के पुरुषसत्तात्मक सुख में कई बार खुद स्त्रियां शामिल रहती हैं। मीडिया स्त्रियों से मनोरंजन करने के लिए किसी स्त्री की 'डाइन-छवि' बनाता है तो किसी स्त्री की 'वीरांगना-छवि'। ये एक ही पुरुषसत्तात्मक सिक्के के दो पहलू हैं।

आम परिवारों में सामान्यतः वधू 'ग्रेजुएट और गृहकार्य में निपुण' चाहिए! कई लड़कियां जानती हैं कि वे सिर्फ इसलिए पढ़ती हैं कि उन्हें अच्छा वर मिले। दहेज एक बड़ी समस्या है। यह लज्जा की बात है कि 2021 में दहेज न देने पर सताई जा रही 6.8 हजार स्त्रियों ने आत्महत्या की। आज भी शादी से पहले प्रश्न होता है- कितना खर्च करेंगे? एक बिस्कुट कंपनी के विज्ञापन में था-वर को उपहार में ज्यादा से ज्यादा बिस्कुट दें, पैकेट में सोना मिल सकता है! दहेज सभ्य भाषा में उपहार है।

इधर एक नया यथार्थ यह है कि कई लड़कियां खुद 'डिस्टिनेशन मैरेज' की मांग करती हैं, माता-पिता की पर्याप्त क्षमता न हो, तब भी। दूसरी तरफ, आज भी लाखों लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में कर दी जाती है। गांवों-कस्बों में माना जाता है कि उनके लिए उच्च शिक्षा जरूरी नहीं है। स्त्रियां बीमार होने पर कह नहीं पातीं कि वे बीमार हैं। रोजगार करने वाली स्त्रियों की स्थिति देखें तो शहरवासी स्त्रियों में वे 21 प्रतिशत से भी कम हैं। बहुत से कामों के लिए स्त्रियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता और इनका वेतन पुरुषों की तुलना में कम होता है। इस तरह भी सोचा जाता है कि नौकरियां कम हैं। अतः इनके लिए पुरुष को ही प्रधानता मिलनी चाहिए। इसके अलावा, गरीब और वंचित स्त्रियां आवाजहीन हैं। मध्यवर्गीय स्त्रीवाद की चिंताओं के दायरे में स्त्रियों के यथार्थ का एक बड़ा संसार नहीं है।

सोशल फोरम

हुआ क्या मुझे रे तौबा

सुबहे से अपने भीतर एक गजब का परिवर्तन पा रहा हूं। मुझे हर स्त्री बेहद आकर्षक मालूम पड़ रही है। बेहद। एक भी अपवाद नहीं। क्या हो गया मुझे। इतना आनंद क्यों उमड़ रहा है। सारी स्त्रियां इतनी मोहक कैसे हो उठी हैं। क्यों खिंचा चला जा रहा हूं। किसी देवता ने मुझे कहीं सोमरस तो नहीं पिला दिया है। आह। हुआ क्या मुझे रे तौबा। झूम उठा रे मैं मस्ताना, दीवाना। जाने क्या पिलाया तूने, बड़ा मजा आया।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी रसदशा में फेसबुक खोला। मालूम हुआ आज महिला दिवस है। महिलाओं को उनकी ताकत का एहसास दिलाने का दिन। मैं उसी महिला को शक्तिशाली मानता हूं जो पुरुष को अपने अमोघ आकर्षण के बल पर घुटने टेकवा दे और हर सार्थक काम उससे करवा ले। महिला की शक्ति पुरुष-सा होने में नहीं, पूर्ण महिला होने में है। स्त्रियोचित गुण जब पूरी तरह खिल जाएं, तो पुरुष उनके सामने नतमस्तक हो जाते हैं और पुरुषोचित गुण पूर्णतः विकसित हो जाएं, तो उनके समक्ष महिलाएं झुक जाती है। ये दो गुण परस्पर भिन्न हैं। यह भिन्नता ही उनके बीच आकर्षण का कारण है। जहां इन भिन्न गुणों का मिलन होता है, वहीं प्रेम के फूल खिलते हैं। प्रेम से बड़ी कोई शक्ति नहीं। प्रेम करने की क्षमता खोना ही दुर्बल होना है।

वह दिन बहुत बुरा होगा, जब मर्द मौगा हो जाएगा और औरत मर्दानी। मर्दों के गुणों को जो अपना लेगी, वह औरत नहीं रह जाएगी और मर्द तो कभी हो ही नहीं पाएगी। मर्द के गुण हैं फौलादी शारीरिक शक्ति, शौर्य, पराक्रम, संकल्प, कठोर मेहनत करने की क्षमता इत्यादि। स्त्रियों के गुण हैं -प्रेम, करुणा, दया, समर्पण इत्यादि। प्रेम में इन दोनों प्रकार के गुणों का अनायास अंतर्मिलन होता है। इस स्थिति में पुरुषों के कुछ गुण स्त्रियों में चले जाते है और स्त्रियों के पुरुषों में। गुणों का यह प्रेमपूर्ण आदान-प्रदान दोनों की अपूर्णता को बहुत कुछ दूर कर दोनों को शक्तिशाली बनाता है। अगर दोनों साथ-साथ शक्तिशाली नहीं बनते हैं, तो अकेला शक्तिशाली होना विध्वंसक होता है। अकेले पुरुषों के शक्तिशाली होने से स्त्रियां कमजोर हुईं। उनके कमजोर होने से पुरुषों की शक्तियों का सदुपयोग संभव नहीं हुआ।

-फेसबुक वॉल से

सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं 'शिव'

शिव पुराण के लेख के अनुसार सदाशिव जी ने कहा है कि जो मुझमें और कैलाशपति शिव में भेद करेगा या हम दोनों को अलग मानेगा वो नर्क में गिरेगा। या फिर शिव और विष्णु में जो भेद करेगा वो नर्क में गिरेगा। वास्तव में मुझमें, ब्रम्हा, विष्णु और कैलाशपति शिव कोई भेद नहीं हम एक ही है। परंतु सृष्टि के कार्य के लिए हम अलग अलग रूप लेते हैं। पृथ्वी पर बीते हुए इतिहास में सतयुग से कलयुग तक, एक ही मानव शरीर ऐसा है जिसके ललाट पर ज्योति है। इसी स्वरूप द्वारा जीवन व्यतीत कर परमात्मा ने मानव को वेदों का ज्ञान प्रदान किया है, जो मानव के लिए अत्यंत ही कल्याणकारी साबित हुआ है।



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा, उत्तर प्रदेश

शिव शब्द के दो अर्थ योगी शिव और शून्यता एक तरह के पर्यायवाची हैं, पर फिर भी वे दो अलग-अलग पहलू हैं। क्योंकि भारतीय संस्कृति द्वंद्व से भरी है, इसलिए हम एक पहलू से दूसरे पहलू पर आते-जाते रहते हें। एक पल हम परम तत्व शिव की बात करते हैं, तो अगले ही पल हम उन योगी शिव की बात करने लगते हैं, जिन्होंने हमें योग का उपहार दिया है। शिव शब्द "वो जो नहीं है" और आदियोगी दोनों की ही ओर संकेत करता है, क्योंकि बहुत से तरीकों से ये दोनों पर्यायवाची हैं। ये जीव, जो एक योगी हैं और वो शून्यता, जो सृष्टि का मूल है, दोनों एक ही है। क्योंकि किसी को योगी कहने का मतलब है कि उसने ये अनुभव कर लिया है कि सृष्टि वो खुद ही है।

संपूर्ण ब्रम्हांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था, तब भी शिव थे। जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। शंकर जी सौम्य आकृति एवं रौद्र रूप दोनों के लिए विख्यात हैं। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। जिस प्रकार इस ब्रह्मांड का ना कोई अंत है, न कोई छोर और न ही कोई शुरुआत, उसी प्रकार शिव अनादि हैं। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। पवित्र श्री देवी भागवत महापुराण में भगवान शंकर को तमोगुण बताया गया है।

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के अंतर्गत रुद्र अष्टाध्याई के अनुसार सूर्य इंद्र विराट पुरुष हरे वृक्ष, अन्न, जल, वायु एवं मनुष्य के कल्याण के सभी हेतु भगवान शिव के ही स्वरूप है भगवान सूर्य के रूप में वह शिव भगवान मनुष्य के कर्मों को भली-भांति निरीक्षण कर उन्हें वैसा ही फल देते है। मनुष्य अपने अपने कर्मानुसार फल पाते हैं अर्थात स्वस्थ बुद्धि वालों को वृष्टि जल अन्य आदि भगवान शिव प्रदान करते हैं और दुर्बुद्धि वालों को व्याधि दुख एवं मृत्यु आदि का विधान भी शिवजी करते हैं। शंकर या महादेव आरण्य संस्कृति जो आगे चल कर सनातन शिव धर्म नाम से जाने जाते है, में सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक है। वह त्रिदेवों में एक देव हैं। इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते है। इसलिए उन्हें महादेव कहा जाता है। तंत्र साधना में इन्हे भैरव के नाम से भी जाना जाता है।

पार्वती परिणय दिवस है महाशिवरात्रि

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को पड़ने वाले पर्व महाशिवरात्रि की पृष्ठभूमि में अनेक कथाएं हैं। एक कथा के अनुसार यह पर्व शिव पार्वती परिणय दिवस है। मेरे निकट यह तिथि इस रूप में ही विशेष मान्य है। भगवान शंकर की पहली पत्नी सती जी अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में तन त्याग चुकी थीं और शिवजी अविवाहित थे। उधर तारक नामक दैत्य के अत्याचारों से देवगण और लोक त्रस्त था। देवताओं ने जब ब्रह्मा जी को समस्या बताई तो उन्होंने कहा कि शिवजी का पुत्र ही इसे मार सकता है। तब देवताओं ने कामदेव को भेजकर भगवान शंकर को काम मोहित करने की चेष्टा की,ताकि उनकी रुचि नारी के लिए हो और वह विवाह करें। देवगण प्रेषित कामदेव का यह प्रयास विफल रहा। पांसा उलटा पड़ गया। भगवान शंकर ने कामदेव को ही भस्म कर दिया। अंततः देवगण ने शंकर जी से सीधे प्रार्थना की कि 'नाथ! हम लोग अपने नेत्रों से आपका विवाह देखना चाहते हैं'। शिवजी ने प्रसन्न होकर सहमति प्रकट कर दी। उधर हिमाचल की पुत्री पार्वती शिव जी को पति रूप में पाने हेतु कठिन तपस्या कर रहीं थीं। उनके प्रेम की बहुशः परीक्षा ली जा चुकी थी। अतः यह विवाह तय हो गया। सप्तर्षियों ने संयोजक का कार्य किया। भगवान शंकर की ओर से वृहस्पति और पार्वती की ओर से गर्गाचार्य ने पुरोहित का कार्य किया। वेद विहित रीति से विवाह संपन्न हो गया। यह शुभ काज इसी महाशिवरात्रि की तिथि को हुआ। यथा समय इस अलौकिक युग्म से दिव्य रीति से कार्तिकेय जी जन्में, जिन्हें स्कंद और षडानन भी कहते हैं। वे देवताओं के सेनापति बने। सेनापतियों में वे सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपने को 'सेनानीनामहं स्कन्दः' कहा है। यानी सेनापतियों में मैं स्कन्द हूं। उन्होंने तारकासुर का संहार किया। शिव पार्वती विवाह की यह कथा शिव महापुराण के तृतीय पार्वती खण्ड-अध्याय 46/47 में आई है।



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

वैसे भगवान भोलेनाथ और उनके इस पर्व की महिमा का सम्यक् वर्णन भला कौन कर सकता है? आचार्य पुष्पदंत ने 'शिव महिम्न स्तोत्र' में सही ही लिखा है कि 'यदि कज्जल गिरि को समुद्र की दवात बनाकर घोल दिया जाय और कल्पवृक्ष की डाल की लेखनी बनाकर पूरी पृथ्वी को पत्र मानकर साक्षात् सरस्वती जी शिवजी के गुणों को लिखना शुरू करें, तो भी उनके गुणों को पार पाना संभव नहीं हो सकेगा'। स्पष्ट है कि जब अलौकिक वीणावादिनी शारदा उनकी या उनके पर्वों की पूर्ण महिमा वर्णन में समर्थ नहीं है,तो फिर इस लौकिक शारदा की क्या बिसात।

महादेवा में आज उमड़ेगा आस्था का सैलाब

लोधेश्वर महादेव के शिवलिंग पर आस्थावान करेंगे जलाभिषेक, शिवमय हुआ पूरा क्षेत्र

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार: लोधेश्वर महादेवा में इस बार महाशिवरात्रि पर लाखों शिवभक्तों का जन सैलाब उमड़ेगा। मंदिर की समिति के अनुसार, दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने का आंकलन किया जा रहा है। अब तक यहां लगभग कई लाख शिवभक्त जलाभिषेक कर चुके हैं। शिवरात्रि पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए शिवलिंग पर जाली लगा दी गई है जिस पर चढ़कर शिवभक्त शिवलिंग का जलाभिषेक कर रहे हैं। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ने के पीछे 10वीं-12वीं के मुख्य विषयों की परीक्षा का समाप्त होना अहम कारण माना जा रहा है।

जलाभिषेक करते श्रद्धालु। अमृत विचार

हर कोई बम-बम भोले और लोधेश्वर महादेव के जयकारे लगाते हुए भक्ति में लीन दिख रहा है। लोधेश्वर मंदिर के चारों तरफ के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जुट रही है। चारों ओर से आ रहे श्रद्धालुओं के जत्थे कदम से कदम मिलाकर मंदिर की और बढ़ रहे हैं। श्रद्धालुओं का जलाभिषेक करने का क्रम निरंतर जारी है। जिसे लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद है। हाईवे से लेकर महादेवा मार्गों पर कांवरियों व शिवभक्तों का रेला दिखाई पड़ रहा है। पूरा महादेवा क्षेत्र हर-हर, बम-बम के जयकारों से गूंज रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं। मेले की निगरानी सीसीटीवी व ड्रोन से की जा रही है। मेले में ढोलक, बर्तन, बिसातखाना आदि की दुकानें लगी हैं। मेले में लगी खिलौनों की दुकानों पर कांवरिएं जमकर खरीदारी कर रहे हैं। मेले में अव्यवस्था न हो, इसके लिए साधनों से आने वाले कांवरियों के वाहन ऑडिटोरियम के पास स्टैंड पर खड़े कराए जा रहे हैं। समिति के सदस्य व्यवस्था सुधारने में लगे हैं।

धर्म परिवर्तन कराने के बाद युवती का कराया निकाह

प्रेमजाल में फंसाकर भगा ले गया था आरोपी, वीडियो वायरल

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: छपिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती का धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक मुस्लिम युवक ने पहले युवती को प्रेमजाल में फंसाया और फिर उसे अपने साथ लखनऊ भगा ले गया। लखनऊ में उसने युवती का जबरन धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर लिया। युवती ने धर्म परिवर्तन से इंकार किया तो उसके साथ जबरदस्ती की गयी और घर में बंधक बनाकर रखा गया। मौका मिलने पर युवती आरोपी के घर से भाग निकली और सीधे थाने पहुंची। लेकिन छपिया पुलिस ने उसकी शिकायत नहीं सुनी। परेशान पीड़िता सीधे एसपी कार्यालय पहुंची और अपर पुलिस अधीक्षक को अपनी पीड़ा बताई। एएसपी

लखनऊ में आरोपी के घर निकाह पढ़ाता मौलवी। अमृत विचार

ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए छपिया पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। छपिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 20 वर्षीया युवती के मुताबिक दो साल पहले उसकी साबिर नाम के युवक से दोस्ती हुई थी। प्रेमजाल में फंसाकर साबिर उसे भगाकर लखनऊ ले गया और उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराकर उससे निकाह कर लिया। युवती का कहना है कि उसने धर्म परिवर्तन का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गयी। आरोप है कि उसका पति साबिर, ससुर अब्दुल और सास सिराजुलनिशा उसे लगातार प्रताड़ित करते रहे। किसी तरीके से वह आरोपी के घर से भाग निकली और सीधे छपिया पुलिस के पास पहुंची। पीड़िता का कहना है कि उसने पुलिस को पूरी कहानी बताई लेकिन छपिया पुलिस ने उसकी शिकायत को अनसुना कर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छपिया पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सिटी लॉ कॉलेज की एलएलबी परीक्षा निरस्त

अयोध्या कार्यालय: डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर गुरुवार को परीक्षा समिति की आपात बैठक हुई। विवि के मीडिया प्रभारी विजेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में सिटी लॉ कॉलेज, बाराबंकी में 27 फरवरी को विधि त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय प्रथम पाली की परीक्षा निरस्त किए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं, पं. महाराजदीन शुक्ल शिक्षण संस्थान, मटेराकला, बहराइच द्वारा आन्तरिक परीक्षक शैलेंद्र कुमार शुक्ला को सूचित किए बिना ही मोबाइल नम्बर बदलकर भूगोल विषय की प्रायोगात्मक परीक्षा प्रकरण पर प्रयोगात्मक परीक्षा निरस्त किए जाने का निर्णय लिया गया। सिटी लॉ कॉलेज, बाराबंकी में 27 फरवरी को प्रथम पाली की परीक्षा में सामूहिक नकल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के प्रकरण पर वीसी ने जांच समिति गठित की थी।

हनुमानगढ़ी पर अब ज्यादा चढ़ने लगा लड्डू

अयोध्या कार्यालय: अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होते ही लड्डुओं की ब्रिक्री में भारी उछाल आया है। पहले से दो गुना रोज करीब 10 क्विंटल लड्डू अयोध्या हनुमानगढ़ी पर चढ़ाया जाने लगा है। इन लड्डुओं को प्रसाद के रूप में वितरण कराने के लिए हनुमानगढ़ी से जुड़े 650 संत-महंतों के स्थान पर भेजा जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद सिद्ध पीठ हनुमान गढ़ी पर प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंच रहे हैं।

पुनरीक्षित बजट को मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार: जिला पंचायत बोर्ड ने गुरुवार को 117.149 करोड़ के पुनरीक्षित बजट को मंजूरी दी। बोर्ड ने 2024-2025 के मूल बजट 61.77 करोड़ के साथ ही पंचम व 15वें वित्त आयोग की 56 करोड़ की कार्य योजना को भी स्वीकृति प्रदान की। इसके पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत की अध्यक्षता में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में पूर्व निर्धारित एंजेंडा के आधार पर कार्रवाई शुरू हुई। बैठक में जिला पंचायत के वित्तीय वर्ष 2023-24 में पुनरीक्षित बजट 117.149 करोड़, वित्तीय वर्ष 2024-2025 के मूल बजट 61.77 करोड़ के साथ ही पंचम व 15वें वित्त आयोग की 56 करोड़ की कार्य योजना बनी।

नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में 10 करोड़ का बजट पारित

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : नगर पंचायत देवा के सभागार में गुरुवार को बोर्ड की बैठक हुई। बजट पर चर्चा के अलावा नियमानुसार ठेका नीलामी से संबंधित राजस्व वृद्धि का प्रस्ताव पेश किया गया। वहीं, कुछ सभासदों ने पिछले कार्यों के अभिलेख न दिखाए जाने और आउटसोर्सिंग में कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बैठक के बहिष्कार की बात कही। हालांकि, चेयरमैन ने आरोपों को निराधार बताया है। आदर्श नगर पंचायत देवा कार्यालय के सभागार में नगर पंचायत बोर्ड की बैठक गुरुवार को अध्यक्ष हारून वारसी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बजट पर चर्चा के दौरान अनुमानित 10 करोड़ की आय होने की संभावना पर चर्चा की गई जिनमें जलकर, गृहकर, दुकान किराया, लाइसेंस शुल्क, निविदा शुल्क, थोक की नीलामी, शासन पोषित योजनाओं से होने वाली आय पर अनुमानित 9 करोड़ 95 लाख की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

कुत्ते को सड़क पर पटकने का वीडियो हुआ वायरल

कानपुर। गोविंद नगर थानाक्षेत्र में कुत्ते को सड़क पर पटकने के मामले में जीवों का रखरखाव करने वाली संस्था ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। बीते तीन मार्च घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। गुजैनी निवासी शिवबरन गौतम व सतीश ने एक कुत्ते की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। वायरल फुटेज में शिवबरन व सतीश एक कुत्ते को बेरहमी से पीटते दिखाई पड़ रहे थे। सीसीटीवी वायरल होने के बाद उम्मीद एक किरण के संस्थापक मयंक त्रिपाठी ने गोविंद नगर थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी। थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्टेट बैंक के गेट पर किया प्रदर्शन

बाराबंकी, अमृत विचार: कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद चुनावी बांड से प्राप्त राजनीतिक दलों के चंदे को सार्वजनिक न करने का आरोप लगाया है। कहा कि सुप्रीम कोर्ट के भारतीय स्टेट बैक को चुनावी चंदे की पूरी जानकारी 6 मार्च से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौपने के निर्देश से सत्तारूढ दल में बेचैनी है क्योकि 2017 में योजना की शुरूआत के बाद से राजनैतिक दलो को सामूहिक रूप से 12 हजार करोड़ से अधिक धन मिला है जिसमें सिर्फ अकेले भाजपा को 6,566.11 करोड़ मिले।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए यूपी कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनुज पुनिया ने कहा कि स्टेट बैंक ने सूचना सार्वजनिक करने के बजाए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अवेदन दायर कर जानकारी साझा करने के लिए 30 जून तक के समय की मांग की है। इस आवेदन से जाहिर होता है कि भाजपा द्वारा वित्तीय अनिमित्ताओं और कालेधन के स्रोत को छुपाने के लिए भारतीय स्टेट बैक का उपयोग किया जा रहा है।

प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने ही की थी पति की हत्या

कानपुर देहात। मारपीट करने व प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर युवक की हत्या उसकी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने बारह फरवरी को खोजाफूल में हाईवे से कुछ देर मिले शव के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा, ईंट व बाइक भी बरामद कर ली है। बीती 12 फरवरी को खोजाफूल में हाईवे से कुछ देर एक युवक का शव मिला था। मामले में खोजाफूल निवासी शालू कटियार ने तहरीर देकर वाहन की टक्कर से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक की पहचान चंद्रभान उर्फ रवि निवासी महाराजपुर थाना अजीतमल औरैया के रूप में हुई थी।

दो सपा नेताओं व साली ने आजम से की भेंट

सीतापुर, अमृत विचार

अमृत विचार: जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से गुरुवार को जेल में दो सपा नेताओं सहित आजम की हरदोई से आई साली ने भी जेल में मुलाकात की।

आजम खां रामपुर जेल से 22 अक्टूबर को सीतापुर जेल में शिफ्ट किये गये थे। एमपी-एमएलए कोर्ट से आजम को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 साल की सजा सुनाई गई थी। आजम से जेल में मुलाकातों में अब विराम लग चुका है। गुरुवार की सुबह रामपुर से आये दो सपा नेता मकसूद अली और अजय

कुमार सहित हरदोई जनपद से आई आजम की साली ने जेल पहुंचकर ऑनलाइन पंजीकरण कराया। उसके उपरांत दोपहर 12 बजे तीनों को मोहर लगाकर जेल में प्रवेश दिया गया। जेल में डेढ़ घण्टे से अधिक समय तक मुलाकात का दौर चला। जेल सूत्रों की मानें तो इस दौरान आजम से जेल से बाहर लोकसभा चुनाव की राजनीतिक हलचल पर भी रामपुर से आये सपा नेताओं से चर्चा की। आजम से इस दौरान हरदोई से आई साली से जेल में बंद अपने बेटे अब्दुल्ला आजम का हाल जाना।

तीन माह से अधिक समय से बंद है आजम

रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा सुनाये जाने के बाद आजम व उनकी पत्नी तंजीम फातिमा सहित बेटे अब्दुल्ला कप रामपुर जेल शिफ्ट कर दिया। सुरक्षा कारणों के बाद सीतापुर जेल में 22 अक्टूबर की सुबह रामपुर से आजम को शिफ्ट कर दिया गया। इसके साथ ही अब्दुल्ला को हरदोई और पत्नी तंजीम को रामपुर जेल में रखा गया है।

बिकरू कांड : आरोपी दरोगा की जमानत खारिज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात : बिक रू कांड में आरोपी बनाए गए तत्कालीन दरोगा के के शर्मा की ओर से बचाव पक्ष ने अदालत में दूसरी जमानत अर्जी को पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने खारिज कर दिया। बिकरू में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी। पुलिस ने तत्कालीन चौबेपुर थाना में तैनात थाना प्रभारी विनय कुमार तिवारी व दरोगा के के शर्मा उर्फ कृष्ण कुमार शर्मा को दबिश की सूचना अपराधियों तक पहुंचाने व उनसे संबंध होने के साक्ष्य दौरान विवेचना मिलने पर उन्हें भी मामले में आरोपी बना कर जेल भेज दिया था।

कार्यालय, नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा, अम्बेडकरनगर।

पत्रांक 312/न0पं0कि0/टैक्सी स्टैण्ड नीलामी/2023–24 दिनांक 07.03.2024

बसखारी टैक्सी स्टैण्ड / किछौछा टैक्सी स्टैण्ड, उर्स एवं अगहनिया मेला/पड़ाव की नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि बसखारी टैक्सी स्टैण्ड/किछौछा टैक्सी स्टैण्ड, उर्स एवं अगहनिया मेला/पड़ाव की वसूली का ठेका वर्ष 2024–25 (01.04.2024 से 31.03.2025) तक के लिए नीलामी दिनांक– 11.03.2024 को समय 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार अम्बेडकरनगर में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति को नीलामी में भाग लेने से पूर्व नीलामी निर्धारित तिथि को नीलामी प्रारम्भ होने के पूर्व जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित रू0=60,00,000=00 (रूपये साठ लाख मात्र) का हैसियत प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र, जीएसटी, आधार कार्ड, पैन कार्ड कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा, तथा रू0=5,00,000=00 (रूपये पांच लाख मात्र) नगद जमानत के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति हैसियत एवं चरित्र प्रमाण–पत्र के जो उपरोक्त में निर्धारित है, के पॉवर ऑफ अटार्नी (पंजीकृत ही मान्य है, यदि पंजीकृत नहीं है तो बोली में भाग नहीं ले सकता है) पर ही नीलामी में भाग ले सकता है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीलामी की स्वीकृति पश्चात नियमानुसार भारतीय स्टाम्प देय (बी) अधिनियम की धारा 2(16) अनुसूची 1 की अनुच्छेद 35 के तहत स्टाम्प देय (बी) अनुच्छेद 23 के अनुसार स्टाम्प/सहायक महानिरीक्षक निबन्धन अम्बेडकरनगर द्वारा स्टाम्प शुल्क निर्धारित किया जायेगा। उतनी ही धनराशि का स्टाम्प शुल्क अधिकतम बोलीदाता को अपने नाम से खरीदकर एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर अनुबन्ध करना होगा। नीलामी में कोई भी नीलामी बोलीदाता एक बार में 50 हजार से अधिक एवं 20 हजार से कम के अन्तर की धनराशि की बोली नहीं बोल सकता। तथा सभी बोली दाताओं द्वारा निकाय द्वारा निर्धारित सरकारी बोली से कम की बोली स्वीकार नही की जायेगी। बोली प्राप्तकर्ता व्यक्ति इस नीलामी की शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन वसूली का अधिकार प्राप्तकर्ता को होगा, वह किसी भी दशा में इन शर्तो एवं प्रतिबन्धों का उल्लंघन नहीं कर सकता।

टैक्सी स्टैण्ड / पड़ाव नीलामी शर्त / प्रतिबन्ध

1– अधिकतम बोलीदाता की अग्रिम जमा जमानत धनराशि रोककर शेष ठेकेदारों की धनराशि वापस कर दी जायेगी।

2– यह कि नीलामी की धनराशि का 1/2 धनराशि एक सप्ताह के भीतर जमा करना होगा। अवशेष धनराशि इस प्रकार किस्तों में जमा करना होगा, कि जनवरी 2025 तक समस्त धनराशि नगर पंचायत कोष में ठेकेदार द्वारा जमा कर दी जाय। यदि इसका उल्लघंन किया जाता है तो ठेका निरस्त कर भू–राजस्व की भाति बकाया वसूल करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

3– यह कि ठेकेदार द्वारा शर्तो का पालन और देय स्टाम्प पर अनुबन्ध जब तक नहीं करता है उस अवधि में नगर पंचायत अपने कर्मचारियों द्वारा वसूल की गयी धनराशि जो भी हो, वह ठेकेदार की नीलामी धनराशि में समायोजन नहीं की जावेगी ।

4–अनुबन्ध पत्र प्रस्तुत करने के बाद नियमानुसार ठेकेदार को वसूल करने की अनुमति प्रदान की जावेगी। वाहनों से वसूली कार्यालय द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही की जायेगी। इसमें किसी प्रकार का विचलन पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

5–नीलामी में वही ठेकेदार भाग लेगा जो नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा का बकायेदार नहीं है।

6– नीलामी में वहीं ठेकेदार भाग लेगा जिसे नगर पंचायत एवं शासन द्वारा समय–समय पर दिये गये आदेश/निर्देश का पालन करना स्वीकार होगा।

7– ठेकेदारों द्वारा यदि दूसली में किसी प्रकार की अनियमितता करते पाई गयी तो उसका ठेका निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

8– ठेकेदारों द्वारा वाहनों को निकाय द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा कराया जायेगा, उसमें प्रकाश, पेयजल, सेड, शौचालय की व्यवस्था निकाय द्वारा अपने संसाधान से कराया जायेगा। पार्किंग स्थलों के अतिरिक्त अन्यत्र स्थलों पर वाहनों को खड़ा कर वसूली करने पर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

9– यह कि ठेकेदार को ठेका स्वीकृति होने के बाद जिन कर्मचारियों को वसूली हेतु लगाया जायेगा। उनका फोटो के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति जमा कराना अनिवार्य होगा।

10–ठेके की स्वीकृति अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

11– यह कि नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति नीलामी के समय तक नीलामी कक्ष से बाहर नहीं जायेगा एवं नीलामी एवं अवधि में बोलीदाताओं द्वारा मोबाइल का प्रयोग नहीं किया जायेगा, जिसका पालन बोलीदाता को करना अनिवार्य होगा। यदि धारा 11 का उल्लंघन किसी भी बोलीदाता द्वारा किया गया तो, नीलामीकक्ष से बाहर जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

12–शासन द्वारा टैक्सी स्टैण्ड के सम्बन्ध में समय समय पर जारी आदेश ठेकदार को मानना अनिवार्य होगा।

13–किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा में सरकार द्वारा दिये गये आदेश का पालन करना अनिवार्य होगा।

14–नीलामी के विषय में विस्तृत जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अन्य शर्ते एवं शासन के जो भी निर्देश होंगे उसे ठेकेदार को मानना अनिवार्य होगा।

लिपिक	अधिशाषी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर	नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर	नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

जागेश्वर धाम में जागृत रूप में विराजमान हैं भोलेनाथ

महाशिवरात्रि पर विशेष

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : उत्तराखंड में कई ऐसे धार्मिक स्थल हैं जिनका वर्णन पुराणों में मिलता है। इन धार्मिक स्थलों पर हिंदू श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है। ऐसे ही धार्मिक स्थलों में शुमार है अल्मोड़ा का जागेश्वर धाम। देवदार के घने जंगलों और प्रकृति की शांत सुरम्य वादी में स्थित में यह धाम जहां मन को सुकून देता है। वहीं मन से मन्नत मांगने वाले हर व्यक्ति की इच्छा भी यहां पूरी होती है। भगवान शिव की तपोस्थली रहा यह धाम भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग में से एक है। शिवरात्रि के दिन यहां



घने जंगलों के बीच स्थित जागेश्वर धाम।

भगवान शिव की महापूजा का आयोजन किया जाता है। जबकि स्थानीय बाजार में भव्य मेले का आयोजन भी होता है।

जागेश्वर धाम उत्तर भारत के प्रमुख शिव मंदिरों में एक है। मान्यता है कि यहां भगवान शिव जागृत रूप में विद्यमान हैं। अल्मोड़ा से 38 किमी दूर देवदार के घने जंगलों के बीच यह धाम प्राचीन कैलाश मानसरोवर मार्ग

- **आज मंदिर में होगा महापूजा का आयोजन, देश-विदेश से पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे हैं श्रद्धालु**

पर स्थित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव जागेश्वर के निकट दंडेश्वर मंदिर में तपस्या में लीन थे। इसी बीच सप्तऋषियों की पत्नियां वहां पहुंच गई और भगवान शिव के दिगंबर रूप पर मोहित होकर वहीं मूर्छित हो गईं। सप्तऋषि उनकी खोज में यहां पहुंचे तो उन्होंने भगवान शिव को पहचाने बगैर उन्हें लिंग पतन का श्राप दे दिया, जिससे पूरे ब्रह्मांड में उथल-पुथल मच गई। बाद में सभी देवताओं ने भगवान शिव को किसी तरह मनाया और जागेश्वर धाम में उनके लिंग की स्थापना की गई।

इटली से लाई लाइटों से जगमगा रहा धाम: जागेश्वर धाम के मानस खंड मंदिर योजना में आने के बाद अब यहां सौंदर्यीकरण के अनेक काम कराए जा रहे हैं। इन दिनों मंदिरों की भव्यता का बढ़ाने के लिए यहां इटली से मंगवाई गई लाइटों को स्थापित किया जा रहा है। जिनके प्रकाश में रात्रि के समय जागेश्वर धाम मंदिर का नजारा अत्यंत मोहक लग रहा है। महाशिवरात्रि पर पूजा के लिए देश-विदेश से पहुंचे कई श्रद्धालु इन दिनों धाम की इस भव्यता का भी अलौकिक आनंद उठा रहे हैं।

संतान के लिए अखंड व्रत रखती हैं महिलाएं

जागेश्वर धाम में कड़ी तपस्या करने मात्र से ही निसंतान महिलाओं को संतान की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि निसंतान महिलाओं को यहां की जाने वाली तपस्या का फल जरूर मिलता है। भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने वाली महिलाओं को शिवरात्रि के दिन उपवास रखना पड़ता है। जिसके बाद ब्रह्मकुंड में स्नान और शाम की पूजा के बाद हाथ में गोबर और उसके ऊपर दीया रखकर रातभर खड़े रहकर भगवान भोले की आराधना करनी पड़ती है। अगले दिन सुबह पूजा-अर्चना के बाद पुजारी हाथ से दीए को उतारते हैं। जिसके बाद पुन: ब्रह्मकुंड में स्नान के बाद मंदिर में साठी के चावल से शिवलिंग बनाकर शिव की पूजा करनी पड़ती है। इस प्रक्रिया में महिलाओं को दिए में एक सुपारी, स्वर्ण प्रतिमा व पिछौड़े में नारियल बांधना होता है। माना जाता है कि इस तरह पूजा-अर्चना करने के एक साल बाद महिलाओं को संतान की प्राप्ति हो जाती है।

चारधाम यात्रा की तैयारियों के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश

सभी पैदल मार्गों व संवेदनशील इलाकों में लगाएं सीसीटीवी: मुख्यमंत्री धामी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को चारधाम यात्रा की तैयारियों और मॉनिटरिंग के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में चारधाम यात्रा-2024 को लेकर हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने सुगम यातायात संचालन के लिए एसपी व एएसपी रैंक के अधिकारी को नियुक्त करने तथा विभागों में आपसी समन्वय से कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीते सालों यात्रा में जो कमियां एं सामने आईउनको दूर किया जाए। पैदल मार्गों एवं संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी लगाएं। यात्रियों के साथ स्थानीय लोगों का ध्यान रखा जाए। शासन स्तर से चारों धामों की लाइव मॉनिटरिंग की जाए। आपदा कंट्रोल रूम का सुचारू संचालन करें। सीएम ने कहा कि मौसम के पूर्वानुमान की सूचना यात्रियों तक समय से पहुंचे। यात्रियों के मोबाइल पर अलर्ट मैसेज की व्यवस्था की जाए। पैदल मार्गों की नियमित सफाई हो। मार्ग पर बने शौचालयों में सफाई तथा उनकी संख्या बढ़ाए। उन्होंने मिशन मोड पर प्लास्टिक फ्री चारधाम पर काम के निर्देश दिए। यात्रा प्रारंभ होने से पहले 24 घंटे बिजली की व्यवस्था कर ली जाए। पैदल मार्गों में स्ट्रीट लाइट लगाएं। साथ ही पेयजल की व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम मार्गों का सुधारीकरण कार्य यात्रा से पहले करें। जिन स्थानों पर मार्ग अवरुद्ध होते हैं ऐसे स्थानों को चह्नित कर वहां पर जेसीबी आदि की व्यवस्था करें। यात्रा मार्ग बंद होने पर उसे तुरंत खोलने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यात्रा के लिए बसों व टैक्सियों आदि के सम्बन्ध में आंकलन कर पूर्व में व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान अच्छा कार्य करने वाले लोगों/विभागों को सम्मानित किए जाएगा। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव सुभाष बगौली के साथ ही वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

देहरादून सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

यात्रा मार्ग पर एंबुलेंस और एयर एंबुलेंस की हो व्यवस्था

देहरादून। मुख्यमंत्री ने यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का विस्तार जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर अस्थाई चिकित्सा केन्द्रों में चिकित्सा व अन्य स्टाफ की तैनाती के साथ दवाएं, उपकरण, पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर, एम्बुलेंस व एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाए। घोडे-खच्चरों को होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए पैदल मार्गों पर पशुचिकित्सकों की तैनाती की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा सीजन में धामों एवं यात्रा मार्गों पर एसडीआरएफ, पुलिस बल, जल पुलिस, गोताखोर, ट्रैफिक पुलिस की तैनाती का प्रबन्धन किया जाए। साथ ही जहां आवश्यकता हो वहां अस्थाई पुलिस चौकी बनाई जाए।

गठबंधन की खबरों के बीच नायडू ने शाह से की मुलाकात

नयी दिल्ली : तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर आंध्र प्रदेश में एक साथ होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा और तेदेपा के बीच गठबंधन की संभावना पर चर्चा की। तेदेपा राजग का हिस्सा थी लेकिन 2018 में नायडू के राज्य के मुख्यमंत्री रहने के दौरान वह इससे बाहर हो गई थी। सूत्रों ने कहा कि दोनों पार्टियां हाथ मिलाने के लिए तैयार हैं लेकिन बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि वे आपसी सहमति से सीट-बंटवारे की व्यवस्था पर पहुंचते हैं या नहीं। दोनों नेताओं के बीच हालांकि हालिया महीनों में हुई दूसरी बैठक है।

जम्मू-कश्मीर पर निरर्थक साबित हुई केंद्र सरकार की नीति : खरगे

नयी दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की श्रीनगर की सभा के बाद गुरुवार को आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर पर मोदी सरकार की नीति दिशाहीन और निरर्थक साबित हुई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को श्रीनगर में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। मोदी ने 'विकसित

- **प्रधानमंत्री के दावों पर कांग्रेस अध्यक्ष ने खड़े किए सवाल**

भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को, बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री जी, जम्मू-कश्मीर के लोग आपसे निम्नलिखित प्रश्न पूछना चाहते हैं: 2019 से जम्मू-कश्मीर के सरकारी विभागों में 65 प्रतिशत पद खाली क्यों हैं? 2021 में नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद से 97 प्रतिशत निवेश ज़मीन पर क्यों नहीं उतर पाया है? प्रधानमंत्री विकास पैकेज, 2015 के तहत 40 प्रतिशत परियोजनाएं अभी भी लंबित क्यों हैं? उन्होंने यह सवाल भी किया कि 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बावजूद जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं की संख्या 140 (संप्रग सरकार के समय) से बढ़कर 579 क्यों हो गई है?अकेले 2022 में कश्मीरी पंडितों की 30 लक्षित हत्याओं में तेजी क्यों आई? जम्मू-कश्मीर में पूर्ण राज्य का दर्जा कब बहाल होगा? खरगे ने इस बात का उल्लेख किया उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग को 30 सितंबर 2024 तक जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव कराने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि मोदी सरकार ने 2019 में ही जम्मू-कश्मीर को जल्द पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया था।

आगरा में बरात के दौरान करंट लगने से तीन बैण्ड वादकों की मौत, एक झुलसा

आगरा : जिले के सिकंदरा थानाक्षेत्र में बुधवार रात खेरागढ़ के सालेहनगर गांव में उच्च क्षमता वाली बिजली लाइन (तार) की चपेट में आने से एक बैंड पार्टी के तीन कर्मचारियों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य झुलस गया। पुलिस के अनुसार खेरागढ़ के सालेहनगर गांव में अतर सिंह के यहां सिकंदरा से बरात आई थी। बारातियों ने एक बैंड पार्टी बुक की थी जो वहां पहुंची थी। पुलिस के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक प्राथमिक विद्यालय के पास से बारात चढ़ाने की तैयारी के सिलसिले में बैंड का ठेला घुमाने के दौरान 11 हजार केवी हाईटेंशन लाइन के तार के संपर्क में आ गया जिससे संतोष कुमार (20), पदम सिंह (50), अचल सिंह (50) और सचिन (20) झुलस गये। पुलिस के मुताबिक झुलस गये इन लोगों को सामुदायिक केंद्र ले जाया गया, जहां संतोष, पदम सिंह और अचल सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। सचिन का एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उपजिलाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित के परिवार को आर्थिक मदद दिलाई जाएगी।

कॉर्बेट बाघ में क्षति की जांच को समिति बनाने के आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कॉर्बेट बाघ अभयारण्य में अवैध निर्माण एवं पेड़ों की कटाई से हुए नुकसान के समाधान के उपाय सुझाने के लिए समिति गठित करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी जंगल में बाघ की मौजूदगी पारिस्थितिकी तंत्र की भलाई का संकेतक है। न्यायालय ने कहा कि वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से गठित की जाने वाली समिति अभयारण्य को हुए पर्यावरणीय नुकसान का आकलन करेगी और उसे फिर से दुरुस्त करने पर आने वाली लागत

- **शीर्ष अदालत ने कहा- जंगल में बाघ की मौजूदगी पारिस्थितिकी तंत्र की भलाई के संकेतक**

निर्धारित करेगी।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि समिति इस सवाल पर विचार करेगी कि क्या बफर या फ्रिंज क्षेत्र में बाघ सफारी की अनुमति दी जा सकती है। पीठ ने कहा कि यदि ऐसी सफारी की अनुमति दी जा सकती है, तो इसके लिए दिशा निर्देश क्या होने चाहिए? इसमें कहा गया है कि समिति अभयारण्य को उस स्थिति में लाने के उपायों की सिफारिश करेगी जैसा यह नुकसान से पहले था।

भाजपा ने शिवसेना को तोड़ा लेकिन हम खत्म नहीं हुए : उद्धव

लातूर (महाराष्ट्र) : शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भले ही उनके विधायकों को अपने पाले में कर उनके दल को तोड़ दिया, लेकिन उनकी पार्टी खत्म नहीं हुई है। मध्य महाराष्ट्र के लातूर जिले के औसा में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) इसके बजाय भाजपा को दफन कर देगी। ठाकरे ने कहा कि भाजपा ने हमारे विधायकों और सांसदों को छीनकर शिवसेना को तोड़ दिया, (लेकिन) इसका मतलब यह नहीं है कि शिवसेना खत्म हो गई। इसके विपरीत, शिवसेना भाजपा को दफना देगी और आगे बढ़ेगी। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा नेताओं में जम्मू-कश्मीर, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश जैसे क्षेत्रों का दौरा करने का साहस नहीं है। उन्होंने बिना ज्यादा जानकारी दिए यह भी दावा किया कि उनके पिता और शिवसेना संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे ने नरेन्द्र मोदी को तब 'बचाया' था जब भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी, मोदी को दरकिनार करने वाले थे।

उत्तराखंड में भाजपा दो महिलाओं को दे सकती है टिकट

ज्ञानेन्द्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने वाली भारतीय जनता पार्टी इस बार टिकट बंटवारे में भी महिलाओं को ज्यादा महत्व दे रही है। दिल्ली में पहली बार भाजपा ने दो महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। यही प्रयोग उत्तराखंड में भी किए जाने की संभावना है।

उत्तराखंड में पांच सीटें हैं। वहां टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा एवं नैनीताल संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें टिहरी से मौजूदा सांसद माला राज्य लक्ष्मी को टिकट दिया गया है। इसी तरह अल्मोड़ा से अजय भट्ट एवं नैनीताल से अजय टम्टा (दोनों वर्तमान सांसद) को टिकट मिला है। जबकि हरिद्वार एवं पौड़ी

- **हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल सीट पर विचार विमर्श, अंतिम फैसला 10 मार्च को**
- **टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा एवं नैनीताल संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार किए घोषित**



गढ़वाल सीट पर विचार विमर्श चल रहा है। यहां के वर्तमान भाजपा सांसदों पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक एवं तीरथ सिंह रावत का टिकट रोक दिया गया है।

डा. पोखरियाल केंद्रीय शिक्षा मंत्री थे लेकिन उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया गया था। उसके बाद से ही यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि पोखरियाल को इस बार लोकसभा का टिकट नहीं मिलेगा। तभी से त्रिवेंद्र रावत और मदन कौशिक ने इस सीट पर चुनाव लड़ने का दावा किया था। भाजपा हाई कमान के समक्ष हरिद्वार त्रिवेंद्र रावत के नाम पर ज्यादा विचार चल रहा है। जबकि पौड़ी गढ़वाल सीट से राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत के नाम पर भी विचार किया जा रहा है। दीप्ति ने गत दिवस पश्चिम बंगाल में आयोजित महिला रैली में बड़ी भूमिका निभाई थी और वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पश्चिम बंगाल भी गई हुई थीं। उन्होंने राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी विशेष योगदान दिया था। दरअसल पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में 50 प्रतिशत से ज्यादा राजपूत मतदाता है इसको ध्यान में रखते हुए हाई कमान किसी राजपूत को उम्मीदवार बनाने के मूड में है। इसी क्षेत्र से महेंद्र भट्ट को राज्यसभा में ले लिया गया है। वह ब्राह्मण है। भट्ट का तर्क देकर बीजेपी हाई कमान के समक्ष उत्तराखंड के कई नेताओं ने पौड़ी गढ़वाल से किसी राजपूत को टिकट देने की मांग की है। इससे बलूनी की दावेदारी कमजोर पड़ रही है। जबकि बलूनी गुट का कहना है कि उत्तराखंड से महिला को टिहरी गढ़वाल से टिकट मिल चुका है इसलिए दीप्ति रावत के नाम पर विचार नहीं होना चाहिए। फिलहाल हरिद्वार एवं पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों का अंतिम फैसला 10 मार्च को होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के बेटे और पौत्र पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल के बेटे मनीष अग्रवाल और पौत्र पार्थ अग्रवाल समेत चार लोगों के खिलाफ विवादित जमीन खरीदने के आरोप में कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। रामपुर बाग में स्थित इस जमीन की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है जिसका केस न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि गलत तथ्य पेश कर चार साल पहले गुपचुप ढंग से इस प्लॉट की रजिस्ट्री करा ली गई।

एफआईआर प्रेमनगर इलाके शाहबाद दीवानखाना में रहने वाले विजय कुमार जालान की

- **गलत तथ्य पेश कर बैनामा कराने का आरोप**

ओर से दर्ज कराई गई है। उनका कहना है कि रामपुर बाग में होली हॉस्पिटल के पास 612 वर्ग गज का प्लॉट उनकी पैतृक संपत्ति है जो उनके माता-पिता के नाम दर्ज था। काफी समय से इस प्लॉट को लेकर उनका अपने भाई कैलाश जालान और हरिराम जालान से विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय में केस विचाराधीन होने के कारण इस प्लॉट को कोई खरीद नहीं रहा था।

विजय कुमार जालान का आरोप है कि 16 जनवरी 2020 को राजेश अग्रवाल के बेटे मनीष अग्रवाल और पौत्र पार्थ अग्रवाल ने गुपचुप ढंग से कैलाश जालान और हरिराम जालान से इस प्लॉट की रजिस्ट्री करा ली। विजय का कहना है कि न्यायालय में प्लॉट पर मालिकाना हक तय होने तक कानूनन जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो सकती थी लेकिन उनके भाइयों ने रजिस्ट्री कार्यालय में गलत तथ्य पेश कर रजिस्ट्री करा ली। वरिष्ठ भाजपा नेता के बेटे ने अपने रसूख का भी इस्तेमाल किया।

इस रजिस्ट्री में उन्होंने यह भी झूठा दावा किया है कि जमीन के कब्जे और चौहद्दी को लेकर कोई विवाद नहीं है। विजय ने यह भी आरोप लगाया है कि इस प्लॉट की रजिस्ट्री सिर्फ 40 हजार रुपये वर्ग मीटर की दर से कराई गई जबकि उसकी कीमत दुगने से भी ज्यादा है।

राजनीतिक हल्कों में उभरा सवाल... अचानक कैसे दर्ज हो गई रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : विजय कुमार जालान के करोड़ों कीमत के विवादित प्लॉट की गुपचुप ढंग से रजिस्ट्री करा लेने का मामला चार साल से भी ज्यादा पुराना है। इन चार सालों में जालान ने पुलिस-प्रशासन के तमाम उच्चाधिकारियों के साथ गोरखपुर जाकर मुख्यमंत्री दरबार का भी चक्कर लगाया लेकिन उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। गुरुवार को अचानक उनकी ओर से रिपोर्ट दर्ज हुई, वह भी सीओ के आदेश पर तो राजनीतिक हल्कों में इस पर कई सवाल उभरने शुरू हो गए। विजय कुमार के मुताबिक उनके प्लॉट की गैरकानूनी ढंग से रजिस्ट्री 16 जनवरी 2020 को कराई गई थी और तभी से वह इस मामले में कानूनी कार्रवाई के लिए चक्कर काट रहे हैं। इन चार सालों में उन्होंने बरेली में तैनात रहे लगभग हर उच्चाधिकारी से शिकायत की। गोरखपुर में मुख्यमंत्री के मठ भी पहुंचे जहां मुख्यमंत्री नहीं मिले तो प्रार्थनापत्र देकर लौट आए। इसके अलावा दर्जन भर से ज्यादा बार आईजीआरएस पर भी शिकायतें कीं लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

अब सीओ बोले- चूक हो गई

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद बृहस्पतिवार शाम सीओ संदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला चूक से दर्ज हो गया। उन्होंने बताया कि विजय कुमार जालान ने उन्हें जो प्रार्थना पत्र दिया था उसमें भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल के बेटे मनीष अग्रवाल और पौत्र पार्थ का नाम नहीं था। विजय ने सिर्फ अपने भाइयों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया था, इसी प्रार्थनापत्र पर उन्होंने थाने को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश कर दिया था। थाने के मुंशी ने एफआईआर में भाजपा नेता के बेटे और पौत्र का भी नाम शामिल कर दिया।

चीन मिल में किसान की चेन में गिरकर मौत

बिजनौर, अमृत विचार : चड्ढा चीन मिल में किसान की चेन में गिरकर मौत हो गई। किसान मिल में गन्ना लेकर आया था। इस दौरान घटना हो गयी। उसके परिजनों ने चेन में फंसे कपड़ों से पहचान की। सूचना मिलते ही किसान मिल पहुंच गए और हंगामा करने लगे। किसान मिल प्रबंधन और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। किसानों का कहना है कि मिल के जिम्मेदार अगर सजग होते तो किसान की जान बच सकती थी। चांदपुर हल्दौर मार्ग स्थित चीनी मिल में बुधवार की रात तुकमान उर्फ बबलू निवासी करनपुर गावड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से गन्ना लेकर आया था। चर्चा है कि गन्ना चेन में डालने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया, इस दौरान वह मशीन की चपेट में आ गया।

ठंड से पाम सिवेट की मौत

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: नैनीताल में किलबरी क्षेत्र में एक पाम सिवेट मृत अवस्था में मिला। विभाग अधिकारियों ने बताया कि ठंड के चलते पाम सिवेट की मौत हुई है।

पाम सिवेट दक्षिण पूर्व एशिया का मूल निवासी है। पाम सिवेट छोटे बिल्ली के आकार के स्तनधारी होते हैं। उनका लंबा, गठीला शरीर मोटे, झबरे बालों से ढका होता है जो आमतौर पर भूरे रंग के होते हैं। ये जानवर आमतौर पर प्राथमिक और माध्यमिक जंगलों, मौसमी बाढ़ वाले दलदली जंगलों, मैंग्रोव, तेल ताड़ के पेड़ों और सागौन के बागानों में निवास करते हैं। यह नैनीताल में भी पाए जाते हैं।

मृत मिला पाम सिवेट। ● अमृत विचार

गुरुवार को दोपहर के समय एक पाम सिवेट मूर्छित अवस्था में सड़क किनारे देखा गया। इसकी सूचना राहगीरों की ओर से वन विभाग को दी गई। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पाम सिवेट को देखा तो वह मृत अवस्था में पड़ा था। इसके बाद विभाग की टीम शव अपने साथ ले गई।

उत्तराखंड के विकास में महिलाओं की बड़ी भूमिका: धामी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को देहरादून के बन्नू मैदान में आयोजित नारी शक्ति महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने 1055.57 करोड़ रुपये की कुल 600 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें 617.05 करोड़ की 270 योजनाओं का लोकार्पण एवं 438.52 करोड़ की 330 योजनाओं का शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री ने सिलाई-कढ़ाई का प्रदर्शन कर रही महिलाओं के बीच जाकर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत में कन्या पूजन से की। इसके बाद उन्होंने

देहरादून में 'नारी शक्ति महोत्सव' के तहत आयोजित रोड शो में लोगों का अभिवादन करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

विभिन्न क्षेत्रों में स्थान बनाने वाली महिलाओं की भी हौसला अफजाई भी की। मुख्यमंत्री धामी ने कार्यक्रम में पहुंचीं माताओं-बहनों का वंदन करते हुए कहा कि आज इस कार्यक्रम के माध्यम से द्रोणनगरी के विकास के लिए एक हजार करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया है। उन्होंने

- **मुख्यमंत्री ने देहरादून में 'नारी शक्ति महोत्सव' में किया प्रतिभाग**

कहा कि ये योजनाएं देहरादून ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण से लेकर विकसित उत्तराखंड के स्वप्न को साकार करने में मातृशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है। उत्तराखंड में महिलाओं की वीरता, साहस, शौर्य और संघर्ष के रूप में तीलू रौतेली, राजमाता कर्णावती, विशनी देवी शाह आदि को याद किया जाता है और हमारी सरकार सशक्त नारी - समृद्ध नारी की संकल्पना को आगे बढ़ाते हुए महिलाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

कांवड़िए पर फेंका पत्थर, जमकर हुआ हंगामा, पहुंचे पुलिस अफसर

संवाददाता, संभल/असमोली

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में जत्थे में शामिल कांवड़िए पर किसी ने पत्थर फेंक दिया। जिसे लेकर कांवड़िए भड़क गए और जमकर हंगामा किया। कांवड़िये उस घर की तरफ बढ़े जहां से पत्थर आया था। तभी एएसपी, सीओ समेत भारी पुलिस बल पहुंच गया। अधिकारियों ने किसी तरह कांवड़ियों को समझाया। कार्रवाई का आश्वासन दिया तो कांवड़िए शांत हुए और आगे बढ़े।

थाना क्षेत्र में संभल-जोया मार्ग पर

आक्रोश

- **कार्रवाई का आश्वासन देकर कांवड़ियों को किया शांत**

गांव मदाला फतेहपुर से कांवड़ियों का जत्था निकल रहा था। कांवड़िये बम-बम भोले के जयकारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। तभी किसी ने कांवड़िए पर पत्थर फेंक दिया। हालांकि कांवड़िया बच गया लेकिन जानकारी मिलने पर दूसरे कांवड़ियों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांवड़ियों ने उस घर का रुख किया जिससे पत्थर आने की जानकारी हुई। जिससे मौके पर टकराव की स्थिति बन गई। इस बीच कांवड़ियों द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना अधिकारियों को मिली तो हड़कंप मच गया। एएसपी श्रीश चंद्र, सीओ संतोष कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने बात की तो कांवड़ियों ने पत्थर फेंकने के आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई। अधिकारियों ने कांवड़ियों पर पत्थर फेंक जाने के मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर बमुश्किल कांवड़िएं शांत हुए। जिसके बाद कांवड़िए गंतव्य की तरफ रवाना हुए।

जौनपुर के भाजपा जिला मंत्री की गोली मारकर हत्या

जौनपुर, एजेंसी

जिले के थाना सिकरारा क्षेत्र स्थित बोधापुर गांव में बदमाशों ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला मंत्री प्रमोद कुमार यादव की गोली मार कर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

पुलिस अधीक्षक (नगर) बृजेश कुमार ने बताया कि बोधापुर निवासी भाजपा के जिला मंत्री प्रमोद कुमार यादव अपने काम

प्रमोद कुमार यादव
(फाइल फोटो)

निमंत्रण देने के बहाने से गाड़ी रुकवाकर उतरवाया शीशा, मारी चार गोलियां

के सिलसिले में रोज सुबह जिला मुख्यालय आते थे। उन्होंने कहा कि यादव गुरुवार सुबह 10 बजे के आसपास बोधापुर गांव से स्कॉर्पियो गाड़ी से निकलकर गांव के मोड़ पर ही पहुंचे थे तभी मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने शादी का कार्ड देने के बहाने इशारा करके गाड़ी रुकवायी। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही प्रमोद ने शीशा खोला तभी एक बदमाश ने पिस्तौल निकालकर उन्हें चार गोली मारीं और दोनों वहां फरार हो गये। घायल प्रमोद को गांव वाले तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा ने कहा कि हत्याकांड का जल्द खुलासा करके बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल में जौनपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सहित अनेक भाजपा नेता पहुंच गए।

विपक्षियों की प्राथमिकता परिवारों का हित : नड्डा

संवाददाता, आगरा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की प्राथमिकता परिवारों के हितों को बढ़ावा देना है और उन्हें दलितों एवं समाज के कमजोर वर्गों की कोई चिंता नहीं है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक देश पर शासन करने वाली कांग्रेस ने दलितों को वोट पाने का साधन माना और उसे दलितों और वंचितों की कोई चिंता नहीं है। नड्डा ने यह बात आगरा में आयोजित भाजपा के अनुसूचित जाति महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। नड्डा ने कहा कि आजादी के बाद से देश में कांग्रेस लंबे समय

आगरा में आयोजित अनुसूचित जाति महासम्मेलन में शामिल होने पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य भाजपा नेता।

तक सत्ता में रही। उसने हमारे दलित और अनुसूचित जाति के भाइयों को मानवता की दृष्टि से नहीं देखा, उसने हमेशा उन्हें वोट लेने के साधन के रूप में देखा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के अपनी सरकार के फैसले की सराहना करते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने से जम्मू-कश्मीर में अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों को आरक्षण का लाभ मिलेगा और उन्हें सरकारी नौकरियां मिलेंगी और परिसीमन के बाद उनके लिए सीटें आरक्षित होंगी। नड्डा ने विपक्ष के नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस ('इंडिया' गठबंधन) पर निशाना

भाजपा अध्यक्ष ने आगरा में अनुसूचित जाति महासम्मेलन को किया संबोधित

साधते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान से परिवारों की पार्टियों को बचाना है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह कांग्रेस और इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी के अभियान से परिवारों को बचाने के लिए है। वे या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं।

नड्डा ने जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक के राजनीतिक दलों का नाम लिया और कहा कि ये परिवारों की पार्टियां हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बताएं कि फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला परिवार की पार्टी हैं या नहीं, मुफ्ती मोहम्मद और महबूबा मुफ्ती परिवार की पार्टी हैं या नहीं। पंजाब में प्रकाश सिंह बादल और सुखबीर सिंह बादल परिवार की पार्टी हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में चौटाला परिवार परिवार की पार्टी है या नहीं।

यूपी में अखिलेश, डिंपल, (दिवंगत)मुलायम (सिंहयादव) परिवार की पार्टी हैं या नहीं। बिहार में लालू (प्रसाद यादव), राबड़ी, मीसा, तेजस्वी, तेज प्रताप परिवार की पार्टी हैं या नहीं। नड्डा ने कहा कि बंगाल में बुआ भतीजा अभिषेक, ममता परिवार की पार्टी हैं या नहीं। तेलंगाना में केसीआर(के चंद्रशेखर राव), केटीआर(के टी रामाराव), कविता परिवार की पार्टी हैं या नहीं। तमिलनाडु में (दिवंगत) करुणानिधि, स्टालिन, उदय निधि स्टालिन परिवार की पार्टी हैं या नहीं।

एक नजर

दिल्ली से नहीं लौटे तौकीर फिर घर से बैरंग लौटी पुलिस

बरेली, अमृत विचार : शहर में 2010 में हुए दंगे के केस में मुख्य अभियुक्त करार दिए गए तौकीर रजा खां के घर पुलिस बृहस्पतिवार को दोबारा अदालत का समन तामील कराने पहुंची लेकिन तौकीर के घरवालों ने उनके दिल्ली से न लौटने की बात बताकर पुलिस को लौटा दिया। तौकीर को अदालत ने 11 मार्च को पेश होने का हुक्म दिया है। सीओ फर्स्ट संदीप कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भी तौकीर रजा समन लेने के लिए उपलब्ध न हुए तो समन उनके घर के बाहर चस्पा कर दिया जाएगा।

नारकोटिक्स टीम ने पकड़ी चार किलो अफीम

बरेली, अमृत विचार : लखनऊ नारकोटिक्स सेल और सुभाषनगर पुलिस ने संयुक्त रूप से सुभाषनगर चुंगी के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार किलो अफीम बरामद की है। इंस्पेक्टर सुभाषनगर सतीश कुमार राय ने बताया कि गुरुवार को लखनऊ नारकोटिक्स की टीम आरोपी के पीछे लखनऊ से लगी थी। नारकोटिक्स के दरोगा पंकज दुबे ने थाना पुलिस की मदद से झारखंड के चतरा जिले के गिधौर गांव निवासी सतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह करगैना में एक व्यक्ति को सप्लाई देने के लिए आया था। पुलिस अब सप्लाई लेने वाले के बारे में जानकारी जुटा रही है।

जंगल में बेहोश मिली लापता बच्ची, दुष्कर्म की आशंका

सहारनपुर : जिले के कुतुबशेर इलाके में लापता हुई नौ साल की एक बच्ची गुरुवार को कोलागढ़ के जंगल में बेहोश मिली। परिवार का आरोप है कि उससे दुष्कर्म किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (देहात) सागर जैन ने यहां बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

अहंकार से भरा है इंडिया गठबंधन

वाराणसी : केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि यह गठबंधन घमंड और अहंकार से भरा हुआ है। भाजपा के संघटनात्मक कार्यों की सिलसिले में बनारस पहुंचे ठाकुर ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस की यात्रा के पहुंचने से पहले ही कई इस्तीफे हो गए हैं। गुजरात में भी कांग्रेस के पूर्व मंत्री, विधायक और बड़े नेता इस्तीफा दे रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री विधानसभा में उनके बारे में बुरा बोलते हैं। यह कैसा गठबंधन है जो लगातार एक-दूसरे को नीचा दिखा रहा है? यह स्पष्ट है कि उनके पास न तो कोई नेता है और न ही कोई नीति।

बिना कारण वेतन वसूली न करने के निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी के मामले में प्रधानाचार्य की सेवा बर्खास्तगी के मामले में कहा कि 32 वर्षों तक पूर्ण जिम्मेदारी और बिना किसी शिकायत के अपने सेवाकाल को पूर्ण किया है। याची प्रधानाचार्य के पद से मार्च 2019 को सेवानिवृत होने वाला था कि तिथि से मात्र तीन दिन पूर्व उसकी नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया।

बिना किसी धोखाधड़ी के याची को सेवा से बर्खास्त कर देना और पिछले वेतन की वसूली करना अन्याय पूर्ण होगा। इस दृष्टिकोण से कोर्ट ने आक्षेपित आदेश में हस्तक्षेप न करते हुए वर्तमान याचिका को निस्तारित

हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी के मामले में दिया आदेश

कर दिया, साथ ही याची को दिए गए वेतन और वित्तीय लाभों की वसूली करने से विभाग को मना कर दिया। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने शिवदत्त शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते पारित किया। मामले के अनुसार याची अपने पिता रामस्वरूप शर्मा की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित कोटे में नवंबर 1981 में जूनियर हाई स्कूल, बड़ागांव विकास क्षेत्र अरनियां, बुलंदशहर में चौकीदार के पद पर नियुक्त हुआ था। सेवा के दौरान याची ने स्कूल के प्रधानाचार्य से बीएड करने की अनुमति प्राप्त की। बाद में उसकी नियुक्ति परिषदीय अध्यापकों की नियुक्ति/ पदोन्नति समिति के द्वारा योग्यता को ध्यान में रखकर सहायक अध्यापक के पद पर की गई।

गवाह की हत्या के मामले में तीन लोगों को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर : जिले की एक अदालत ने 10 साल पहले अदालत परिसर के बाहर एक गवाह की हत्या के मामले में गुरुवार को तीन लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार त्यागी ने यहां बताया कि 11 जुलाई 2013 को हुई देवेन्द्र नामक व्यक्ति की हत्या के मामले में सागर मलिक, ओम सिंह और राजवीर सिंह को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंजुला भालोठिया ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी। अदालत ने उनपर 50—50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

इंडिया गठबंधन और पीडीए परिवार देश में लाएगा परिवर्तन : अखिलेश

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) परिवार देश में परिवर्तन लाने का काम करेंगे। यहां एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आए यादव ने संवाददाताओं से कहा कि जो लोग (भाजपा) 400 पार की बात कर रहे हैं, उन्हें इंडिया गठबंधन औऱ पीडीए परिवार मिलकर 400 सीटों पर हराने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि वे लोग किसानों की आय दोगुनी करने की बात करते थे, लेकिन आय दोगुनी नहीं हुई, बल्कि किसानों का लाभ छीन लिया गया। उन्होंने कहा कि

प्रदेश में पेपर नहीं, भाजपा के वोट लीक हो रहे

इसी तरह, नौजवान प्रयागराज में आरओ (समीक्षा अधिकारी), एआरओ (सहायक समीक्षा अधिकारी) परीक्षा में पेपर लीक होने के खिलाफ धरने पर बैठा था। उन्होंने कहा कि यह कैसी सरकार है जिसमें हर प्रतियोगी परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक हो रहा है। सपा प्रमुख ने कहा कि यह सरकार के पेपर लीक नहीं हो रहे, बल्कि इनके वोट लीक हो रहे हैं। करीब 60 लाख बच्चों को दोबारा परीक्षा देनी पड़ेगी। एक छात्र के परिवार में यदि तीन लोग भी हों तो एक करोड़ अस्सी लाख मतदाता होते हैं। यदि हम इन्हें 80 लोकसभा सीटों से भाग दे दें तो हर लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के दो लाख 25 हजार वोट लीक हो गये हैं। सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे नेताओं के बारे में उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना दिखाने वाली भाजपा नयी राजनीति में विधायकों और मंत्रियों को तोड़ने के लिए पैकेज दे रही है। उत्तर प्रदेश में अनेक मदरसों को बंद किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ये (भाजपा के लोग) केवल मदरसे ही बंद नहीं कर रहे, बल्कि संस्कृत विद्यालय भी बंद कर रहे हैं। भाजपा केवल एक समाज की दुश्मन नहीं है, बल्कि देश की भी दुश्मन है।

तौकीर रजा प्रकरण : बरेली पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा खान से जुड़े मामलों पर शासन भी नजर बनाए हुए है। इस प्रकरण में न्यायिक कार्यवाहियों का संज्ञान लिया जा रहा है। राज्य गृह विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को ब्रीफिंग भी की गई है।

ऐसे में बरेली पुलिस-प्रशासन से शांति-व्यवस्था बहाल रखते हुए तौकीर केस की 11 मार्च को होने जा रही अगली सुनवाई से पहले कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई है। साथ ही सभी धर्मगुरुओं से संपर्क बनाए रखने की भी उम्मीद की गई है। बुधवार को बरेली कोर्ट ने

11 मार्च को मामले में सुनवाई से पहले धार्मिक नेताओं से बातचीत के निर्देश

मौलाना तौकीर रजा को 2010 की सांप्रदायिक हिंसा का मास्टरमाइंड करार दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि सत्ता के पदों पर बैठे लोगों को धार्मिक व्यक्ति होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लेकर प्रशंसा की। कोर्ट ने कहा कि एक धार्मिक व्यक्ति का जीवन त्याग और समर्पण का प्रतीक होता है, न कि विलासिता में जीने का। दरअसल, पिछले दिनों भी तौकीर रजा ने उत्तराखंड में सीएए लागू होने के बाद बरेली में समर्थकों के साथ प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया था। इस बीच लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में सीएए कानून लागू होने की संभावनाओं को देखते हुए सुरक्षा व शांति बनाए रखने को लेकर यूपी पुलिस पूरी तरह तैयार है। बुधवार को ही पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए हमारे पास डंडा भी है और डेटाबेस भी। डीजीपी ने कहा कि, हमारी तैयारी हमारी ट्रेनिंग का पार्ट है, हम ट्रेनिंग में इतना पसीना बहा रहे हैं कि खून बहाने की नौबत नहीं आएगी। हमारी फील्ड फोर्स, हमारे उपकरण किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

मदरसे तभी बंद करें जब टेरर फंडिंग के सबूत हों : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : आल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा है कि मदरसे संविधान के अनुसार चलाए जा रहे हैं। बंद करने के बजाय उनसे समाज और देशहित में काम लिया जाना चाहिए। नेपाल सीमा पर 13 हजार मदरसे बंद किए जाने की सिफारिश पर उन्होंने कहा कि 506 मदरसे छोड़कर बाकी मदरसे चंदे से चलते हैं। ये 30-40 साल पुराने बने हैं। इनमें पांच हजार को सरकार ने मान्यता दे रखी है। इन मदरसों को तभी बंद किया जाए जब सरकार के पास टेरर फंडिंग के सबूत हों।

इफको के कब्जे में पट्टाधारकों की भी जमीन, अफसर भी नोटिस देकर भूले

2008 में इफको के अंदर पट्टेदारों की जमीन होने की सौंपी थी रिपोर्ट

संवाददाता, बरेली/आंवला

अमृत विचार : सरकारी विभाग और किसानों की जमीन के अलावा इफको प्रबंधक ने पट्टाधारकों की जमीन पर भी कब्जा कर रखा है। 15 साल पहले तत्कालीन अधिकारी भी पट्टाधारकों की जमीन इफको में होने की पुष्टि कर चुके हैं। कब्जा हटाने के लिए कई बार नोटिस दिए गए लेकिन अब तक नहीं हटा।

भमोरा के गांव सेंधी की

अफसरों ने 15 दिन में जमीन खाली करने के दिए थे निर्देश

पट्टाधारक अखिलेश कुमारी के अलावा गांव के कुछ और किसानों ने वर्ष 2009 में डीएम से शिकायत की थी खसरा संख्या 538, 461, 572, 541 में उनका हिस्सा 0.83 हेक्टेयर था। जनवरी 2008 में तत्कालीन कानूनगो वाहिद खां और हल्का लेखपाल विद्याराम शर्मा ने बताया कि खसरा संख्या 538 रकबा 0.307 हेक्टेयर इफको टाउनशिप में चला गया है।

इस पर तहसील अधिकारियों ने 15 दिन में इफको से मुआवजा या टाउनशिप चारदीवारी तोड़कर जमीन पर कब्जा दिलाने का आश्वासन दिया, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। इतना ही नहीं डीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार विजय कुमार यादव ने भी दिसंबर 2009 को स्थलीय पैमाइश और अभिलेखों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी थी। उसमें भी कहा गया था कि खसरा संख्या 538 में अखिलेश कुमारी का नाम संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है। यह जमीन इफको के कब्जे में हैं। इस पर तहसील प्रशासन ने इफको वरिष्ठ महाप्रबंधक को पत्र भेजकर मांगा लेकिन मामला अभिलेखों में दफन कर दिया गया।

नौकरी मिली न मुआवजा, जांच भी ठंड बस्ते में

पट्टाधारक उमेश यादव के मुताबिक वर्ष 2010 में तत्कालीन जिलाधिकारी ने इफको को जमीन का मुआवजा और नौकरी देने के लिए पत्र भेजा था। उस दौरान आश्वासन दिया गया था दोनों में से एक काम होगा, लेकिन आज तक इफको ने उनके परिवार को नौकरी दी और न मुआवजा। वह इस मामले में हाइकोर्ट गए। जहां यह केस विचाराधीन है। उनका कहना है कि इफको ने सेंधी गांव के ही राजवीर और जसवीर पुत्र रामसिंह की जमीन पर भी अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है।

वर्ग पहेली-3

बाएं से दाएं

2.1. कटहल का वृक्ष 2. उक्त वृक्ष का फल 3. कांटा 4. एक प्रकार का सांप 5. विभीषण का एक मंत्री 6. राम की सेना का एक बंदर।

4. एक ही पेशे से जुड़ा हुआ, सहव्यवसायी।

6.1. हुक्के में तंबाकू का धुआं खींचने के लिए लगी हुई नरकट की नलियां 2. बहुत ही दुबला-पतला व्यक्ति।

7.1. प्रेमी, प्रेमासक्त 2. रूमानी।

8.1. पानी के अंदर होने वाली एक प्रकार की घास 2. शैवाल।

10.1. साफ़-सुथरा, व्यवस्थित 2. ठीक, अच्छा।

ऊपर से नीचे

1.1. शाकंभरी लवण, पांशु लवण 2. ज्योतिष सिद्धांत का एक भेद।

3. टेलीविज़न या रेडियो पर प्रसारण के लिए समाचार पढ़ने वाला व्यक्ति, उद्घोषक, (न्यूज़रीडर)।

5.1. भव्य 2. उत्तम, बढ़िया 3. ऐश्वर्यवाला 4. तड़क-भड़कवाला 5. प्रशंसनीय।

7.1. तालाब

9. कटी हुई फ़सल से अनाज के दानें अलग करने के लिए बैलों से रौंदवाना, दंवरी।



वर्ग पहेली - 2 का हल

1 म	लि	क		2 उ	जा	डू
ठि				ता		
या		3 नि		4 व	रू	थ
	5 दी	पा	व	ली		
6 आ	न	न				7 स
	दा				8 बै	ट
9 सु	र	ब	हा	र		ना

सुडोकू -82

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			4		9	5		
5								2
	6		5		1		3	
	3			5		4		7
	1						9	
7		8		3			5	
	5	2	3		8			
3					5			8
		4	7		6			

सुडोकू - 81 का हल

2	6	7	8	3	1	4	9	5
5	3	8	4	7	9	2	6	1
9	1	4	2	5	6	3	8	7
3	9	5	1	8	2	6	7	4
4	2	1	6	9	7	5	3	8
8	7	6	3	4	5	1	2	9
6	8	2	7	1	4	9	5	3
1	5	3	9	6	8	7	4	2
7	4	9	5	2	3	8	1	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 21.57 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-श्रवण 10.41 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज व्यापारी वर्ग को अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। सत्यनिष्ठा और धैर्यपूर्वक दिन बिताने की सलाह दी जाती है। बॉस के साथ मजबूत संबंध स्थापित होंगे। बकाया धन आज वापस मिल सकता है। घर का माहौल भी सामान्य ही रहेगा।

वृष — आज किसी सामाजिक संस्था से भी जुड़ सकते हैं। विद्यार्थी किसी नए कोर्स के प्रति आकर्षित रहेंगे। भविष्य को लेकर योजनायें बनायेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। तीर्थ यात्रा के विषय में कुछ योजना बना सकते हैं।

मिथुन — आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो यात्राओं से आपको बचना चाहिए। घर के लोगों के साथ बहस हो सकती है। अपरिचित लोगों पर भरोसा न करें। विचारों की उधेड़बुन में दिन बीतेगा। भोग-विलास में धन का अपव्यय हो सकता है।

कर्क — आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। कारोबार में अनुमान से अधिक अच्छी सफलता मिलेगी। व्यवस्थित और अनुशासित जीवनशैली का अनुसरण करेंगे। पूर्व में की गयी आपकी मेहनत आज रंग लायेगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की मिलेगी।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र में स्थिति थोड़ी चिंताजनक हो सकती है। खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं।प्रतिद्वन्दियों के साथ विवाद हो सकता है। नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं में राहत मिलेगी।

कन्या — आज आपके कार्यक्षेत्र में अचानक से आपकी स्थिति में बढ़ोत्तरी होगी। संतान को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। मनोरञ्जन में धन खर्च होगा। परिवार में किसी सदस्य को लेकर चिन्ता रहेगी। प्रेम-संबंधों में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

तुला — आज कार्यक्षेत्र में काफी संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र का शेड्यूल अचानक बदल सकता है। आपको भी अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ेगा। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। काम में मन न लगने के बावजूद काम करना पड़ेगा।

वृश्चिक — आज नए क्रियेटिव आइडियाज से काम आसानी से पूरा कर लेंगे। यात्राओं का भरपूर आनंद उठायेंगे। आपके व्यक्तित्व में सन्तुलन रहेगा। लोग आपके उदार और विनम्र व्यवहार की काफी प्रशन्सा करेंगे। समस्त इच्छाओं की पूर्ति होगी।

धनु — आज मन में किसी विषय विशेष के गूढ़ ज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होगी। भोजन की शुद्धता का ध्यान रखना आज जरूरी होगा। लघु उद्योगों से जुड़े लोगों को आज अचानक लाभ प्राप्त हो सकता है। काम उचित समय पर पूरे नहीं होंगे।

मकर — आज प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो सकती है। व्यवसाय में साझेदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। एक साथ अनेक कार्य करने की कोशिश न करें। दांपत्य जीवन में आपसी समझ और समर्पण बढ़ेगा। नई संपत्ति या घर लेने के विषय में विचार हो सकता है।

कुंभ — आज मन में नकारात्मक चिन्तन उत्पन्न होगा। घुटनों में तकलीफ बढ़ सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। अपने संकल्प और विचारों को लेकर शंका उत्पन्न होगी। नींद में कमी के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

मीन — आज मित्रों से उत्साहवर्धक समाचार प्राप्त होंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। शेयर मार्केट और लॉटरी आदि से फायदा मिल सकता है। चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना करेंगे। धर्म-कर्म में आप विशेष रुचि लेने वाले हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
गुलाब गैंग — सुबह : 12.00
एक और एक ग्यारह — शाम : 06.00

SONY MAX
मैडम गीता रानी — सुबह : 11.20
हिचकी — शाम : 06.59

SONY PIX
वेनम — सुबह : 12.29
डोंट ब्रेथ — रात : 07.37

ZEE CINEMA
रश्मी रॉकेट (2021) — सुबह : 10.30
सीक्रेट सुपरस्टार — रात : 07.00

colors CINEPLEX
कल हो न हो — सुबह : 09.29
जब बी मेट — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ने राह चलती एक लड़की को आंख मार दी...

लड़की बोली- ओए, ये क्या कर रहा है, मैं तुझे कोई ऐसी-वैसी लड़की दिख रही हूं?

गप्पू- आपकी बात बिल्कुल ठीक है मैडम, लेकिन चेक करना तो हमारा फर्ज बनता है न।

संजू और बंटी दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे...

टीचर- तुम दोनों ने अपने पापा का नाम अलग-अलग क्यों लिखा?

संजू- मैडम फिर आप कहोगे नकल मारी है, इसलिए।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत

अश्विनी वैष्णव ने नीति आयोग के कार्यक्रम में तीन नए आपराधिक कानूनों का किया जिक्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को अपनी वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने औपनिवेशक दौर के कानूनों की जगह लेने के लिए बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को यह बात कही।

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के एक कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि देश भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के साथ आपराधिक न्यायशास्त्र में बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। इन तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी। ये तीनों कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा-इन कानूनों की तरह हमारी मौजूदा आवश्यकताओं और वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में भी बदलाव की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप 2,000 अच्छे वकीलों की सेवाएं लेते हैं तो आप अगले पांच वर्षों में लगभग 35,000 कानूनों में सुधार कर सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार विनिर्माण क्षेत्र पर अधिक ध्यान देगी क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता है।

नीति आयोग के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच की वैष्णव ने शुरुआत की

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स' की शुरुआत की जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने नीति आयोग की इमारत में 'विकसित भारत रणनीति कक्ष' का भी उद्घाटन किया। यह कक्ष प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना साझा करने का काम करेगा।

आने वाले समय में भारत का मोबाइल फोन निर्यात पांच गुना हो जाएगा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात आने वाले समय में पांच गुना से अधिक बढ़कर 50-60 अरब डॉलर हो जाएगा। वैष्णव ने बुधवार को एक वित्त-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश में बने मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह 50-60 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। पिछले साल लगभग 11 अरब डॉलर का मोबाइल निर्यात हुआ था। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख के मौजूदा स्तर से बढ़कर 25 लाख हो जाएगा।

सेंसेक्स 33 अंक चढ़कर नए शिखर पर, निफ्टी का भी रिकॉर्ड

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...नए शिखर पर पहुंच गए। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार नई ऊंचाई पर रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 33.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 74,119.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 159.18 अंक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

आरबीआई, बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल के लिए किया समझौता

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

आरबीआई ने बयान में कहा कि सीमापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और इंडोनेशियाई रुपैया (आईडीआर) के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह व्यवस्था निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने की सुविधा देगी। इससे रुपया और इंडोनेशियाई मुद्रा के विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार के विकास में मदद मिलेगी।

आरबीआई ने कहा-स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय कम होगा। एमओयू पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने हस्ताक्षर किये। आरबीआई ने कहा-समझौता ज्ञापन का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से रुपया और आईडीआर के उपयोग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	66,950
गिन्नी (प्रति नग)	49,8000-50,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,600
सोना जेवरात गिन्नी	63,600
चांदी पक्की	728 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,200
चांदी आभूषण	73,800।

वाहनों की खुदरा बिक्री में 13 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने फरवरी के जारी किए आंकड़े

फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में तगड़ी खरीदारी आने से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। 'फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन' (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, "फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। नए उत्पादों की रणनीतिक पेशकश और वाहनों की उपलब्धता बढ़ने की इसमें अहम भूमिका रही।" पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 14,39,523 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 12,71,073 इकाई थी।

1000 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी का दावा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

नई दिल्ली। मेरठ सीजीएसटी आयुक्त कार्यालय ने बृहस्पतिवार को 232 फर्जी कंपनियों के नेटवर्क के जरिये 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का फर्जी दावा करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मेरठ आयुक्त कार्यालय की केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) की अपवंचना-रोधी शाखा ने अक्टूबर, 2023 में एक बड़े 'सिंडिकेट' की जांच शुरू की, जिसने फर्जी बिलिंग के जरिये धोखाधड़ी से आईटीसी का दावा किया था।

मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2023-24 के लिए करीब आठ प्रतिशत कर दिया

मूडीज रेटिंग्स ने पूंजीगत व्यय और घरेलू खपत में तेजी को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर करीब आठ प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान के एक दिन बाद आया है।

बयान में उन्होंने कहा था कि तीसरी तिमाही के आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब हो सकती है। मूडीज का ताजा अनुमान नवंबर 2023 में जताए गए 6.6 प्रतिशत के अनुमान से 1.40 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसने पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी अनुमान को भी संशोधित कर क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। जबकि पहले इसके 7.8 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत रहने की बात कही गयी थी।

मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगा। इसकी वास्तविक जीडीपी वृद्धि मार्च, 2024 में समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में आठ प्रतिशत के आसपास रहेगी जो वित्त वर्ष 2022-23 में सात प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी पूंजीगत व्यय के साथ मजबूत घरेलू खपत भारत की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेगी।

राष्ट्रीय

एक नजर

बहस के बाद महिला यात्री को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा गया

नई दिल्ली। लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही एक महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई, जिसके बाद उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतार दिया गया। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक यह घटना पांच मार्च की है, जो उड़ान संख्या एआई 161 में हुई। उन्होंने बताया कि इस उड़ान की 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला वरिष्ठ कॉर्पोरेट कार्यकारी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई थी। उन्होंने बताया कि इसकेबाद कैप्टन की सलाह पर उड़ान के रवाना होने से पहले महिला को विमान से उतार दिया गया।

सत्ती किशोर बने सीबीसी के संयुक्त महानिदेशक

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आकाशवाणी में तैनात भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी सत्ती किशोर को केंद्रीय संचार ब्यूरो में संयुक्त महानिदेशक के पद पर स्थानांतरित किया है। सत्ती आकाशवाणी से पहले डीएवीपी में थे, जिसका नाम बदलकर अब केंद्रीय संचार ब्यूरो कर दिया गया है। उन्होंने गुरुवार को सूचना भवन स्थित सीबीसी में अपना पद भार ग्रहण कर लिया है।

पीड़ित महिलाएं कोर्ट के समक्ष देंगी बयान

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि की पीड़िताओं को शिकायतें लाने की दी अनुमति

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता को आवेदन/हलफनामा के जरिए संदेशखालि की महिलाओं को अपनी शिकायतें अदालत के संज्ञान में लाने की अनुमति दे दी।

संदेशखालि में महिलाओं के साथ अत्याचार और जमीन कब्जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि इलाके की 80 महिलाएं सुनवाई में शामिल होना चाहती हैं और अपना-अपना अनुभव साझा करना चाहती हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली पीठ ने माना कि सभी 80 महिलाओं को अदालत में लाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही टिबरेवाल को एक आवेदन/पूरक हलफनामा दायर करने की अनुमति दी, जिसके जरिए कथित पीड़िताएं अपनी आपबीती अदालत के रिकॉर्ड पर ला सकती हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि पीड़ितों के बयान को उचित तरीके से सत्यापित किया जाना चाहिए और उनकी पहचान भी स्थापित होनी चाहिए। पीठ ने निर्देश दिया कि कथित पीड़ितों का बयान स्थानीय भाषा में होगा इसलिए याचिकाकर्ता को उसका अनुवादित प्रति अदालत के समक्ष रखना चाहिए। एक अन्य याचिकाकर्ता ने अदालत से जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की।

संदेशखालि जा रही भाजपा की महिला नेताओं को बाहरी इलाके में रोका गया

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भाजपा की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल और लॉकेट चटर्जी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार दोपहर संदेशखालि जा रहीं पार्टी की महिला नेताओं को कोलकाता के बाहरी इलाके 'न्यू टाउन' में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई और महिला नेताओं ने उसी जगह धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जहां उन्हें रोका गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें इस आधार अशांत संदेशखालि की ओर से बढ़ने से रोक दिया गया कि वहां (संदेशखालि) के कई हिस्सों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।

भाजपा संदेशखालि को लेकर गलत सूचना फैला रही : ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संदेशखालि की घटना को लेकर गलत सूचना फैला रही है। उन्होंने साथ ही दावा किया कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश में सबसे सुरक्षित राज्य है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल सरकार को महिला सुरक्षा पर 'भाषण' देने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।

पुरी : रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी में महाशिवरात्रि उत्सव से पहले भगवान शिव की सुंदर मूर्ति बनाई। ● एजेंसी

अभिजीत गंगोपाध्याय न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने मंगलवार को न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने के बाद वादा किया था कि वह उन लोगों की सेवा करने के लिए जीवन के एक बड़े क्षेत्र राजनीति में प्रवेश करने जा रहे हैं, जो न्याय प्राप्त करने के लिए अदालत तक नहीं पहुंच पाते हैं। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि मैं एक राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होकर बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

हमारी सरकार बनने पर 30 लाख नौकरियां देंगे : राहुल

जयपुर, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं एवं किसा नों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी दी जाएगी।

वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस युवाओं के लिए पांच ऐतिहासिक काम करने जा रही है जिनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, 'गिग इकॉनमी' में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी शामिल हैं। युवाओं को तीस लाख नौकरियां देने की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के युवाओं के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा परेशान है।

अयोग्यता मामले में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से मूल रिकॉर्ड तलब

नआ दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के कार्यालय से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी उद्धव ठाकरे समूह की याचिका से जुड़े मूल रिकॉर्ड बृहस्पतिवार को मंगवाने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने 10 जनवरी को एक आदेश में जून, 2022 में विभाजन के बाद शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को मूल राजनीतिक दल घोषित किया था। उन्होंने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था।

कांग्रेस की बैठक में 60 सीटों पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो

- दिल्ली से जयप्रकाश अग्रवाल लवली एवं सुरेंद्र कुमार के नाम पर बनी सहमति
- राजधानी की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें दिल्ली सहित कुल 60 सीटों पर चर्चा की गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली से अरविंदर सिंह लवली, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सुरेंद्र कुमार के नाम पर सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य की सीटों पर भी लगभग अंतिम फैसला हो चुका है। इसके अलावा दक्षिण भारत के राज्यों की सीटों पर ज्यादा विचार-विमर्श चल रहा है।

इंडिया गठबंधन के तहत दिल्ली की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं। जिसमें चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधायक अलका लंबा एवं पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल की प्रबल दावेदारी थी लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी में जेपी अग्रवाल के नाम को ज्यादा वजन दिया गया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम दिल्ली (सुरक्षित) सीट से पूर्व सांसद उदित राज एवं बवाना के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार सहित छह दावेदारों पर चर्चा की गई। इस सीट पर कांग्रेस ने एक सर्वे भी करवाया था जिसके तहत सुरेंद्र कुमार को 44 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है जबकि पांच दावेदारों को 56 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया था। इसी आधार पर स्क्रीनिंग कमेटी ने सुरेंद्र कुमार का नाम तय किया है।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह लवली एवं रागिनी नायक के नाम पर विचार किया गया। अंत में लवली के नाम को अंतिम रूप दिया गया है। कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा होती रही। अभी कोई नाम तय नहीं किया गया है।

संसद की सुरक्षा में चूक का मामला : पुलिस ने जांच लिए और समय मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए एक अदालत का रुख कर और समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि कुछ रिपोर्टों का इंतजार किया जा रहा है और डिजिटल डेटा विशाल मात्रा में है। दिल्ली पुलिस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर से मामले की जांच पूरी करने के लिए और तीन महीने का समय देने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने अर्जी पर जेल में बंद आरोपियों नीलम आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत को नोटिस जारी कर 11 मार्च तक जवाब मांगा है।

चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आवेदन को चुनौती देते हुए दो एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। याचिकाओं में आरोप लगाया गया कि जानबूझकर और मंशा के साथ शीर्ष अदालत के छह मार्च तक चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे की विस्तृत जानकारी निर्वाचन आयोग को मुहैया कराने के निर्देशों की अवज्ञा की गई।

अवमानना याचिका

- दो एनजीओ ने निर्देशों की अवज्ञा का लगाया आरोप

दो एनजीओ द्वारा दायर याचिका में दावा किया कि एसबीआई ने जानबूझकर आखिरी क्षण में अर्जी दाखिल कर दलों द्वारा चुनावी बॉण्ड भुनाने की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि दानकर्ताओं और उनकी ओर से दान दी गई राशि की जानकारी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक नहीं हो। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से अदालत में पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी दलीलों पर संज्ञान लिया। भूषण ने कहा कि एसबीआई की याचिका 11 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है और अवमानना याचिका पर भी साथ में सुनवाई होनी चाहिए।

82.42% अज्ञात आय का संबंध चुनावी बॉण्ड से: एडीआर

राष्ट्रीय दलों की 2022-23 के दौरान अज्ञात स्रोत से हुई आय में से 82 प्रतिशत का संबंध चुनावी बॉण्ड से है। यह खुलासा चुनाव अधिकार निकाय ने किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा ऑडिट रिपोर्ट और दान संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर उनका स्रोत अज्ञात रहा। एडीआर ने कहा कि वित्तवर्ष 2022-23 के लिए दाखिल वित्तीय रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि अज्ञात स्रोत से हुई कुल 1,832.88 करोड़ रुपये की आय में से 1510 करोड़ रुपये चुनावी बॉण्ड से प्राप्त हुए, जो कुल अज्ञात स्रोत से प्राप्त राशि का 82.42 प्रतिशत है। इस अध्ययन के लिए छह दलों की आय पर विचार किया गया जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) शामिल है। एडीआर के मुताबिक भाजपा ने सबसे अधिक अज्ञात स्रोत से आय की जानकारी दी।

कार्तिक खत्म करेंगे आईपीएल करियर अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला जल्द

धर्मशाला, एजेंसी

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के सत्र में अंतिम बार खेलने की तैयारी में हैं और इसके बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलने वाले कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं। 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि 2024 सत्र उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी होगा। वह आईपीएल के बाद अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2008 में दिल्ली के साथ शुरुआत करने के बाद 2011 में पंजाब से जुड़े। वह अगले दो सत्र मुंबई से खेलने के बाद 2014 में 12.5 करोड़ की राशि पर दोबारा दिल्ली से जुड़े। आरसीबी ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ में अनुबंधित किया। वह 2016 और 2017 में गुजरात से खेले और फिर 4 सत्र तक कोलकाता का हिस्सा रहे। उनकी अगुआई में 2018 में कोलकाता आईपीएल प्ले ऑफ में पहुंची और टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। 2022 से पहले कार्तिक को केकेआर ने रिलीज कर दिया था और आरसीबी ने उन्हें साढ़े पांच में खरीदा था। उन्होंने आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्ले ऑफ में पहुंचाने में भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन से कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया में हुए आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल सके।

आईपीएल बेहद लोकप्रिय, लेकिन टेस्ट क्रिकेट ही जीवन: अश्विन

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप पाने के बाद भावुक हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन

धर्मशाला, एजेंसी

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से गुरुवार को अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप प्राप्त करने के बाद रविचंद्रन अश्विन भावुक हो गए। इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट जीवन के सबसे करीब है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के साथ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अश्विन ने टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट का समर्थन किया।

अश्विन ने कहा कि आईपीएल बेहद लोकप्रिय है, बहुत सारे बच्चे टी-20 खेलना और आईपीएल में जाना चाहते हैं। मैं सचमुच चाहता हूं कि वे वहां पहुंचें, लेकिन याद रखें, यह प्रारूप (टेस्ट) कई चीजों में है जो जीवन आपको नहीं सिखाएगा। मुझे लगता है कि टेस्ट ही जीवन है। यह जीवन के सबसे करीब है। यह आपको सामंजस्य बैठाना, दबाव से निपटना सिखाएगा। 2011 में टेस्ट पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने पिता रविचंद्रन की भी सराहना की। अश्विन ने कहा कि यह काफी भावनात्मक क्षण है। सिर्फ मेरे लिए नहीं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो भावनाओं से ज्यादा हिल जाएंगे, लेकिन आज चेन्नई में बैठे एक व्यक्ति के लिए बेहद भावनात्मक क्षण है। दुर्भाग्य से वह यहां नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पहला दिन (बचपन में क्रिकेटर के रूप में), अब भी मुझे बहुत स्पष्ट याद है, मैं अपनी किट पेट्रोल टैंक के सामने रख देता था और फिर वह मुझे बाइक पर बैठाते थे और कोचिंग के लिए ले जाते थे। एक सरकारी कर्मचारी (उनके पिता) अपने बेटे को जीवन में मीलों आगे ले जाना चाहता था, उन्होंने सोचा था कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगा। उन्होंने मुझे मेरी मां और निश्चित रूप से मेरे दादाजी की मदद से यहां पहुंचाया। संघर्ष के दौर में उनकी पत्नी प्रीति ने उनका काफी समर्थन किया। अश्विन को कैप सौंपने के बाद द्रविड़ ने कहा कि तमिलनाडु का यह क्रिकेटर इस क्षण का हकदार था। आपने टीम को ईमानदारी से सब कुछ दिया है और आज आपका 100वां टेस्ट है। यह एक यात्रा थी जो चेन्नई की सड़कों से शुरू हुई थी। यह आपके परिवार के बिना संभव नहीं होता। उन्हें भी बधाई। आप इस लम्हे के हकदार हैं। आपसे बात करना सौभाग्य की बात रही। एक कोच के रूप में आपके साथ काम करना सौभाग्य की बात है। और बेशक यह कैप आपको सौंपना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

खेल डायरी

सिंधू फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में, श्रीकांत हारे

पेरिस, एजेंसी। पीवी सिंधू ने गुरुवार को फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अमेरिका की बेवेन झांग पर तीन गेम की जीत से महिला एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि किदाम्बी श्रीकांत का सफर खत्म हो गया। बीडब्ल्यूएफ टूर टूर्नामेंट खेल रही सिंधू ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद झांग को 13-21 21-10 21-14 से हराकर सत्र के पहले क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अब सिंधू का सामना चीन की चेन यु फेई और डेनमार्क की लिने क्रिस्टोफरर्सन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को हराया था लेकिन राउंड 16 में चीन के गुआंग जू से हार गए। श्रीकांत का चीन के खिलाड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 5-0 था। महिला एकल में सिंधू ने क्रास कोर्ट विनर से शुरूआत की लेकिन झांग ने भारतीय खिलाड़ी को लंबी रैलियों पर उलझाकर दबाव बनाते हुए 11-7 की बढ़त को 14-9 कर दिया। अमेरिका की खिलाड़ी ने जल्द ही 16-11 से पांच अंक की बढ़त बना ली और आठ गेम प्वांइट जीत लिये। दूसरे गेम में भी झांग ने अपने शॉट से दबदबा बनाते हुए 3-0 की बढ़त बना ली। पर सिंधू ने वापसी करते हुए 4-4 से बराबरी हासिल कर नेट के करीब प्रतिद्वंद्वी के कमजोर रिटर्न से 6-4 से आगे हो गईं।

प्रज्ञानानंदा संयुक्त दूसरे स्थान पर, सभी बाजियां ड्रा

प्राग। आर प्रज्ञानानंदा ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में जीत का भरसक प्रयत्न किया, लेकिन उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा से अंक बांटने पड़े। प्रज्ञानानंदा कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में शीर्ष भारतीय के तौर पर खेलने उतरेंगे जो टोरंटो में चार हफ्ते बाद होगा। अंतिम दौर में 10 खिलाड़ियों के बीच पांच ड्रा रहे। उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव (6) का विजयी अभियान जारी रहा और उन्होंने ईरान के परहम माघसूदलू को हराकर एक दौर शेष रहते ही खिताब जीत लिया। प्रज्ञानानंदा के अलावा माघसूदलू और चेक गणराज्य के एनगुएन थाई डाई वान के नौ में से पांच पांच अंक रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश के रोमानिया के रिचर्ड रैपर्ट और डेविड नावारा के साथ 4.5 अंक रहे।

नडाल के हटने के बाद नागल इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में

इंडियन वेल्स। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने स्पेन के महान खिलाड़ी रफेल नडाल के बीएनपी परिबास ओपन से हटने पर लकी लूजर के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं होने का हवाला देकर नडाल टूर्नामेंट से हट गए। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे, लेकिन उस ड्रॉ में शीर्ष खिलाड़ी होने से उन्हें मुख्य ड्रॉ में जगह मिली। वह अभी एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर हैं। नागल पहले दौर में 2016 विंबलडन के फाइनल में जगह बनाने वाले मिलोस राओनिक से भिड़ेंगे। नागल ने एक्स पर लिखा कि इंडियन वेल्स के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 में पदार्पण करने को लेकर रोमांचित हूं। इससे पहले नडाल ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

युवाओं और जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा से नौकरी अच्छा विचार नहीं: तेजस्विन

नई दिल्ली। भारत के ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाने के खेल मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाया है और कहा है कि इससे खिलाड़ी 'अनुचित तरीके' अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को पुरस्कृत करती है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया खेलों- युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन खेल- के पदक विजेता संशोधित मानदंडों के अनुसार सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके विचारों को अलोकप्रिय राय माना जा सकता है। तेजस्विन ने 'एक्स' पर लिखा कि अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हम युवाओं/जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियां देने को सामान्य नहीं बना सकते। एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि।

कुलदीप-अश्विन ने इंग्लैंड को 218 पर समेटा, भारत मजबूत

यादव ने 5 और रविचंद्रन ने लिए 4 विकेट, भारतीय बल्लेबाजों ने पहले दिन बनाए 135 रन

धर्मशाला, एजेंसी

बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव के 5 और 100वां टेस्ट खेल रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 4 विकेट से इंग्लैंड को 218 रन पर समेटने के बाद भारत ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

कप्तान रोहित शर्मा (83 गेंद में नाबाद 52, 6 चौके, 2 छक्के) और यशस्वी जायसवाल (58 गेंद में 57 रन, 4 चौके, 3 छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। दिन का खत्म होने पर शुभमन गिल 26 रन बनाकर रोहित का साथ निभा रहे थे। भारत अब इंग्लैंड से सिर्फ 83 रन पीछे है जबकि उसके 9 विकेट शेष हैं। कुलदीप (72 रन पर 5 विकेट) ने पहले पारी में चौथी बार 5 या इससे अधिक विकेट लेते हुए इंग्लैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को समेटा तो वहीं अश्विन (51 रन पर 4 विकेट) ने निचले क्रम को ध्वस्त किया। रविंद्र जडेजा ने भी 17 रन देकर एक विकेट लिया, जिससे सभी विकेट स्पिनरों के खाते में गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (108 गेंद में 79 रन, 11 चौके और 1 छक्का) शीर्ष स्कोरर रहे। अश्विन की तरह 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (18 गेंद में 29 रन), बेन डकेट (27), जो रूट (26) और बेन फोक्स (24) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत को रोहित और जायसवाल ने शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने मार्क वुड पर चौके से खाता खोला। रोहित को 20 रन पर जेम्स एंडरसन की गेंद पर मैदानी अंपायर ने विकेट के पीछे कैच आउट दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद पैड से टकराई थी। जायसवाल ने ऑफ स्पिनर शोएब बशीर का स्वागत 4 गेंद में 3 छक्कों से किया। जायसवाल ने बशीर पर दो चौकों के साथ 56 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 21वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। वह अगली गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में फोक्स के हाथों स्टंप हो गए। रोहित ने भी बशीर की गेंद पर 1 रन से 77 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले कुलदीप ने भारत को वापसी दिलाई। मेहमान टीम ने 175 रन पर 3 विकेट गंवाए। इंग्लैंड का स्कोर 3 पर 175 रन से 6 पर 175 रन हो गया। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में 94 रन जोड़कर 6 विकेट गंवाए। भारत अगर डीआरएस लेता तो कुलदीप को सत्र की दूसरी गेंद पर क्राउली का विकेट मिल जाता। कुलदीप को हालांकि इंतजार नहीं करना पड़ा और उन्होंने ऑफ साइड से तेजी से अंदर की ओर स्पिन होती गेंद पर क्राउली का लेग स्टंप उखाड़ दिया। बेयरस्टो दो छक्के और दो चौके के बाद कुलदीप की गुगली पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे। इस समय टीम का स्कोर 4 पर 175 रन था। जडेजा ने इसके बाद रूट और कुलदीप ने स्टोक्स (0) को पगबाधा किया। इन तीनों ने डीआरएस लिए और तीनों गंवा दिए। अश्विन ने तीन गेंद में टॉम हार्टले (6) और मार्क वुड (0) को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर 8 पर 183 रन किया। चाय के बाद अपने दूसरे ओवर में फोक्स (24) और एंडरसन (0) को 4 गेंद में आउट करके इंग्लैंड की पारी को समेटा। सुबह के सत्र में क्राउली ने अर्धशतक जड़ा और लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 2 विकेट पर 100 रन तक पहुंचाया।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी) 218/10 (57.4 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली बो कुलदीप	79	108	11/1
बेन डकेट का गिल बो कुलदीप	27	58	4/0
ओली पोप स्टं जुरेल बो कुलदीप	11	24	0/0
जो रूट पगबाधा बो जडेजा	26	56	4/0
जॉनी बेयरस्टो का जुरेल बो कुलदीप	29	18	2/2
बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप	00	06	0/0
बेन फोक्स बो अश्विन	24	42	3/0
टॉम हार्टले का पडिक्कल बो अश्विन	06	09	1/0
मार्क वुड का रोहित बो अश्विन	00	02	0/0
शोएब बशीर नाबाद	11	22	2/0
एंडरसन का पडिक्कल बो अश्विन	00	03	0/0

अतिरिक्त: 5, **विकेट पतन:** 1-64, 2-100, 3-137, 4-175, 5-175, 6-175, 7-183, 8-183, 9-218, 10-218, **गेंदबाजी:** बुमराह 13-2-51-0, सिराज 8-1-24-0, अश्विन 11.4-1-51-4, कुलदीप 15-1-72-5, जडेजा 10-2-17-1

भारत (पहली पारी) 135/1 (30 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी स्टं फोक्स बो बशीर	57	58	5/3
रोहित शर्मा नाबाद	52	83	6/2
शुभमन गिल नाबाद	26	39	2/2

अतिरिक्त: 0, **विकेट पतन:** 1-104, **गेंदबाजी:** एंडरसन 4-1-4-0, वुड 3-0-21-0, हार्टले 12-0-46-0, बशीर 11-2-64-1

विमेंस प्रीमियर लीग

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	नेट रन रेट
दिल्ली	5	4	1	8	1.301
मुंबई	6	4	2	8	0.375
बेंगलुरु	6	3	3	6	0.038
यूपी	6	2	4	4	-0.435
गुजरात	5	1	4	2	-1.278

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

मुंबई इंडियंस : 160/6, नेट साइवर-ब्रंट 45, एमेलिया केर 39, हरमनप्रीत कौर 33, संजीवन सजना 22*। **विकेट:** चमारी अटापट्टू 2, राजेश्वरी गायकवाड़ 1, दीप्ति शर्मा 1, साइमा ठाकोर 1

यूपी वॉरियर्स : 118/9, दीप्ति शर्मा 53*, श्वेता सहरावत 17, ग्रेस हैरिस 15, उमा छेत्री 08, किरण नवगिरे 07, पूनम खेमनार 07। **विकेट:** शबनीम इस्माइल 1, साइका इशाक 3, हेली मैथ्यूज 1, पूजा वस्त्रकर 1, नेट साइवर-ब्रंट 2, संजीवन 1

मुंबई इंडियंस ने यूपी वारियर्स को 42 रन से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल में यूपी वारियर्स को 42 रन से हराकर चौथी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने शुरूआती झटकों के बाद 6 विकेट पर 160 रन बनाए। इसका पीछा करने उतरी यूपी ने पांचवें ओवर में 15 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। इन झटकों से टीम उबर नहीं सकी और दीप्ति शर्मा की नाबाद 53 रन की पारी भी काम न आ सकी, जिन्होंने 36 गेंद में 6 चौके और 2 छक्के लगाए। यूपी 9 विकेट पर 118 रन बनाकर हार गई। यह उसकी दूसरी हार है। मुंबई के चौथी जीत से 8 अंक हो गए हैं, जिससे वह शीर्ष पर काबिज दिल्ली के बराबर पहुंच गई है। यूपी का स्कोर 10 ओवर में 4 विकेट पर 42 रन था और उसे 60 गेंद में 119 रन बनाने थे। दीप्ति को छोड़कर उसकी सिर्फ दो खिलाड़ी ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी जिसमें ग्रेस हैरिस ने 15 और श्वेता सेहरावत ने 17 रन बनाए। मुंबई की साइका इशाक सबसे सफल गेंदबाज रहीं जिन्होंने 27 रन देकर 3 विकेट और नैट साइवर ब्रंट ने 2 विकेट लिए। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। लेकिन नैट साइवर ब्रंट (31 गेंद में 45 रन) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (30 गेंद में 33 रन) ने 3 विकेट के लिए 46 गेंद में 59 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। अमेलिया केर ने 23 गेंद में नाबाद 39 रन और संजीवन सजना ने 14 गेंद में नाबाद 22 रन का बनाया। इन दोनों ने अंत में 4.2 ओवर में 43 रन जोड़े। मुंबई ने अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज के विकेट चौथे ओवर तक गंवा दिए थे।

बॉलीवुड हलचल

जया ने बताई सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री जया बच्चन ने सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह बताई है। जया अक्सर अपने बयानों और प्रतिक्रियाओं को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। जया सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करती हैं। जया अपने परिवार की एक मात्र सदस्य हैं, जो सोशल मीडिया से दूर रहती हैं। जया अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में नजर आ रही हैं। नव्या ने शो के प्रोमो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में जया ने कहा कि दुनिया पहले से हमारे परिवार के बारे में काफी कुछ जानती है। इसे हमें शेयर करने की जरूरत नहीं है। जया ने कहा कि जब मैं छोटी थी, तो हमें कॉल बुक करनी पड़ती थी और ये दो तरह की होती थीं, एक नॉर्मल थी, और दूसरी एमरजेंसी थी। यदि आप अपने बॉयफ्रेंड से बात करती हैं, तो ये एक इमरजेंसी कॉल होनी चाहिए।

राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज हो गया है। ये गाना गिरिराज म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। गाने के म्यूजिक वीडियो में तोशी दूबेदी भी नज़र आई हैं। राकेश ने इस गाने को अब तक का सबसे कमाल का गाना बताया है। उन्होंने कहा कि होली सबों के घरों में खुशियों का रंग लेकर आए और इससे पहले होलिका दहन में अपनी बुराइयों को दहन कर देना चाहिए। मैं आग्रह करूंगा कि आप सब भी खुशियों भरी होली के साथ संगीत का आनंद लें और हमारे गाने को खूब एन्जॉय करें। इसे हमने आपके लिए बेहद मेहनत से बनाया है और इस लिए भी उम्मीद है कि आप हमारे गाने को पसंद करेंगे और अपने आशीर्वाद और प्यार से इसे बड़ा बना दें। गाना होली खेले राम लला के गायक राकेश मिश्रा हैं। निर्माता मुकेश गिरी (रंकु) हैं। संगीत छोटू रावत का है और गीतकार रजनीश चौबे हैं। वीडियो डायरेक्टर अलोक सिंह हैं।

रिंकू और काजल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा

मुंबई, एजेंसी। वर्ल्डवाइड सिने फिल्म्स प्रोडक्शन प्रस्तुत और प्रदीप सिंह कृत भोजपुरी फिल्म ननद का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ननद का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह है जबकि फिल्म का निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है। फिल्म ननद के ट्रेलर में अभिनेत्री रिंकू घोष और काजल राघवानी का जलवा देखने को मिल रहा है, वहीं अभिनेता गौरव झा देव सिंह और संजय सिंह भी फिल्म में काफी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रहे हैं। निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमारी फिल्म ननद की कहानी एसके चौहान ने लिखी है। यह कहानी दर्शकों को कहीं ना कहीं अपने से जोड़ने का काम करेगी और भोजपुरी सिनेमा घरों के अंदर महिला दर्शकों को वापस लेकर आएगी। हमने एक बेहतरीन फिल्म का निर्माण करने की कोशिश की है। उम्मीद है कि यह फिल्म सिनेमाघर के साथ-साथ टीवी पर भी इस साल की बड़ी फिल्म साबित हो। फिल्म में सभी कलाकारों ने अपना किरदार बेहद खूबसूरती से निभाया है जो आपको फिल्म के ट्रेलर में एक झलक के तौर पर देखने को मिल सकती है। यदि आपने अब तक ट्रेलर नहीं देखा तो जल्दी से ट्रेलर देख। फिल्म ननद में गौरव झा, काजल राघवानी, रिंकू घोष, देव सिंह, संजय पांडे, प्रेम दुबे, मनोज टाइगर, रितु पांडे, रिंकू भारती मुख्य भूमिका में हैं। लेखक एस.के. चौहान हैं। संगीतकार ओम झा और गीतकार प्यारे लाल यादव, राकेश निराला और शानदार जी हैं। छायांकन मनोज कुमार सिंह का है। संकलन गुरजंट सिंह, नृत्य कानू मुखर्जी और एक्शन अशोक यादव का है। कला रणधीर दास, कॉस्ट्यूम विद्या-विशुन, कार्यकारी निर्माता कमल यादव और निर्माण प्रबंधक राजू रेड्डी हैं।

इंडिया को हंसाएंगे' में धूम मचाएंगे खान ब्रदर्स

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में खान बदर्स अरबाज और सोहैल नजर आएंगे। इस रविवार अनलिमिटेड मैडनेस से भरे एक एपिसोड के साथ, शो में अरबाज़ खान और सोहैल खान का स्वागत किया जाएगा, जो मैडनेस की मालकिन हुमा कुरेशी के साथ जुड़ेंगे और कॉमेडियंस द्वारा पेश किए जाने वाले कुछ अनूठे एक्ट्स का मजा लेंगे। जाने-माने स्टैंड-अप कॉमेडियन और शो के होस्ट, हर्ष गुजराल, बड़े दिलचस्प अंदाज में यह बताएंगे कि बड़े भाई-बहनों के साथ रहने के लिए क्या करना पड़ता है और इसके साथ किस तरह की विचित्रताएं जुड़ी होती हैं। हास्य कलाकार हेमांगी कवि और कुशल बद्रीके ने अपने स्किट साइलेंट बायको के जरिए से वैवाहिक जीवन के उतार-चढ़ाव को हास्यपूर्ण तरीके से पेश किया और अपनी हास्य प्रतिभा के लिए खान ब्रदर्स से तारीफ हासिल की। परितोष त्रिपाठी ने एक स्ट्रगलिंग स्क्रिप्ट राइटर की उलझन को इतने मजेदार ढंग से पेश किया कि गेस्ट्स के पास हंसने के अलावा कोई चारा नहीं था। हेमांगी कवि ने कहा, इसका हिस्सा बनना बेहद खुशी की बात है।

प्रभास और दिशा पटानी ने 'कल्कि 2898 एडी' के लिए किया गाना शूट

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास और बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए इटली में एक विशेष गाना शूट किया है। फिल्म निर्माता नाग अश्विन की आने वाली विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। फिल्म के प्रमुख हिस्से की शूटिंग पहले ही हो चुकी है, फिल्म के मुख्य कलाकार प्रभास, सह-कलाकार दिशा पटानी, निर्देशक नाग अश्विन और निर्माता प्रियंका दत्त के साथ, हाल ही में फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। यह गाना इटली के कैसर्टा में राजसी रॉयल पैलेस ऑफ कैसर्टा में फिल्माया गया था। सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए, टीम 'कल्कि 2898 एडी' ने पूरी टीम और निर्माताओं के साथ प्रभास और दिशा पटानी की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, इटली लो आता पता। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्देशित, 'कल्कि 2898 एडी' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई, 2024 को पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

गंभीर बीमारियों को एनएचपी में दें मान्यता

- जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से किया जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएचपी) के तहत 'पैलिएटिव केयर' (गंभीर बीमारियों का उपचार) मुहैया कराने का प्राधिकारियों को निर्देश देने संबंधी जनहित याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय में पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता जयना कोठारी की इन दलीलों पर गौर किया कि 'पैलिएटिव केयर' को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए और इसे मान्यता दी जाए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'आप इस बात पर परमादेश (एक रिट) चाहते हैं कि पैलिएटिव केयर अनुच्छेद 21 के अंतर्गत आती है।

मुझे नहीं लगता कि आपको यह अनुरोध करने की आवश्यकता है। पैलिएटिव केयर का अधिकार स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अनुच्छेद 21 मानव अस्तित्व के सभी पहलुओं को शामिल करता है। पीठ ने याचिका को उचित बताते हुए केंद्र से आठ सप्ताह में जवाब देने को कहा। उसने केंद्र से देश में पैलिएटिव केयर पर मौजूदा नीति की जानकारी देते हुए एक व्यापक जवाब दाखिल करने को कहा। कोठारी ने कहा कि इस समय देश में एक से दो प्रतिशत रोगियों को पैलिएटिव केयर मिलती है। जनहित याचिका में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए विशेष चिकित्सा देखभाल को पैलिएटिव केयर कहते हैं।

जर्मनी के जजों ने सुप्रीम कोर्ट में देखी कार्यवाही

जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के साथ पीठ साझा की। सीजेआई ने दोपहर में कार्यवाही की शुरुआत में कहा कि हम जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों का स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली आए जर्मन न्यायाधीशों ने पीठ साझा की और न्यायिक कार्यवाही देखी।

प्रधानमंत्री मोदी की बधाई पर शहबाज ने जताया आभार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुनः निर्वाचित होने पर बधाई के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

धांधली के आरोपों के बीच चुनाव के करीब एक महीने बाद उन्होंने आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की बागडोर दूसरी बार संभाली है। शहबाज ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देने के लिए नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शहबाज को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई।

कैश ट्रांजेक्शन के नियम जानें नहीं तो मिलेगा आयकर नोटिस

अक्सर लोग टैक्स बचाने के लिए नकद में लेनदेन करते हैं। उन्हें लगता है कि आयकर विभाग को पता नहीं चलेगा लेकिन ऐसा नहीं है। बड़े कैश ट्रांजेक्शन हमेशा आयकर विभाग की नजरों में रहते हैं। किसी भी गलत लेनदेन पर इनकम टैक्स का नोटिस आ सकता है। आईए जानते हैं इसके के नियमों के बारे में...

फिक्स्ड डिपॉजिट

जिस तरह बैंक खाते में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से ज्यादा पैसे जमा करने पर सवाल उठता है, वैसा ही एफडी के साथ भी होता है। अगर आप एक या एक से अधिक एफडी में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से अधिक जमा करेंगे तो कोई शक होने पर आयकर विभाग आपसे पैसों के स्रोत को लेकर सवाल पूछ सकता है।

बड़ी प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन

अगर आपने कोई प्रॉपर्टी खरीदते वक्त 30 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश ट्रांजेक्शन कर दिया है तो प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार इस बारे में आयकर विभाग को सूचना जरूर देगा। ऐसे में इतने बड़े ट्रांजेक्शन की वजह से आयकर विभाग पूछ सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान

अगर आपके क्रेडिट कार्ड का बिल 1 लाख रुपये या उससे अधिक हो जाता है और आप कैश में उसका भुगतान करते हैं तो भी आपसे पूछा जा सकता है कि पैसों का स्रोत क्या है। वहीं अगर किसी वित्त वर्ष में आप 10 लाख रुपये या उससे अधिक का भुगतान किसी भी तरीके से करते हैं तो आपसे आयकर विभाग सवाल कर सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

बैंक खाते में कैश जमा करना

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के नियम के अनुसार अगर एक वित्त वर्ष में कोई 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा कैश जमा करता है तो इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाती है। यह पैसे एक या एक से अधिक खातों में जमा किए गए हो सकते हैं। अब क्योंकि आप तय सीमा से अधिक पैसे जमा कर रहे हैं तो आयकर विभाग आपसे इन पैसों के स्रोत के बारे में पूछ सकता है।

शेयर, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदना

अगर शेयर, म्यूचुअल फंड, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदने में बड़ी मात्रा में कैश का इस्तेमाल होगा, तो इससे भी आयकर विभाग सचेत हो जाता है। अगर कोई शख्स 10 लाख रुपये या उससे अधिक का ट्रांजेक्शन करता है तो इसकी जानकारी आयकर विभाग तक पहुंच जाती है। ऐसे में आयकर विभाग आपसे पूछ सकता है कि आप कैश कहां से लाए।

एक नजर

मिजोरम: 9.6 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

आइजोल। असम राइफल्स के जवानों ने मिजोरम के चंपई जिले में 9.6 करोड़ रुपये की 1.3 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जबकि म्यांमार के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। अर्द्धसैन्य बल के अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने मंगलवार को मिजोरम-म्यांमा सीमा के पास स्थित जिले के जोखावथर गांव में तलाशी अभियान चलाया और तस्कर के कब्जे से मादक पदार्थ जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। असम राइफल्स के अधिकारी ने कहा कि उन्होंने साबुन की पेटियों से मादक पदार्थ बरामद किया और म्यांमा के 35 वर्षीय नागरिक को गिरफ्तार कर लिया।

नाइजीरिया: आतंकियों ने बच्चों समेत 200 का किया अपहरण

अबूजा। नाइजीरिया में हिंसा के कारण विस्थापित हुए 200 लोगों को चाड से लगी सीमा के निकट जलावन लकड़ी तलाश करते समय इस्लामी चरमपंथियों ने अगवा कर लिया। नाइजीरिया में स्थित संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि अगवा किए गए लोगों में अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। पीड़ित बोर्नो राज्य के गैंबोरू नगाला परिषद क्षेत्र में जलावन लकड़ी की तलाश में कई विस्थापन शिविरों से निकले थे, तभी उन पर घात लगाकर हमला करके बंधक बना लिया गया।

नेपाल: महाशिवरात्रि से पहले साधु-संतों ने निकाली शिव बारात

काठमांडू। देवों के देव महादेव शिव शंकर के विवाह को लेकर मनाया जाने वाला पर्व महाशिवरात्रि आज मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले गुरुवार को नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में साधु-संतों ने शिव बारात निकाली। बता दें कि महाशिवरात्रि में श्रद्धालु उपवास, अनुष्ठान और प्रार्थना करके भगवान शिव को फल, फूल और दूध चढ़ाते हैं।

पोलैंड: किसानों ने यूक्रेन से अनाज आयात के खिलाफ किया हाईवे जाम

वारसों। पोलैंड में बुधवार को किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। युक्रेन से अनाज आयात और यूरोपीय संघ की नीतियों के खिलाफ किसानों के समर्थन में छात्र और आम लोग भी उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी बारसों में प्रधानमंत्री आवास की घेराबंदी कर दी है। किसानों के ट्रैक्टरों के साथ पहुंचने से वारसों की ओर जाने वाला हाइवे जाम हो गया। इस बीच, कई जगह पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच झड़पें हुई हैं। उग्र प्रदर्शनकारियों ने यूरोपीय संघ का झंडा भी जला दिया।

सीमा पर समझौतों का उल्लंघन कर रहा चीन

जापान में विदेश मंत्री बोले- हिंद प्रशांत क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन से भविष्य में होगा गंभीर असर

टोक्यो, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है और सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। जयशंकर ने कहा कि चीन लिखित समझौते का उल्लंघन कर रहा है, जिसकी वजह से ही दोनों देशों के सैनिकों में 2020 में हिंसक झड़प हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में रायसीना राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए। इस दौरान वैश्विक ऑर्डर में आ रहे बदलाव पर उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन हो रहा है और जब क्षमताओं, प्रभाव और महत्वकांक्षाओं में बड़ा बदलाव होता है तो इसका रणनीतिक स्तर पर गंभीर असर होता है।

जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि 'अब आप इसे पसंद करें या नहीं, लेकिन यही सच्चाई है और आपको इससे डील करना पड़ेगा। चीजें बदल रही हैं और सभी को कोशिश करनी चाहिए कि चीजों को जितना हो सकते स्थायी रखा जाए। हालांकि बीते एक दशक में ऐसा नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए चीन के साथ हमारी 1975 से 2020 तक, करीब 45 वर्षों तक कोई हिंसक झड़प नहीं हुई, लेकिन 2020 में ये बदल गया।'

टोक्यो में गुरुवार को अपने जापानी समकक्ष को भारतीय निर्मित उपहार भेंट करते जयशंकर।

विदेश मंत्री ने कहा कि 'हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन देशों को अपने पड़ोसी देशों के साथ लिखित समझौतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और आपने किया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों और स्थायित्व और सच पूछिए तो आपकी नीयत पर सवालिया निशान लगता है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने टोक्यो में ओआरएफ द्वारा रायसीना राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नए भारत के साथ लोगों की मानसिकता में भी बदलाव आ रहा है।

भारत पर बुरी नजर डालने वालों को मुंहतोड़ जवाब देगी भारतीय सेना : रक्षा मंत्री राजनाथ

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद और सीमा पार आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत हमेशा से एक शांतिप्रिय देश रहा है, लेकिन बुरे इरादे या शत्रुता का भाव रखने वाले को छोड़ेगा नहीं।

देश के दुश्मनों को सख्त हिदायत देते हुए राजनाथ सिंह ने बंद शब्दों में कहा कि अगर कोई भारत पर बुरी नजर डालेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सेना तैयार है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ और हिंद महासागर में चीनी सैन्य आक्रमण पर रक्षा मंत्री ने चिंता जाहिर की है। रक्षा क्षेत्र में सेना के आत्मनिर्भर बनने के कदम पर राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एक नई ऊर्जा के साथ काम किया गया है। जिसके चलते भारत एक मजबूत और वैश्विक मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में सामने आया है। एक निजी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा तंत्र पहले के मुकाबले आज ज्यादा मजबूत है क्योंकि मोदी सरकार इससे भारतीयता की भावना के साथ मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वर्तमान और विगत की केंद्र सरकारों के बीच अंतर करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार भारत के लोगों की क्षमताओं में दृढ़ता से विश्वास करती है, लेकिन पहले सत्ता में रहने वाले लोग भारतीयों की क्षमताओं पर विश्वास नहीं करते थे। राजनाथ ने कहा कि हम सैनिकों का मनोबल ऊंचा रखने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत पर बुरी नजर डालने वाले किसी भी व्यक्ति को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सक्षम हैं।

महाशिवरात्रि मनाने भारत से पाकिस्तान पहुंचे 62 हिंदू भक्त

- वाघा सीमा के रास्ते लाहौर पहुंचे श्रद्धालु 12 मार्च को लौटेंगे भारत

लाहौर। पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए 62 हिंदू बुधवार को वाघा सीमा के रास्ते भारत से लाहौर पहुंचे है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए कुल 62 हिंदू तीर्थयात्री बुधवार को भारत से लाहौर पहुंचे।

आमिर हाशमी ने कहा कि ईटीपीबी द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि का मुख्य समारोह नौ मार्च को लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वाघा में धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद सलीम ने विश्वनाथ बजाज के नेतृत्व में आए हिंदुओं का स्वागत किया। तीर्थयात्री 11 मार्च को वे कृष्ण मंदिर, लाहौर किला और लाहौर के अन्य ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करेंगे। वे 12 मार्च को भारत लौटेंगे।

भारत-पाकिस्तान में हों सार्थक-शांतिपूर्ण संबंध: अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि वाशिंगटन कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच "उत्पादक और शांतिपूर्ण वार्ता का स्वागत करेगा, लेकिन किसी भी तरह की बातचीत की रफ्तार क्या होगी, उसकी गुंजाइश क्या होगी और बातचीत का आधार क्या होगा, ये भारत और पाकिस्तान के बीच तय करने का मामला है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ लेने पर बधाई देने पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। यानि, अमेरिका ने साफ शब्दों में कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच आने से इनकार कर दिया है, जो पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि वो लगातार इस कोशिश में लगा था, कि अमेरिका, कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाए, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को नकारता है। मिलर ने कहा, हम, निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हैं।

नवाज शरीफ के दोनों बेटों का गिरफ्तारी वारंट 14 मार्च तक निलंबित

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के तीन बार पीएम रह चुके नवाज शरीफ के दोनों बेटों को जवाबदेही कोर्ट से राहत मिली है। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। फैसले के अनुसार वारंट 14 मार्च तक निलंबित कर दिए गए हैं। भाइयों के वारंट सात साल पहले जारी किए गए थे, जब अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया था।

हुसैन नवाज और हसन नवाज ने अपने वकील काजी मिस्बाहुल हसन के माध्यम से इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत में इसे लेकर एक आवेदन दायर किया था। इसमें एवेनफील्ड अपार्टमेंट, अल-अजीजिया और फ्लैगशिप इन्वेस्टमेंट संदर्भों में जारी किए गए उनके स्थायी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने की मांग की गई थी। जवाबदेही न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने हुसैन और हसन नवाज के आवेदनों पर सुनवाई की।

इजराइल-हमास युद्ध में मारे गए भारतीय का शव स्वदेश आएगा

- इजराइल-हमास जंग में केरल के रहने वाले मैक्सवेल की लेबनान सीमा पर हुई थी मौत

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल-हमास जंग लगभग पांच महीने से जारी है। युद्ध में अब तक लगभग 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। पड़ोसी देश लेबनान भी लगातार इजराइल को निशाना बना रहा है। लेबनान से दागी गई एंटी टैंक मिसाइल से भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी, जिसका पार्थिव शरीर गुरुवार शाम को भारत भेजा जाएगा। अधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी।

केरल के रहने वाले मैक्सवेल की मौत तब हो गई जब सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक टैंक रोधी मिसाइल ने इजराइल के उत्तर में गैलील क्षेत्र में मोशाव मार्गालियट के एक बागान पर हमला कर दिया। अस्पताल में उनके शव की पहचान की गई। इस घटना में सात अन्य कर्मचारी घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, चेहरे और शरीर पर चोट लगने के बाद घायल जॉर्ज को पेटा टिकवा के बेलिन्सन अस्पताल ले जाया गया। उनका ऑपरेशन किया गया, उनकी हालत में सुधार हो रहा है और उन्हें निगरानी में रखा गया है।

वह भारत में अपने परिवार से बात कर सकते हैं। तेल अवीव में भारत ने घातक हमले के एक दिन बाद मंगलवार को एक महत्वपूर्ण सलाह जारी कर अपने नागरिकों से देश में सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने का आग्रह किया।

रोमांच में जाम बना बाधा...



मनाली : बर्फ के रोमांच में यातायात जाम बाधा बन रहा है। हिमपात के बाद मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। गुरुवार को पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के पलचान क्षेत्र में भारी जाम लगा रहा। मनाली से 12 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग तीन घंटे से अधिक समय लग रहा है। सड़कों पर यातायात दबाव बढ़ने से वाहन घंटों रेंगते रहे। मनाली शहर से अटल टनल, वामतट मार्ग, कुल्लू-मनाली हाईवे और हिडिंबा मंदिर जाने वाली सड़क पर चक्का जाम हो गया। जाम ने सैलानियों के रोमांच का मजा किरकिरा कर दिया। ● एजेंसी

विज्ञान वैज्ञानिकों ने कहा, नई खोज में युवा तारों के आसपास हो रहा है ग्रहों का जन्म, लघु आकाशगंगा की तरह आते हैं नजर

ग्रहों के जन्म को लेकर वेरी लार्ज टेलीस्कोप की नई खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने ग्रहों के जन्म की अद्भुत तस्वीरे कैद की हैं। यह खोज ग्रहों के निर्माण के अध्ययन में नई दिशा प्रदान करेगी। चिली स्थित वेरी लार्ज टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हो पाई है। ग्रहों के जन्म को लेकर एक हद तक जानकारियां है, लेकिन अभी भी अनेक गूढ़ रहस्यों को समझना बाकी है। जिसके चलते वैज्ञानिकों का अध्ययन इस दिशा में उर्वरत जारी है।

अलबत्ता अब जो जानकारी मिली है, वह वैज्ञानिकों की अब तक की खोज से कुछ हटकर नजर आती है। जिसके चलते इस खोज को अहम माना जा रहा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई खोज में युवा तारों के आसपास ग्रहों का जन्म हो रहा है। नई तस्वीरें लघु आकाशगंगाओं की तरह दिखती हैं। मगर वास्तव मे मलवे के ढेर हैं। जिनका आकार आकाशगंगाओं की तरह नजर आता है। जिनमें धूल की मोटी परते शामिल होने के कारण इनके आकार बदलते रहते हैं। इस तरह की तस्वीरें पहले नही देखी गई थी और यही वजह है कि ये खगोलविदों के अध्ययन को नई राह व दिशा देती है। इससे बड़ी बात यह है कि यह खोज ग्रहों के जन्म की तस्वीर काफी हद तक साफ कर देगी। दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीनों से एक समय मे ली गई तस्वीरों का अभी तक का सबसे विशाल संग्रह है। जिसमें 80 से अधिक युवा सितारों और उनके ग्रह निर्माण के बाहरी आवरण यानी फ्रेम शामिल हैं। आयरलैंड स्थित गॉलवे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

डॉ. क्रिश्चियन गिंस्की ने बयान दिया है कि यह वास्तव में हमारे अध्ययन के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव है। अब हम अलग-अलग तारा प्रणालियों के गहन अध्ययन से लेकर संपूर्ण तारा-निर्माण क्षेत्रों के इस विशाल समूह के अवलोकन तक पहुंच गए हैं। यह युवा तारे और उनके नवोदित ग्रह आकाशगंगा में तीन प्रमुख तारा-निर्माण क्षेत्रों से आते हैं।

कुछ वृषभ यानी गिरगिट तारामंडल में गैस बादलों में रहते हैं, जो पृथ्वी से लगभग 600 प्रकाश-वर्ष दूर स्थित हैं, जबकि दूसरे लगभग 1600 प्रकाश वर्ष दूर ओरियन गैस के बादल से आते हैं।



ग्रहों के जन्म की नई तस्वीरें।

5 हजार से अधिक बाहरी ग्रहों की हो चुकी है खोज

बाहरी ग्रहों की खोज के क्षेत्र में मानव एक लंबा मार्ग तय कर चुका है। 1990 के दशक से अब तक अंतरिक्ष व पृथ्वी आधारित दूरबीनों द्वारा 5000 से अधिक एक्सोप्लैनेट यानी बाहरी ग्रहों को खोजा जा चुका है, जो अपने सूर्य की परिक्रमा करते हैं। जिससे यह पता चलता है कि कुछ ग्रह प्रणालियां हमारे सौर मंडल से बिल्कुल अलग दिखती हैं। इसलिए खगोलविद अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से कारक हैं, जो ग्रह-निर्माण के परिणामों को प्रभावित करते हैं। ज्ञातव्य हो कि जिन क्षेत्रों में तारे बनते हैं, वे न केवल दूर हैं, बल्कि आमतौर पर धूल से भी ढके रहते हैं। वैज्ञानिक ऐसी कई खोजों को लेकर हमेशा अग्रसर रहते हैं।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत को मिला पहला सिख मंत्री

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पहली बार किसी सिख को मंत्री बनाया गया है। तीसरी बार असेंबली सदस्य चुने गए सरदार रमेश सिंह अरोड़ा ने गुरुवार को मंत्री पद की शपथ ली। विभाजन के बाद पाकिस्तान में पहली बार एक सिख को पंजाब प्रांत के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

पंजाब में मुख्यमंत्री मरयम नवाज शरीफ की कैबिनेट में अरोड़ा को अल्पसंख्यक विभाग आवंटित किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की अगुआई वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) से संबंधित अरोड़ा आठ फरवरी को हुए चुनाव में तीसरी बार प्रांतीय असेंबली के लिए चुने गए हैं। पंजाब के ईसाई अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले खलील ताहिर सिंधू को भी पंजाब मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- बोलीं- वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो उद्देश्य, वही भारत का भी

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो समग्र उद्देश्य है, भारत की भी वही प्राथमिकताएं हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई, जिसमें भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि 'युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने की जरूरत है क्योंकि इसका सीधा असर हम पर होता है।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमारा उद्देश्य अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा और स्थायित्व स्थापित करना है। वैश्विक समुदाय के अफगानिस्तान को लेकर उद्देश्य हैं, वही भारत की प्राथमिकताएं हैं। जिनमें आतंकवाद से निपटना, समावेशी सरकार का गठन, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, नशे के खिलाफ लड़ाई और मानवीय मदद देना शामिल है। 18-19 फरवरी को कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस, भारत, कनाडा, चीन और जर्मनी, पाकिस्तान, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल हुए। कंबोज ने कहा कि भारत ने इस बैठक में पूरी सक्रियता से हिस्सा लिया।